


# आदिवासी एक्सप्रेस

आमजन का एक मात्र हिंदी दैनिक अखबार

रांची, शनिवार
03 मई 2025
वर्षः 38, अंकः 151
पृष्ठः 12, मूल्यः 3रु
RNI NO.: 49065/1989
DAVP CODE: 130961



कारोबार

जीएसटी संग्रह में वृद्धि भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का प्रतीकः सीतारमण



देश

हंसराज हंस गुरु काशी विश्वविद्यालय में सूफी और लोक संगीत विरासत पीठ के अध्यक्ष नियुक्त किए गए



हज़ारीबाग

हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के पहल पर 1200 महिलाओं को दी गई पोषण किट.....


## हम सरकार को जवाबदेह ठहराने में दिन-रात एक कर देंगेः कांग्रेस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'कई लोगों की रातों की नींद हराम हो जाएगी वाले बयान के लिए पलटवार किया। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि विपक्षी दल पहलगाम आतंकवादी हमले और जाति जनगणना जैसे मुद्दों के लिए सरकार को जवाबदेह ठहराता रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर की मौजूदगी में अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उद्घाटन के मौके पर उनकी (दोनों नेताओं की) मौजूदगी से कई लोगों की रातों की नींद हराम हो जाएगी।
इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के बाद भी, हमारी सरकार वास्तविक खतरे 'पाकिस्तान का सामना करने के बजाय विपक्षी नेताओं की नींद में खलल डालने पर अड़े हुए हैं। सरकार अदाणी को खुश करने में लगी है। उन्होंने कहा, जब सरकार ध्यान भटकाने में व्यस्त रहेगी, तब हम उसे जवाबदेह ठहराने में दिन-रात एक कर देंगे। कांग्रेस नेता ने कहा, हम आप पर जाति जनगणना के लिए समयसीमा निर्धारित करने, आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाने तथा अंततः पाकिस्तान को वह मजबूत, निर्णायक जवाब देने के लिए लगातार दबाव डालेंगे जिसका वह हकदार है।

## आंध्र प्रदेश एक जनवरी 2026 को 'क्वांटम वैली' राष्ट्र को समर्पित करेगाः मुख्यमंत्री नायडू



**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को कहा कि राज्य एक जनवरी, 2026 को ''क्वांटम वैली'' राष्ट्र को समर्पित करेगा। मुख्यमंत्री ने उंडावल्ली स्थित अपने आवास पर इंटरनेशनल बिजनेस मशीन कॉर्पोरेशन (आईबीएम), टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और एलएंडटी के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य अमरावती में भारत का ''सबसे उन्नत और अपनी तरह का पहला क्वांटम वैली टेक पार्क'' स्थापित करना है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, ''भारत के तकनीकी भविष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने आज घोषणा की कि राज्य की अग्रणी क्वांटम वैली एक जनवरी, 2026 को राष्ट्र को समर्पित की जाएगी।'' क्वांटम वैली टेक पार्क का संचालन आईबीएम के अत्याधुनिक ''156-क्यूबिट क्वांटम सिस्टम टू'' द्वारा किया जाएगा, जो देश में स्थापित होने वाला सबसे बड़ा ''क्वांटम कंप्यूटिंग सिस्टम'' बन सकता है।

## 4 मई को फिट इंडिया संडे ऑन साइकल कार्यक्रम में शामिल होंगे मांडविया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया 4 मई को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित होने वाले फिट इंडिया संडे ऑन साइकल के विशेष संस्करण साइकलिंग विद टीचर्स में हिस्सा लेने वाले है। यह आयोजन देश भर के शिक्षकों, कोचों और शैक्षणिक मार्गदर्शकों के साथ किया जा रहा है, जो ÷फाइट ओबेसिटी अभियान का हिस्सा है। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत चल रही यह पहल मोटापे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और फिटनेस महत्व देने में अहम भूमिका निभा रही है। दिसंबर 2024 से शुरू हुई राष्ट्रव्यापी साइकलिंग मुहिम में अब तक 5,000 से अधिक स्थानों पर दो लाख से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले चुके हैं। इस पहल की सराहना हाल ही में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भी की। सात्विक ने कहा, आजकल लोग ज्यादा मोटरसाइकिल चलाते हैं, साइकल नहीं। ऐसे में यह मूवमेंट बहुत जरूरी है। मैं हाल ही में हैदराबाद गया और एक बच्चे की साइकल लेकर घूमने चला गया! इस रविवार सुबह 7 बजे से शुरू होने वाले आयोजन में सांसद और लोकप्रिय भोजपुरी अभिनेता-गायक मनोज तिवारी भी उपस्थित रहने वाले है। इसके अलावा हाल ही में केवल 12 दिनों में माउंट अन्नपूर्णा (8,091 मीटर) फतह करने वाले पर्वतारोही नरेंद्र कुमार भी आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे। मोटापे के बढ़ते संकट को भांपते हुए खेल मंत्रालय अपने फिट इंडिया अभियान को जन आंदोलन बनाने की कोशिश कर रहा है। इसके तहत मंत्रालय ने संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम शुरू किया है। इसमें लगातार युवा और लोग जुड़ रहे हैं। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया भी खुद हर रविवार को इस साइकिल अभियान का हिस्सा बनते हैं।

# 'पहलगाम हमले पर मोदी सरकार की नीति स्पष्ट नहीं'

## CWC बैठक के बाद केंद्र पर खड़गे का निशाना

- कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे ने पहलगाम हमले पर मोदी सरकार की स्पष्ट नीति के अभाव की आलोचना की। उन्होंने जाति जनगणना की मांग स्वीकार करने के सरकार के समय पर सवाल उठाए और राहुल गांधी को बधाई दी। कांग्रेस ने सरकार से जवाबदेही और त्वरित कार्रवाई की मांग की है।



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था सीडब्ल्यूसी शुक्रवार शाम को पहलगाम आतंकी हमले और केंद्र द्वारा घोषित जाति जनगणना से उत्पन्न स्थिति को लेकर बड़ी बैठक की। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बड़ा बयान सामने आया है। खड़गे ने साफ तौर पर कहा है कि पहलगाम हमले पर को लेकर मोदी सरकार की नीति स्पष्ट नहीं है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद 24 अप्रैल को CWC की तत्काल बैठक हुई थी। उसमें हमने संकल्प पास कर आतंकवाद के खिलाफ़ लड़ाई में और आतंकवादीयों को सबक सिखाने में सरकार को सभी संभव सहयोग देने की बात कही थी। खड़गे ने आगे लिखा कि पर इस घटना के कई दिन बाद भी सरकार की तरफ़ से कोई स्पष्ट रणनीति सामने नहीं आई है। राहुल गांधी जी ने कानपुर में शुभम द्विवेदी के परिवारजनों से मुलाकात की और सरकार से मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा और सम्मान देने की माँग की है। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता और खुशहाली की राह में जो भी चुनौती बनकर आएगा, उसके ख़िलाफ़ हम एक होकर सख्ती से निपटेंगे। पूरा विपक्ष इस मसले पर सरकार के साथ है। हमने पूरी दुनिया को यही संदेश दिया है।
वहीं, जाति जनगणना को लेकर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने फिर साबित किया है कि हम अगर सच्चाई से लोगों के मुद्दों को उठाते हैं तो सरकार को झुकना ही पड़ता है। भूमि अधिग्रहण संशोधन विधेयक से लेकर तीन काले किसान क़ानून के वापसी के बाद जाति जनगणना भी इस कड़ी में शामिल हो गयी है, जिसमें एक हठी सरकार को एक बार फिर से झुकना पड़ा है। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना की सालों पुरानी हमारी मांग को सरकार ने माना, पर जो समय चुना गया उससे हमें आश्चर्य के साथ हैरानी भी हुई। जिस भाषा और भाव के साथ कई बातें कही गयीं, उसको लेकर भी कई संदेह हमारे दिल में पैदा हुए हैं।
खड़गे ने कहा कि जब 16 अप्रैल, 2023 को मैने प्रधानमंत्रीजी को चिट्ठी लिखकर इस बारे में माँग की थी तो सरकार इसके बिल्कुल ख़िलाफ़ थी। फिर अचानक हृदय परिवर्तन कैसे हुआ! हम यह कहेंगे कि हमारी बात देर से ही सही उनकी समझ में आई, इस बात की हमें ख़ुशी है। पुरानी कहावत है देर आए दुरुस्त आए। उन्होंने कहा कि संसद के भीतर और बाहर लगातार राहुलजी ने अपने हर भाषण में इसकी माँग रखी। हमारे सभी साथियों ने इस बात को आगे बढाया। इसलिए मैं आप सभी को इसकी बधाई देता हूं। लेकिन यह हमारे लिए यह किसी जीत-हार या राजनीति का मुद्दा नहीं है।

## आंधी-बारिश और बिजली गिरने से 10 की मौत




- मप्र में अगले 4 दिन बारिश, ओले भी गिरेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देशभर में मौसम ने करवट ली है। दिल्ली-एनसीआर, यूपी और छत्तीसगढ़ में गुरुवार रात आंधी-बारिश और बिजली-पेड़ गिरने की घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली, उत्तर प्रदेश में 4-4 और छत्तीसगढ़ में 2 लोगों ने जान गंवाई है। दिल्ली-एनसीआर से अभी भी तेज हवाएं और धूल भरी आंधी चल रही है। यहां निचले इलाकों में जलभराव हो गया है। दिल्ली एयरपोर्ट से 100 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले हो गई हैं। 3 को डायवर्ट भी करना पड़ा। साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) के एक्टिव होने से मध्यप्रदेश में ओले-बारिश का दौर जारी है। पिछले 6 दिन प्रदेश के आधे हिस्से में मौसम बदला हुआ है। कहीं तेज आंधी-बारिश हो रही है तो कहीं ओले भी गिर रहे हैं। ग्वालियर में भिंड में शुक्रवार सुबह से तेज हवा के साथ बारिश हुई। बारिश का दौर सुबह करीब 6:30 बजे से शुरू हुआ। इसके चलते शहर की बिजली बंद हुई। हालांकि, सुबह के समय होने वाली बारिश से तापमान भी कम हुआ है। इसके साथ ही मुरैना में भी तेज बारिश हुई। ग्वालियर में भी हल्की बरसात हुई। इससे पहले, गुरुवार को भी डिंडौरी में तेज बारिश हुई। करीब 25 से ज्यादा जिलों में मौसम बदला रहा।

## आंध्र प्रदेश को विकसित भारत का बनाएंगे ग्रोथ इंजनः प्रधानमंत्री

- प्रधानमंत्री 21 जून को आंध्र प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल



**अमरावती/नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के अमरावती में 58 हजार करोड़ रुपये की सड़क, रक्षा, रेलवे और औद्योगिक अवसंरचना के विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं आंध्र प्रदेश की आकांक्षाओं और विकसित भारत की आशाओं का मजबूत आधार हैं।
आंध्र प्रदेश के लोगों को बधाई देने के लिए तेलुगु में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अमरावती सिर्फ़ एक शहर नहीं है बल्कि यह एक शक्ति है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि शुरू की गई परियोजनाएं आंध्र प्रदेश की महत्वाकांक्षाओं और विकसित भारत के व्यापक दृष्टिकोण दोनों के लिए एक मज़बूत नींव रखेंगी। स्वर्ण आंध्र विकसित भारत की राह को मजबूत करेगा और अमरावती स्वर्ण आंध्र के विजन को ऊर्जा देगी। अमरावती एक ऐसा शहर बनने जा रहा है जहां युवाओं के सपने पूरे होंगे। अमरावती सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, हरित ऊर्जा, स्वच्छ उद्योग, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में एक अग्रणी शहर के रूप में उभरेगा। केंद्र सरकार इन क्षेत्रों के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार को सभी प्रकार की सहायता प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री ने संयुक्त आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नंदमुरी तारक रामाराव को याद करते हुए कहा कि एनटीआर गारु ने एक जीवंत और विकसित आंध्र प्रदेश का सपना देखा था। हमें मिलकर अमरावती और आंध्र प्रदेश को विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बनाना है। एनटीआर गारु के सपने को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने अपने भौतिक, डिजिटल और सामाजिक बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष बल दिया है। भारत आज दुनिया के उन देशों में शामिल है जहां का इंफ्रास्ट्रक्चर तेज गति से आधुनिक हो रहा है। इसका फायदा आंध्र प्रदेश को भी मिल रहा है। आज भी राज्य में हजारों करोड़ रुपये की रेल और सड़क परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ है।
प्रधानमंत्री ने दुनिया के विकसित देशों में रेलवे की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने रेलवे में उल्लेखनीय परिवर्तन किए हैं। सरकार ने रेलवे के लिए रिकॉर्ड धनराशि आवंटित की है। वर्ष 2009 से 2014 के बीच आंध्र प्रदेश और तेलंगाना का संयुक्त रेल बजट 900 करोड़ रुपये से भी कम था। इसके विपरीत आज अकेले आंध्र प्रदेश का मौजूदा रेल बजट 9,000 करोड़ रुपये से भी अधिक है जो कि दस गुना से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि आज भारत की ताकत केवल हथियार ही नहीं हैं बल्कि हमारी एकता भी है।

## आतंकवाद वैश्विक चुनौती, लोकतांत्रिक देश एकजुटता से करें साझी कार्रवाई : बिरला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आतंकवाद को राष्ट्रीय सीमाओं से परे वैश्विक चुनौती बताते हुए आज कहा कि इस समस्या को समाप्त करने के लिए शांति, सुरक्षा और विधि के शासन के प्रति साझी प्रतिबद्धता वाले सभी लोकतांत्रिक देशों को एकजुट होकर निर्णायक कार्रवाई करनी होगी। श्री बिरला ने ये टिप्पणी आज संसद भवन परिसर में जापान के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के स्पीकर नुकागा फुकुशिरो के नेतृत्व में भारत यात्रा पर आए जापानी संसदीय शिष्टमंडल के साथ अपनी बैठक के दौरान की। श्री बिरला ने कहा कि आतंकवाद का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने और लोकतांत्रिक देशों के मूलभूत मूल्यों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के सम्मान और परस्पर विश्वास की भावना के साथ सामूहिक और कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।
जापानी संसद के स्पीकर श्री नुकागा फुकुशिरो ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लड़ाई में जापान के समर्थन की पुष्टि की। श्री बिरला ने पहलगाम आतंकवादी हमले के मामले में भारत के साथ खड़े रहने के लिए जापान के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में, भारत और जापान की मित्रता विश्व में शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। श्री बिरला ने क्वाड, जी-20 और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भारत और जापान के बीच साझेदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों के बारे में हमारी चिंताएँ और दृष्टिकोण एक समान है। श्री बिरला ने आगे कहा कि परस्पर सहयोग पर आधारित हमारे संबंध दोनों देशों के परस्पर लाभ और प्रगति के साथ ही इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि बदलते परिप्रेक्ष्य में इस मित्रता ने रणनीतिक और वैश्विक सहयोग का रूप ले लिया है।
लोकसभा अध्यक्ष ने इस बात का उल्लेख किया कि भारत और जापान के बीच मित्रता सभ्यतागत संपर्कों, बौद्ध धर्म की साझी विरासत और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति साझी प्रतिबद्धता पर आधारित है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि हर साल बड़ी संख्या में जापानी पर्यटक और तीर्थयात्री भारत आते हैं और बौद्ध धर्म से जुड़े स्थानों की यात्रा करते हैं, जिससे दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध और मजबूत हो रहे हैं।
श्री बिरला ने भारत के 50 हजार से अधिक कुशल कर्मियों को जापान में विभिन्न क्षेत्रों में अवसर प्रदान किए जाने के जापान के प्रस्ताव का भी स्वागत किया। उन्होंने जापान में भारतीय छात्रों को अधिक अवसर प्रदान किए जाने की सराहना करते हुए भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग के आश्वासन के लिए जापान का आभार व्यक्त किया।

## बुजुर्ग अतीत की कड़ी और भविष्य के मार्गदर्शक होते हैं : मुर्मु



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुजुर्गों को अतीत की कड़ी और भविष्य का मार्गदर्शक बताते हुए कहा है कि सभी को उनके मार्गदर्शन को महत्व देकर उनके बहुमूल्य सानिध्य का आनंद लेना चाहिए। श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए पहल-'सम्मान के साथ वृद्धावस्था' नामक कार्यक्रम में भाग लिया। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल का शुभारंभ, वरिष्ठ नागरिक के लिए आवासों का वर्चुअल उद्घाटन, सहायक उपकरणों का वितरण और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा ब्रह्माकुमारी संगठन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। आमतौर पर परिवारों में देखा जाता है कि बच्चे अपने दादा-दादी के साथ बहुत सहज होते हैं। बुजुर्ग परिवार के लिए भावनात्मक स्तंभ की तरह काम करते हैं। जब बुजुर्ग अपने परिवार को फलते-फूलते देखते हैं तो वे भी शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक और भागदौड़ भरी जिंदगी में वरिष्ठ नागरिकों का सहयोग, प्रेरणा और मार्गदर्शन युवा पीढ़ी के लिए बेहद जरूरी है। वरिष्ठ नागरिकों के पास जो अनुभव और ज्ञान है, वह युवा पीढ़ी को जटिल चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकता है।
उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था आध्यात्मिक रूप से खुद को सशक्त बनाने, अपने जीवन और कार्यों का विश्लेषण करने तथा सार्थक जीवन जीने का भी एक चरण है। आध्यात्मिक रूप से सशक्त वरिष्ठ नागरिक देश और समाज को अधिक समृद्धि तथा प्रगति की ओर ले जा सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा, बुजुर्ग अतीत की कड़ी होते हैं और भविष्य के मार्गदर्शक भी होते हैं। एक राष्ट्र के रूप में यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम सुनिश्चित करें कि हमारे वरिष्ठ नागरिक अपना बुढ़ापा गरिमा और सक्रियता के साथ जिएं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बना रही है ताकि वे जीवन के सभी पहलुओं में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। उन्होंने सभी नागरिकों से बुजुर्गों की खुशी और भलाई के लिए खुद को प्रतिबद्ध करने, उनके मार्गदर्शन को महत्व देने और उनकी बहुमूल्य संगति का आनंद लेने का आग्रह किया।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला ने गुस्से में आकर कीटनाशक दवा खा लिया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक विवाहित महिला ने गुस्से में आकर कीटनाशक दवा खा लिया। मिली जानकारी के अनुसार रसूलपुर दहला निवासी सुजीत कुमार की 26 वर्षीय पत्नी बेली देवी घर में मोबाइल के कारण पति से लड़ाई हो गया। जिससे वह गुस्से में आकर बेली देवी ने कीटनाशक दवा खाकर मूर्छित हो गई। जहां उक्त मूर्छित महिला को परिजनों ने इलाज के लिए आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उक्त महिला का इलाज में लग गए। वही इलाज करने के उपरांत उक्त महिला की हालत में सुधार है।

### बेहतर काम करने वाले कर्मियों और मजदूरों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित




**जमुआ, प्रतिनिधि।** जमुआ में मजदूर दिवस पर गुरुवार को प्रखंड सभागार में कार्यक्रम हुआ। बीडीओ अमल कुमार ने इसमें बेहतर काम करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं दर्जनों मजदूरों को अंगवस्त्र देकर सम्मान मिला। चुनाव कार्य में लगे ऑपरेटर प्रवीण कुमार, मनरेगा से सुरेश वर्मा, जीप चालक शहदेव यादव, टिंकू मेहतर, बालगोविंद यादव, मजदूर छोटू यादव, रियाज अंसारी और मो. सदीक मियां को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड और अंचल कार्यालय के सभी कर्मी मौजूद थे। बड़ी संख्या में मजदूर भी शामिल हुए।

### अंतर्राष्ट्रीय मज़दूर दिवस पर अम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन




**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- अबुल कलाम**
**टंडवा- (चतरा) अम्रपाली-** चंद्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मज़दूर दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने सभी श्रमिकों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं तथा राष्ट्र की ऊर्जा आपूर्ति के निर्माण में श्रमिकों के अमूल्य योगदान की सराहना की। अपने संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि मज़दूर वर्ग किसी भी राष्ट्र की प्रगति की नींव होते हैं, और उनकी मेहनत व समर्पण से ही ऊर्जा उत्पादन एवं आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण कार्य संभव हो पाते हैं। उन्होंने श्रमिकों की भूमिका को सम्मान देते हुए उनके कल्याण के लिए कंपनी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के अंत में सभी कर्मचारियों व श्रमिकों के बीच मिष्ठान का वितरण किया गया। आयोजन में अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस दिन को श्रम, सम्मान और एकता के प्रतीक के रूप में मनाया।

### सदर हॉस्पिटल कोडरमा में नवजात शिशु और उनकी मां को आवश्यकता की सामग्री का किया गया वितरण



**कोडरमा।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत जिला समाज कल्याण विभाग के तरफ से आज सदर अस्पताल कोडरमा में नवजात शिशु और उनके अभिभावक के बीच जच्चे- बच्चे का दोनों के आवश्यकता की सामग्री का वितरण किया गया। इन सभी उपयोगी सामग्री को उपयोग में लाकर बच्चे और बच्चे की माँ दोनों स्वस्थ और स्वच्छ रहे। इस मौके पर सदर अस्पताल के डॉक्टर रंजीत कुमार, डॉक्टर मणिकांत, सागर, रजनीश, प्रियंका, मदन, प्रेमलता और सखी वन स्टॉप सेंटर की नोडल अर्चना ज्वाला उपस्थित थीं।

# नेशनल पब्लिक स्कूल में श्रमिकों को समर्पित मजदूर दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** हजारीबाग नेशनल पब्लिक स्कूल, न्यू एरिया में बुधवार, 1 मई को मजदूर दिवस के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज और विद्यालय के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले श्रमिकों को सम्मानित करना और उनके योगदान को सराहना था।
कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य धीरेंद्र कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्वागत भाषण से हुई।



अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि मजदूर दिवस पूरे विश्व में 1 मई को मनाया जाता है, जिसकी शुरुआत 1 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर में श्रमिकों के ऐतिहासिक सम्मेलन के रूप में हुई थी। यह दिन विश्व भर के श्रमिकों की एकता, संघर्ष और अधिकारों की प्राप्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मजदूर समाज की नींव होते हैं, जिनके परिश्रम से ही समाज एवं संस्थान आगे बढ़ते हैं।
कार्यक्रम में विद्यालय में कार्यरत ड्राइवर असलम वारसी, आलम अंसारी, बदरुद्दीन तथा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी सरिता देवी, जसीनता, रेणु देवी, रिंकी देवी, पिंकी देवी आदि को माला पहनाकर और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके समर्पण, मेहनत और निष्ठा के लिए दिया गया।
विद्यालय की उप-प्राचार्य कुमारी सोनी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रमिकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रमिक वर्ग हमारे जीवन और कार्य प्रणाली का अभिन्न हिस्सा हैं, जिनके बिना कोई भी संस्था सुचारू रूप से कार्य नहीं कर सकती। उन्होंने सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।
इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी श्रमिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कविता पाठ और गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों का विशेष योगदान रहा। शिक्षकों ने समर्पण भाव से आयोजन की रूपरेखा तैयार की और कार्यक्रम के संचालन में सक्रिय भागीदारी निभाई।
कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों को धन्यवाद देते हुए विद्यालय प्रशासन ने श्रमिकों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए भविष्य में भी ऐसे आयोजन करते रहने की प्रतिबद्धता जताई। इस आयोजन ने सभी को श्रमिकों के महत्व को समझने और उन्हें सम्मान देने की प्रेरणा दी।

# नीट 2025 की परीक्षा की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में आगामी 4 मई 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2025 के सफल आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी व सेंटर सुपरिटेंडेंट व अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि नीट 2025 की परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त संपन्न करानी है। परीक्षा के दौरान सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित हो और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा पूरी तरह से कदाचार मुक्त वातावरण में आयोजित होनी चाहिए। नीट 2025




की परीक्षा के लिए कुल 08 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने अभ्यर्थियों की समुचित जांच (फ्रिस्किंग) और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विशेष दिशा-निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में एक मजिस्ट्रेट, एक पुलिस पदाधिकारी और आवश्यक पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने परीक्षा की दिन ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्थ रखने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने अधीनस्थ कार्यरत शिक्षकों, अधिकारियों, वीडियोग्राफर, फोटोग्राफर व अन्य लोगों को अच्छी तरह से ब्रीफिंग करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी परीक्षा आयोजित करने वाले एजेंसी के साथ अच्छी तरह से समन्वय बनाते हुए परीक्षा संपन्न कराने की दिशा में कार्य करेंगे। कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने हेतु हर एक बिंदु पर बारीकी से ध्यान देंगे। बैठक में उपायुक्त नैन्सी सहाय के अलावे पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, डीपीओ पंकज तिवारी, डीसीएलआर राजकिशोर प्रसाद सहित कई जिला स्तरीय पदाधिकारी, मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी, सेंटर सुपरिटेंडेंट व अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** उधवा राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तरी सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत नौघरिया गांव में बीते बुधवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हुई थी। इस मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए थे। मामले को लेकर दया देवी ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। लिखित शिकायत पर राधानगर थाने में भरत पंडित, ओम प्रकाश पंडित, मकसूद शेख और अन्य के खिलाफ कांड संख्या 149/25, दिनांक 01/05/25, धारा 191(2)/191(3)/126(2)/115(2)/117(2)/118(1)/109(1)/74/351(2)/352/303(2) बी एन एस के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले को लेकर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त मकसूद शेख को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# इटखोरी प्रखंड के धुन्ना पंचायत में देवी मंडप प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**
**इटखोरी (चतरा)।** प्रखंड के धुन्ना पंचायत के अंतर्गत देवी मंडप प्रागण में देवी मंडप प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ कलश सह शोभायात्रा के साथ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी ने कहा कि विशिष्ट अवसरों पर महायज्ञ की परंपरा हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक आस्थाओं से जुड़ी हुई है। यह धार्मिक परंपरा आस्था श्रद्धा भक्ति और विश्वास का प्रतीक है। महायज्ञ से आत्मिक पवित्रता और आध्यात्मिकता के साथ-साथ जन्म-जन्मांतर तक के लिए पुण्य की प्राप्ति होती है वहीं हमारा प्राकृतिक वातावरण शुद्ध होता है । महायज्ञ से नकारात्मक शक्तियों का विनाश होता है और जनजीवन में ही





नहीं बल्कि पूरी प्रकृति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इतना ही नहीं बल्कि यज्ञ का हिस्सा बनने वाले श्रद्धालुओं और आम लोगों के परिवार में सुख, शांति और समृद्धि आती है । मालूम हो कि महायज्ञ का शुभारंभ के साथ 1 मई दिन गुरुवार से जल यात्रा, पंचांग पूजन, कलश स्थापना एवं दुर्गा पाठ के साथ हुआ। 1 मई से प्रारंभ होकर यह महायज्ञ वैदिक नियम अनुसार विभिन्न चरणों को संपन्न करते हुए 9 मई 2025 को शतदेवी प्राण प्रतिष्ठा,ब्राह्मण भोज,भंडारे एवं रात्री जागरण के आयोजन के साथ समापन होगा। धुन्ना ग्रामवासियों नें पुरे प्रखंड सहित आस पास के तमाम भक्तजनों को इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। कार्यक्रम के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत के मुखीया सोनी कुमारी, अभय प्रधान, हाई कोर्ट के अधिवक्ता पंकज कुमार सिन्हा, सच्चिदानंद प्रसाद, अजय कुमार, टुन्नी सिंह, अशोक वर्मा, पूर्व मुखिया मुकेश पासवान,सुरेंद्र भुइयाँ, महिला समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे ।

### जिला परिषद उपाध्यक्ष के जन्मदिन पर चतरा में रक्तदान शिविर का आयोजन, युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**
**चतरा।** जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आज रेड क्रॉस भवन, चतरा में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्नेहीजन साथी और युवा रक्तवीर उपस्थित रहे और जरूरतमंदों के लिए स्वेच्छा से रक्तदान किया।



रक्तदान शिविर में युवाओं का उत्साहवर्धन करने के लिए बिरजू भैया स्वयं रेड क्रॉस भवन पहुंचे और युवाओं के साथ मिलकर रक्तदान कर समाजसेवा की मिसाल पेश की। उनके इस प्रेरणादायक कदम से युवाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम के संयोजक ब्रज किशोर तिवारी ने सभी रक्तदाताओं और उपस्थित स्नेहीजनों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आज का रक्तदान शिविर न केवल मानवीय सेवा का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे समाज में जीवनदायिनी सहयोग भावना को भी दर्शाता है।उन्होंने कहा कि रक्त की एक-एक बूंद किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचा सकती है, और आज के इस पुनीत अवसर पर युवाओं ने यह साबित कर दिया है कि वे हर परिस्थिति में समाज के साथ खड़े हैं। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और रेड क्रॉस टीम की सक्रिय भागीदारी भी सराहनीय रही।

### ट्रेन से टक्कर होने के कारण गुरुवार को मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** बरहरवा कोटालपोखर थाना क्षेत्र के गुमानी रेलवे स्टेशन के पास कोटालपोखर निवासी महावीर रजवार (32 वर्ष) पिता छेदु रजवार का ट्रेन से टक्कर होने के कारण गुरुवार को मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि महावीर रजवार कान में हैडफोन लगा कर दोनों ट्रैक के बीच में चल रहा था, तभी पीछे से आती हुई ट्रेन उसे टक्कर मार दी। इस टक्कर से वह ट्रैक के बीच में गिर गया और ट्रेन उसके ऊपर से पार हो गया। गाड़ी पार होने के बाद कुछ दूर से देख रहे स्थानीय लोग घटना स्थल पहुँचे उन्होंने पाया कि टक्कर के कारण उसका मौत हो चुका है। साथ ही सर से खून भी निकल रहा है। इस घटना का सूचना कोटालपोखर थाना प्रभारी को दी गई। सूचना मिलते ही कोटालपोखर पुलिस अपने दल के साथ घटना स्थल पहुँचा पर शव को वहाँ नहीं पाया, स्थानीय लोगों से पूछ-ताछ करने पर पुलिस को जानकारी मिली कि शव को उसके घरवाले उठा कर ले गए है। तभी पुलिस उसके निवास छोटा कोटालपोखर कालीस्थान मुहल्ला पहुँचा तथा शव को आँगन में पाया। आई0ओ0 मनोज मुर्मू ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पूछ-ताछ करने पर घरवालों ने बताया कि इसका दिमागी हालत सही नहीं था। यह सुबह 5 बजे घर से निकला था और अब इस अवस्था में है। यह कब और कैसे वहाँ पहुँचा हमें पता नहीं। इसकी पत्नी भी इसे छोड़ कर चली गई है। वहीं परिवार वाले इस आकस्मिक घटना से सदमा में है। आई0ओ0 मनोज मुर्मू ने बताया कि शव के सर पर गहरा चोट का निशान है। जो इसका मृत्यु का कारण हो सकता है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

# ठनका गिरने से ईंट भट्टे में काम कर रहे एक मजदूर की मौत, चार घायल

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के चेटूवाग ग्राम हुई तेज बरसात के साथ हुई वज्रपात में ईंट भट्टे में काम कर रहे मजदूर का मौत और चार मजदूर घायल हो गए हैं।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार दोपहर को तेज हवा एवं बरसात के साथ वज्रपात हुई थी। चेटूवाग़ ग्राम के समीप ईंट भट्टे में मजदूर काम कर रहे थे इसी दौरान वज्रपात हो गई जिसमें पांच मजदूर घायल हो गए हैं।जिसमें से एक महबलि भुइयां (32वर्ष) पिता दुखन भुइयां मनातू सोनपुरा पांकी सहित छोटू कुमार( 7 वर्ष) पिता राहुल कुमार,राहुल कुमार (28 वर्ष )पिता अमृत



भुइयां,आशीष राम( 36 वर्ष )पिता शनिचर भुइयां लेस्लीगंज, सिंटू कुमार (12 वर्ष) पिता महाबली भुइयां घायल हो गए। जिसे ग्रामीणों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य में लाया गया जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार एवं डॉक्टर अलीशा टोप्पो द्वारा प्राथमिक उपचार की गई वहीं महाबली भुइयां का स्थिति को गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया गया पर कुछ ही देर बाद महाबली भुंइया जिंदगी का जंग हार गया। बाकी घायलों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। महाबली भुइयां का चले जाने से परिवार जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार में कमाने वाला मुख्य रूप से एक यही था। वहीं घटना के बाद बालूमाथ थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। बता दें कि यह बंगला ईंट भट्ठा सकेंद्र महतो का है। और ईंट भट्टे में जो मजदूर कार्यरत हैं वह नाबालिक हैं।भट्ठा वैध है या अवैध,भट्टे में बिजली जलता है। जो जांच का विषय है। वहीं इस घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी है।

# महुडंड पंचायत में तिलक समारोह में शामिल, हुए हुसैनाबाद विधायक

**आदिवासी एक्सप्रेस लालू कुमार यादव हुसैनाबाद पलामू**
**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद/हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव महुडंड पंचायत के चोरपहरा( गोरीऔटा )में महुडंड मुखिया/ युवा समाज सेवी शिवशंकर यादव के छोटे भाई विनोद कुमार यादव के तिलक समारोह कार्यक्रम में हुसैनाबाद विधायक सह राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव तिलक समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने ने ग्रामीणों से रूबरू हुए ?।और महुडंड पंचायत के विकास कार्य के बारे में भी चर्चा की।मौके पर, हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख



राजकुमारी देवी, पुर्व जिला परीषद मदन पासवान, राजद प्रदेश महासचिव रवि कुमार यादव, मुखिया सुदामा यादव, रामलखन यादव, अमरेन्द्र ठाकुर, विजय राम, अशोक यादव, पथरा पंचायत मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष नरेश पासवान, पंचायत समिति रमेश पासवान, धनंजय यादव,विगन प्रजापति,महुडंड पैक्स अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव,राजेश यादव, महेंद्र यादव, प्रमोद सिंह, राजेश्वर सिंह,दिनेश्वर ठाकुर,बिरबल परहिया,डिलर इरफान कादरी, अकबर गुरूजी, मोहन गुरूजी, विरेन्द्र गुरूजी, पत्रकार, कृष्ण यादव, दीपक कुमार, लालू कुमार यादव,उप मुखिया राम बली यादव कला पहाड़ मुखिया पति प्रमोद यादव ,रामस्वरूप यादव, आनंद पासवान,सहित हजारों पंचायत के लोग शामिल हुए।

# असम के पंचायत चुनाव के पहले चरण में 14 जिलों में भारी मतदान

**पंकज नाथ,**
**आदिवासी एक्सप्रेस, असम**
असम में पंचायत चुनाव के पहले चरण के लिए आज शुक्रवार को मतदान हुए। आज14 जिलों में भारी मतदान की खबर है। मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतारें लगी हुई हैं, जो जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में लोगों की उत्साही भागीदारी को दर्शाता है। इस चरण में भाग लेने वाले जिलों में धेमाजी, लखीमपुर, सोनितपुर, बिस्वनाथ, तिनसुकिया, डिब्रूगढ़, जोरहाट, माजुली, शिवसागर, चराईदेव, गोलाघाट, कछार, हैलाकांडी और श्रीभूमि शामिल हैं। असम राज्य चुनाव आयोग ने पुष्टि की है कि



शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। 1.20 लाख से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया गया है, और हर मतदान केंद्र पर सुरक्षा बल तैनात हैं। कुल मिलाकर, 1.80 करोड़ से अधिक मतदाता दो चरणों में 25,007 मतदान केंद्रों पर वोट डालने के पात्र हैं। इसमें लगभग 90.71 लाख पुरुष मतदाता, 89.65 लाख महिला मतदाता और अन्य श्रेणी के तहत पंजीकृत 408 व्यक्ति शामिल हैं। शेष 13 जिलों में मतदान का दूसरा चरण 7 मई को होना है, जबकि मतगणना 11 मई को होगी। चुनाव शुरू होने से पहले ही, भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) ने महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली थी। गठबंधन ने 37 जिला परिषद सीटें निर्विरोध जीतीं - 35 भाजपा ने और दो उसके सहयोगी असम गण परिषद (AGP) ने। इसके अतिरिक्त, एनडीए ने 288 आंचलिक पंचायत सीटों पर निर्विरोध जीत हासिल की, जिनमें से 259 भाजपा ने और 29 तक्क ने जीतीं है ।

## संक्षिप्त समाचार

### नव दंपत्ति को पौधा देकर आशीर्वाद, पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता बड़कागांव**

**बड़कागांव।** प्रखंड के अंतर्गत अंबेडकर मोहल्ला में रविदास महासभा के इकाई अध्यक्ष रामेश्वर राम के पुत्र बिक्की कुमार एवं बहू अंकिता कुमारी को मुखिया संघ अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार ,दिनेश सिन्हा व उपस्थित अन्य वरिष्ठ लोगों ने रिसेप्शन पार्टी में फलदार पौधा देकर आशीर्वाद के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मौके मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार ,शमशन घट सेवा समिति अध्यक्ष दिनेश सिंहा बैजनाथ महतो झामुमो मीडिया प्रभारी संजय भुईयां सचिव, कृष्णा प्रसाद, वीरेंद्र मेहता रामपति राम संजय निगम तालेश्वर राम रवि राम इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### भारतीय ज्ञान परम्परा और बहुभाषावाद विषयक चांसर लैक्चर सीरीज का आयोजन



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** विश्वविद्यालय शिक्षाशास्त्र विभाग में शुक्रवार को चांसर लैक्चर सीरीज की शुरुआत भारतीय ज्ञान परम्परा और बहुभाषावाद विषय पर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक डॉ. कृष्णा कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. रामकुमार नायक, डीन, स्कूल ऑफ एजुकेशन, नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय, जमशेदपुर तथा प्रखर वक्त प्रोफेसर सरमद जमाल प्राचार्य मगध कॉलेज आफ एजुकेशन,गया ने अपने विचारों को विकसित रूप से रखें । लेक्चर सीरीज में विषय प्रवेश विभाग के वरीय शिक्षक प्रोफेसर मृत्युंजय प्रसाद द्वारा कराया गया। इस अवसर पर विभाग के सभी प्रधानपाक डॉ अमिता कुमारी, डॉ रजनीश कुमार, डॉ विनीता, शालिनी अवधिया, डॉ.कुमारी भारती, डॉ. चौधरी प्रेम प्रकाश उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संचालन विनीता बांकिरा,धन्यवाद ज्ञापन विभाग अध्यक्ष डॉ. तनवीर यूनुस द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रूश्वस्त्र सत्र 2023-25 के प्रशिक्षुओ की भूमिका सराहनीय रही।

### 1 मई श्रमिक दिवस के अवसर पर सभी श्रमिको को उपायुक्त का संदेश एवं शुभकामनाएं




**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** मई दिवस के अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने हजारीबाग के सभी मेहनती और कर्मठ श्रमिकों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि यह दिन, हमारे समाज के उन महत्वपूर्ण स्तंभों को समर्पित है, जो अपने अथक परिश्रम और निष्ठा से राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान देते हैं। चाहे वे खेतों में काम करने वाले किसान हों, कारखानों में पसीना बहाने वाले मजदूर हों, या किसी भी क्षेत्र में अपनी मेहनत से जीविकोपार्जन करने वाले कर्मयोगी हों, आप सभी का योगदान हमारे शहर और देश के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आपकी मेहनत और लगन ही हमारी प्रगति का आधार है। आपके पसीने की बूंदों से ही विकास की नींव मजबूत होती है। हर श्रमिक का सम्मान करना और उनके अधिकारों की रक्षा करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन हजारीबाग आपके कल्याण के लिए सदैव तत्पर है। हम आपके बेहतर जीवन स्तर, सुरक्षित कार्य और उचित अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी कोशिश है कि आपको वह सम्मान और सुविधाएँ मिलें, जिसके आप हकदार हैं। इस श्रमिक दिवस पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम हर श्रमिक का सम्मान करेंगे, उनके योगदान को सराहेंगे और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। सभी को श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!

### सामूहिक विवाह समारोह का किया गया आयोजन



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** लायंस क्लब हजारीबाग की ओर से अक्षय तृतीया के अवसर पर सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से आने वाले दो से अधिक निर्धन जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। समारोह में न केवल वैवाहिक रस्में विधिपूर्वक कराई गईं, बल्कि सभी जोड़ों को आवश्यक गृहस्थ जीवन की सामग्री, जैसे बर्तन, कपड़े, और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी उपहारस्वरूप प्रदान की गईं। लायंस क्लब के सदस्यों ने पूरी निष्ठा और भावनात्मक जुड़ाव के साथ कन्यादान की परंपरा निभाई मलायंस क्लब की अध्यक्ष सुधा वर्मा ने कहा, ÷कन्यादान करना भारतीय संस्कृति की महान परंपरा है और यह हर किसी के लिए सौभाग्य की बात होती है। इस तरह के आयोजनों से समाज में समरसता और सहयोग की भावना बढ़ती है।इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष, सचिव, और कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएँ दीं और उनके सुखद भविष्य की कामना की। इस आयोजन के माध्यम से न केवल गरीब परिवारों की मदद की गई, बल्कि समाज को एक सकारात्मक संदेश भी दिया गया कि मिल-जुलकर हम सामाजिक कुरीतियों को कम कर सकते हैं और जरूरतमंदों की मदद करके उन्हें सम्मानपूर्ण जीवन जीने का अवसर दे सकते हैं।

# मजदूर दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच द्वारा अमृत धारा सेवा कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**● अमृत धारा के माध्यम से हम हर मजदूर भाई को यह एहसास दिलाना चाहते हैं कि वे हमारे समाज की रीढ़ हैं : अनिकेत जैन ● मजदूर दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि समाज के असली नायकों को नमन करने का दिन है। अमृत धारा इसी सोच का प्रतीक है : सचिव लखन खण्डेलवाल**

**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** मजदूर दिवस के शुभ अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच, हजारीबाग शाखा द्वारा अमृत धारा नामक सामाजिक सेवा कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ कानी बाजार स्थित अनिकेत सेल्स के समीप अत्यंत भव्य एवं प्रेरणादायी रूप में किया गया। यह कार्यक्रम श्रम की महत्ता को सम्मान देने एवं समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले मेहनतकश मजदूर वर्ग के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने हेतु समर्पित था। कार्यक्रम का शुभारंभ मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों



एवं पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में विधिवत रूप से किया गया। आरंभ में मंच के सभी सदस्यों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मृत यात्रियों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस क्षण ने कार्यक्रम में एक गहरी संवेदनशीलता और राष्ट्रीय एकात्मता का भाव भर दिया।

**सेवा का संकल्प मजदूरों के लिए अमृतधारा**

अमृत धारा कार्यक्रम के माध्यम से मंच ने मजदूर भाइयों के लिए शुद्ध एवं ठंडे पानी प्रदान करने वाले अन्य उपहारों की व्यवस्था की। इस चिलचिलाती गर्मी में सड़कों और निर्माण स्थलों पर कठिन श्रम कर रहे श्रमिकों को मंच के कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों से जल पिलाकर, उन्हें विश्राम स्थल प्रदान कर, मानवता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम पूरी गर्मी भर संचालित रहेगा.मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अनिकेत जैन ने कहा की श्रमिकों का पसीना ही देश की प्रगति की नींव है। उनकी मेहनत और समर्पण की जितनी भी सराहना की जाए, वह कम है। यह कार्यक्रम न केवल सेवा भावना से प्रेरित था, बल्कि समाज को यह सन्देश देने का भी माध्यम था.

**नई कार्यकारिणी की पहली पहल सादगी में छिपी उत्कृष्टता**

यह कार्यक्रम हाल ही में गठित नई कार्यकारिणी का प्रथम आयोजन था, जो अपनी सादगी, व्यवस्था एवं सेवा भाव के कारण अत्यंत सराहनीय रहा। कार्यक्रम में मंच के पूर्व अध्यक्ष सीए विनीत अग्रवाल एवं पूर्व सचिव पीयूष खंडेलवाल ने भी उपस्थिति दर्ज की और नई टीम का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ प्रदान कीं।

## संविधान बचाओ रैली होगी ऐतिहासिक, हर घर को अभियान से जोड़ेगी पार्टी : सुरजीत नागवाला

**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** केन्द्र सरकार के द्वारा जो कांग्रेस और राहुल गांधी के दबाव में आकर जातीय जनगणना कराने का निर्णय लिया है उसके लिए नेता राहुल गांधी को धन्यावाद देते है। और केन्द्र सरकार से आग्रह करते है कि निश्चित समयावअधि निर्धारित कर उसे ससमय पुरा किया जाए। देश में जिस तरह से संविधान को तार-तार किया जा रहा है. केन्द्रीय जाँच एजेन्सी का दुरूपयोग किया जा रहा है। संवैधानिक संस्थाओं को पंगु बनाया जा रहा है। इसके विरोध में आगामी 6 मई को कांग्रेस पार्टी के द्वारा राँची के पुराना विधानसभा धुवा मैदान में सविधान बचाओं रैली का आयोजन किया गया है। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मलिकाअर्जुन खड़गे, राष्ट्रीय महासचिव संगठ्न के0सी0 वेणुगोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री




भुपेश बघेल, ओ0बी0सी0 के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 अनिल जयहिन्द समेत झारखण्ड प्रभारी के0 राजु समेत कांग्रेस पार्टी के विभिन्न मोर्चा के बड़े नेता शिरकत करेगें।

यह रैली अपने आप में ऐतिहासिक होगी इसमे पुरे राज्य से 50,000 से अधिक जातिय जनगणना को सर्मथन देने वाले, नेता कार्यकर्त्ता समेत आमजन उपस्थित रहेगें। यहा से संकल्प लेकर सविधान को बचाने को लेकर अपने अपने जिलों में 10 मई तक कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को बताने का काम करेंगें। वही 11 से 17 मई तक विधान सभा स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा वही 20 से 30 मई तक घर घर जन संपर्क अभियान चला कर आम लोंगो को संविधान बचाने हेतू जागरूक किया जायेगा। केन्द्र सरकार हरेक मोर्चे पर विफल है, महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है, देश की सीमायें असुरक्षीत है। सरकार के नेता सरकारी सम्पती को बेच कर अडानी और अम्बानी को लाभ दिलाने में लगें हैं । कांग्रेस के नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा कही जा रही एक एक बात सत्य हो रही है। और इन्हे मुहं की खानी पड़ी।

6 मई के सविधान बचाओं रैली मे पुरे राज्य भर से कांग्रेस ओ0बी0सी0 मोर्चा के हजारों लोग शिकरत करेंगें। इस प्रेस वार्ता को कांग्रेस ओ0बी0सी0 मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला ने संबोधित किया इनके साथ वरिय उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गोप, वरिष्ट कांग्रेस नेता अशोक देव, धीरज सिंह, जिला अध्यक्ष दिपक कुमार गुप्ता, ओबीसी प्रदेश प्रवक्ता डॉ. प्रकाश कुमार, जिला उपाध्यक्ष सह-प्रवक्ता निसार खान, इंटक के जिला अध्यक्ष कजरू साव आदि उपस्थित थे।

## एनएमएल पकरी बरवाडीह कोल परियोजना ने श्रमिक दिवस समारोह का आयोजन



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**बड़कागांव।** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 2025 का गरिमापूर्ण ढंग से आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना के विभिन्न विभागों में कार्यरत बड़ी संख्या में संविदा श्रमिकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख पकरी बरवाडीह सुब्रत कुमार दास रहे। अपने संबोधन में उन्होंने सभी श्रमिकों को शुभकामनाएं देते हुए परियोजना की उपलब्धियों में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा, ÷परियोजना की सफलता और लक्ष्यों की प्राप्ति में आप सभी श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। परियोजना प्रमुख ने यह भी कहा कि परियोजना में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है और यहां सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा उपाय लागू हैं। उन्होंने सभी श्रमिकों से आग्रह किया कि वे कार्यस्थल पर पूरी सतर्कता और सुरक्षा के साथ कार्य करें।

इस अवसर पर जीएम (इन्फ्रास्ट्रक्चर) श्री एस.के. दुबे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने सभी श्रमिकों को उनके अथक प्रयासों और समर्पण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में परियोजना के अधिकारीगण, संविदा कर्मी एवं अन्य कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह का समापन सभी श्रमिकों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 2025 का गरिमापूर्ण ढंग से आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना के विभिन्न विभागों में कार्यरत बड़ी संख्या में संविदा श्रमिकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख पकरी बरवाडीह सुब्रत कुमार दास रहे। अपने संबोधन में उन्होंने सभी श्रमिकों को शुभकामनाएं देते हुए परियोजना की उपलब्धियों में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा, ÷परियोजना की सफलता और लक्ष्यों की प्राप्ति में आप सभी श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। परियोजना प्रमुख ने यह भी कहा कि परियोजना में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है और यहां सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा उपाय लागू हैं। उन्होंने सभी श्रमिकों से आग्रह किया कि वे कार्यस्थल पर पूरी सतर्कता और सुरक्षा के साथ कार्य करें।

इस अवसर पर जीएम (इन्फ्रास्ट्रक्चर) एस.के. दुबे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने सभी श्रमिकों को उनके अथक प्रयासों और समर्पण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में परियोजना के अधिकारीगण, संविदा कर्मी एवं अन्य कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह का समापन सभी श्रमिकों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

## सीपीआई कार्यालय में मनाया गया मजदूर दिवस

**● राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले मजदूरों को सलाम करने का दिन है मजदूर दिवसः पूर्व सांसद भूवनेश्वर मेहता**

**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** हर साल 1 मई का दिन भारत समेत दुनिया के कई देशों में मजदूर दिवस या मई दिवस के तौर पर मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर के मजदूरों और श्रमिक वर्ग के लोगों को समर्पित है। देश के विकास में ऐसा कोई निर्माण नही है, जिसमें मजदूर वर्ग के परिश्रम का योगदान ना हो। राष्ट्र की प्रगति और उन्नति में इनकी भागीदारी के बिना असंभव है। मजदूर दिवस का मकसद मजदूरों के सम्मान के अलावा उनकी एकता को मजबूत बनाना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरुक करना भी है। हजारीबाग में भी 1 मई को मजदूर दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद एवं सीपीआई के वरिष्ठ नेता सह झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने मजदूरों की जीत को याद करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले सभी मजदूरों को सलाम करने का दिन है मजदूर दिवस। आज पूरे विश्व में



मजदूर दिवस मनाया जा रहा है, एक समय था जब 12 से 18 घंटा मजदूरों से काम लिया जाता था आज ही के दिन 1886 में अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूरों ने उचित मजदूरी और काम का घंटा तय करने को लेकर आंदोलन किया था जिससे आज बगुला होकर पूंजीपतियों ने मजदूरों के ऊपर गोलियां चलाई जिसमें सैकड़ो मजदूर मारे गए और पूरा शिकागो शहर मजदूरों के खून से पट गया उसी समय मजदूरों ने मारे गए मजदूरों के खून से भीगे हुए कपड़ों को उठाकर संकल्प लिया कि जब तक पूंजीवाद खत्म नहीं होगा, जब तक शोषण बंद नहीं होगा और जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हमारा संघर्ष चलता रहेगा। आखिरकार आंदोलन कर रहे मजदूरों की जीत हुई काम का घंटा तय किया गया और मजदूरों की सभी मांगे पूरी हुई इसी जीत की खुशी में मजदूर दिवस मनाया जाता है। सीपीआई कार्यालय मंजूर भवन हजारीबाग में भी सीपीआई कार्यकर्ताओं और कई सामाजिक संगठन के लोगों के द्वारा झंडा फहराया गया और उन मजदूरों की जीत की याद में मजदूर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी ने संकल्प लिया कि आगे भी सभी मजदूरों के आंदोलन में लगातार साथ देते रहेंगे। क्योंकि अभी भी पूंजीवाद के विरुद्ध वर्तमान सरकार में मजदूर अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। पूंजीवादी लोग पब्लिक सेक्टर के कारखाने बंद कर निजीकरण करना चाहते हैं। इसी को लेकर सीपीआई मजदूरों के साथ मिलकर लड़ेगी और पूंजीवादियों के नापाक मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर सीपीआई जिला सहसचिव निजाम अंसारी, सीपीआई के वरिष्ठ नेता अब्दुल मजीद अंसारी, ऐनुल हक अंसारी, मुख्तार अंसारी, अनंत कुमार आर्या, बोधी साव, विजय मिश्रा, सुरेश महतो, शौकत अनवर उर्फ राजू, अमर कुमार, शमीम एजाज, आंदोलनकारी नेता तैयब अंसारी, खतियानी परिवार केंद्रीय महासचिव मोहम्मद हकीम, अशोक राम, राम अवतार भगत उपस्थित थे।

# हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के पहल पर 1200 महिलाओं को दी गई पोषण किट, पतरातु में आयोजित हुआ स्वस्थ मेला सह निःशुल्क पोषण कीट वितरण शिविर

**● स्वस्थ बच्चों की किलकारी से गुंजायमान हो हजारीबाग लोकसभा, यही है प्रयास हमाराः मनीष जायसवाल**

**● स्वस्थ मां व बच्चों के लिए खान- पान, रहन-सहन, विचार -विमर्श व देखरेख बेहद जरूरी**

**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** आने वाला भविष्य स्वस्थ हो, इसके लिए हम काफी गंभीर हैं और इसके लिए हर गर्भवती मां व धात्री माता के साथ-साथ बच्चों के खानपान, रहन-सहन, विचार- विमर्श व अच्छे से उन्हें देख-रेख करने की जरूरत है। जिसको लेकर गर्भवती व धात्री माता के बीच पोषण किट का वितरण किया जा रहा है। जब हमारे बच्चे स्वस्थ होंगे, मां स्वस्थ होगी, तभी हमारा राष्ट्र स्वस्थ होगा। उक्त बातें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में पतरातु श्रम कल्याण केंद्र में आयोजित सीसीएल के द्वारा यूथ इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित स्वास्थ्य मेला सह निःशुल्क पोषण किट वितरण अभियान कार्यक्रम में कहा। आगे उन्होंने बताया



कि हम सभी को मिलकर कुपोषण से लड़ना होगा और उसे दूर भगाना होगा। यह हम सब की जिम्मेवारी है और जब स्वस्थ बच्चों की किलकारी पूरे देश में गूंजेगी तभी हमारा संपूर्ण राष्ट्र मजबूत होगा। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर मैंने एक पहल किया और उसी का नतीजा है कि सीसीएल ने अपने सीएसआर मद के तहत इस कैंप का आयोजन किया। उन्होंने यह भी कहा कि यह तो महज एक शुरुआत है हम अपने लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे कार्यक्रम का आयोजन कराने हेतु कृतसंकल्पित हैं। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा किए गए पहल का परिणाम ही है कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की 1200 बहनों को पोषण किट का मिल पाया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा की गर्भवती माता व धात्री माता को एक संतुलित पोषण की आवश्यकता होती है जिसके लिए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने अनोखी पहल की है, जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। इसके पूर्व डॉ नितीश कुमार द्वारा पोषण किट में उपलब्ध सभी सामग्री की उपयोगिता और सेवन के तरीके विस्तार से बताए गए।

इस कार्यक्रम का आयोजन सांसद मनीष जायसवाल के पहल पर सीसीएल द्वारा युथ ऑफ इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। जिसकी शुरुआत सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर एवं तुलसी पौधा में पानी देकर किया गया तथा महिलाओं के बीच पोषण कीट वितरण की शुरुआत सांकेतिक रूप से एक दर्जन महिलाओं को भेंटकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद मण्डल प्रतिनिधि राजाराम प्रजापति व संचालन राजीव कुमार द्वारा किया गया।

निःशुल्क पोषण कीट वितरण अभियान से पूर्व प्रेग्नेंसी महिलाओं और डेलिवरी के बाद की महिलाओं का स्वास्थ्य जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बारी- बारी से किया गया। पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से चयनित सभी 1200 लाभार्थी महिलाओं को केंद्र सरकार द्वारा मिलने वाले विभिन्न जनकल्याणकारी और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए स्वस्थ के प्रति जागरूक करने किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### संत मरियम स्कूल योग शिविर का करेगा आयोजन, छात्र देंगे प्रशिक्षण: अविनाश देव







**मेदिनीनगर।** योग हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह हमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद करता है। यह तनाव, चिंता और अवसाद को कम करता है, लचीलापन और ताकत बढ़ाता है और ऊर्जा के स्तर को बेहतर बनाता है। संत मरियम स्कूल ने नई पहल की शुरुआत करते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में योग शिविर का आयोजन करेगा, ताकि समाज इस प्रशिक्षण का लाभ उठा सके। उक्त बातें संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कही। आगे उन्होंने कहा कि संत मरियम आवासीय विद्यालय के बच्चे प्रतिदिन जिले के वरिष्ठ योग प्रशिक्षक राजीव शरण जी के सानिध्य में योगाभ्यास करते हैं। साथ-ही-साथ, उन्हें इस तरह से तैयार किया जा रहा है, ताकि वे शिविर में योग का प्रशिक्षण देकर समाज को लाभान्वित कर सकें।

### कांग्रेस की संविधान बचाओ महारैली होगी ऐतिहासिक -शिल्पी नेहा तिर्की

- चान्हो प्रखंड कार्यालय परिसर महारैली की सफलता के लिए हुई कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक



चान्हो प्रखण्ड में शुक्रवार को रांची के पुराना विधानसभा मैदान में 6 मई को आयोजित संविधान बचाओ महारैली की सफलता को लेकर सांगठनिक गतिविधि तेज हो गई है. इसी कड़ी में राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने चान्हो प्रखंड कार्यालय परिसर में कांग्रेस की प्रखंड कमिटी, मंच _ मोर्चा के पदाधिकारी, पंचायत पदाधिकारी सहित पार्टी के अगुवा नेताओं के साथ बैठक की . इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि संविधान बचाओ महारैली ऐतिहासिक होने जा रही है . देश का हर एक नागरिक संविधान की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरने को तैयार है . झारखंड की राजधानी रांची में लोगों का जन सैलाब संविधान बचाओ महारैली में देखने को मिलेगा. मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बीजेपी के राजनीतिक मंसूबों को समझने और उसका जवाब देने के लिए सबको तैयार रहना होगा. संविधान को कमजोर कर बीजेपी देश में अपनी मनमानी और सामाजिक समरसता को बिगाड़ने में लगी है. इस षडयंत्र का जवाब सामाजिक एकता है और जन जागरूकता के माध्यम से देना होगा. संविधान समाज के हर वर्ग द्व हर व्यक्ति को अपने हक अधिकार के लिए लड़ने की छूट देता है. बीजेपी इस अधिकार को देश की जनता से छीन लेना चाहती है. संविधान बचाओ महारैली को लेकर मांडर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की तैयारी बूथ स्तर पर चल रही है . इसके लिए पंचायत अध्यक्ष को विशेष रूप से जिम्मेवारी दी गई है . संविधान बचाओ महारैली की तैयारी को लेकर हुई मोके पर, अजीत सिंह, महादेव उरांव, इरशाद खान, दिलीप सिंह, अब्दुल्ला अंसारी, प्रियंका उरांव, मन्ना उरांव, विनीता उरांव, सुनीता उरांव, राम उरांव, जीवन मिंज, प्रमोद लाल, दिनेश राम मौजूद थे।

### आरपीवाई बीएड कॉलेज में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दिनांक 02.05.2025 दिन शुक्रवार को महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वाशन प्रकोष्ठ व शैक्षणिक पाठ्यक्रम योजना और विकास परिषद के संयुक्त तत्वधान में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सत्र 2024-26 के प्रशिक्षुओं के अभिभावकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार व अभिभावकों द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। अभिभावकों का स्वागत प्रशिक्षुओं द्वारा स्वागत गान के साथ किया गया। तत्पश्चात सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार ने स्वागत भाषण दिया। जिसमें वे अभिभावकों को बच्चों के प्रति कर्तव्य, अभिव्यक्ति, जिम्मेदारी आदि को साझा किया। वहीं सहायक प्राध्यापक विनोद यादव ने अपने विचारों को अभिभावकों के साथ साझा किया। वहीं सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय ने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए महाविद्यालय में आयोजित शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी के उद्देश्य, लक्ष्य, क्रियाकलापों, महाविद्यालय का विकासात्मक रूप-रेखा एवं अभिभावकों की साझा जिम्मेवारी आदि को अभिभावकों के समक्ष रखा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने उपस्थित अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि, महाविद्यालय के विकास में अभिभावकों की भूमिका उतनी है जितना शिक्षकों की। महाविद्यालय आपके विश्वास और सहयोग से चल रहा है। अभिभावकों के विचार हमारे लिए जरूरी है। वहीं अभिभावकों ने शिक्षकों से मिलकर अपने बच्चों के शैक्षणिक, कौशल, मानसिक एवं समग्र विकास के बारे में चर्चा की।

वहीं बैठक के दौरान छात्रों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, उपस्थिति एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अभिभावकों को छात्रों के प्रदर्शन की जानकारी दी गई एवं उनकी राय तथा सुझाव भी लिए गए। बैठक के अंत में अभिभावकों से फीडबैक फॉर्म भरवा कर उनकी प्रतिक्रिया एवं सुझाव प्राप्त किए गए ताकि संस्थान भविष्य में और भी बेहतर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित कर सके।

मंच संचालन प्रशिक्षु सुनील कुमार ने किया। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार, राजेश पांडेय, मो. सेराज, विनोद यादव, रविभूषण सिंह, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, आनंद कुमार व शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथलेश कुमार, सुजीत कुमार, श्रवण कुमार, शाहिद खान, गौरव कुमार, कुंदन कुमार, चंदन कुमार सहित प्रशिक्षुगण मौजूद रहे।

# कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन की बैठक में कांग्रेस की सुदृढ़ीकरण और विस्तारीकरण को लेकर बनी रणनीति

**सभी कांग्रेस जनों को संकल्पित होकर कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करना होगा- रेणु कुमारी**



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**कटकमदाग (हजारीबाग)** कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन की बैठक गुरुवार को कटकम दाग प्रखंड अंतर्गत पसई पंचायत भवन में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गोवर्धन गंझू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कटकमदाग पर्यवेक्षक रेणु कुमारी शरीक हुई। बैठक में विशेष तौर पर कांग्रेस संगठन की विस्तारीकरण और सुदृढ़ीकरण को लेकर व्यापक स्तर पर चर्चा परिचर्चा की गई। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गोवर्धन गंझू ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए यह जरूरी है कि प्रखंड से लेकर बूथ स्तर तक ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई जाए। पर्यवेक्षक रेणु कुमारी ने कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में जोश और नई ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि अब समय आ गया है नए बदलाव का, सभी कांग्रेस जन मिलकर प्रखंड स्तर से लेकर बूथ स्तर तक वृहद स्तर पर कांग्रेस पार्टी का सदस्य ग्रहण अभियान चला कर संगठन का विस्तारीकरण और सुदृढ़ीकरण करने का काम करेंगे। ताकि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को सांसद और विधायक बनाया जा सके इसके लिए सभी को संकल्पित होकर कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करना होगा।

आयोजित कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन बैठक के दौरान आगामी 6 मई को रांची में आयोजित कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान बचाओ अभियान रैली को सफल बनाने को लेकर रणनीति तय की गई।

रेणु कुमारी ने बीते 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा कायराना हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में आज पूरा कांग्रेस परिवार मारे गए निर्दोष पर्यटकों के परिवार के साथ खड़ा है।

बैठक में मुख्य रूप से असग़र अली, धीरेंद्र दुबे, सुनील ओझा, मोहम्मद खुर्शीद, मोहम्मद जमाल, प्रकाश त्तिर्की, रंजित यादव, कैलाश यादव ,अजय साव, मोहम्मद नेजाम, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद तहशीन, प्रशांत कुमार मिश्रा, मोहम्मद अख्तर हुसैन, मनोहर शर्मा, तसव्वुर अंसारी शामिल थे।

## सीसीएल मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर भव्य समारोह का हुआ आयोजन




**बालूमाथ।** सीसीएल मुख्यालय मे एक मई को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर सीसीएल ने राँची स्थित अपने मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर में श्रमिक दिवस-सह-पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंधक नीलेंदु कुमार सिंह ने कहा कि सीसीएल केवल एक उत्पादन इकाई नहीं, बल्कि एक सशक्त और दूरदर्शी संगठन है। यह अपने श्रमिकों की मेहनत,समर्पण और प्रतिबद्धता से नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हमने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक का सर्वाधिक 87.55 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।अध्यक्ष-सह-प्रबंधक ने कहा कि श्रमिक केवल एक शब्द नहीं,बल्कि हमारी पहचान हैं। हमें ना केवल अपने कार्यों से, बल्कि अपने विचारों से भी श्रमिक बनना होगा।

समारोह में सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंधक एवं अन्य गणमान्यों द्वारा क्षेत्र एवं उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों और इकाइयों को सम्मानित किया गया जिसमें मगध-संघमित्रा क्षेत्र को पिछले वर्ष की तुलना में कोयला प्रेषण में 28% उच्चतम वृद्धि के लिए सर्वश्रेष्ठ साइडिंग में मगध-संघमित्रा क्षेत्र के बालूमाथ साइडिंग को सर्वश्रेष्ठ साइडिंग का पुरस्कार मिला तथा पिछले वर्ष की तुलना में लक्ष्य प्राप्ति के साथ कोयला प्रेषण में वृद्धि के अनुसार ग्रेड-ए श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ओपन कास्ट खदान में मगध परियोजना को दूसरा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त मगध संघमित्रा क्षेत्र के में कोयला खनन का कार्य कर रही आउटसोर्सिंग कंपनी वीपीआर-बीजीआर-पीएलआर कंसोर्टियम के चार ठेकेदार श्रमिकों को भी पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसमें आलोक कुमार,मुकेश यादव, साधन सरकार एवं आसी विश्वनाथम शामिल हैं।

इस अवसर पर मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ,मगध परियोजना के परियोजना पदाधिकारी एस. सत्यनारायणा सहित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित हुए।

## आबादी अनुसार हिस्सेदारी राहुल गाँधी के नारा के दबाव में मोदी सरकार जातीय जनगणना करा रही हैं: डॉ आरसी मेहता



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी का नारा व विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिये थे। उसी नारा का परिणाम स्वरूप केंद्र सरकार मजबूर होकर जातीय जनगणना करा रही है बिहार बंगाल में चुनाव होने वाला है जातीय जनगणना नहीं कराने से बिहार बंगाल में एनडीए सरकार को उल्टा असर पड़ सकता था। इसके तहत भी उन्होंने जातीय जनगणना कराने के लिए तैयार है उत्तर प्रदेश के चुनाव को ध्यान में रखकर किसानों के 3 काला कृषि बिल को भी प्रधानमंत्री ने वापस लिए थे। पिछड़ों की आबादी आज देश में 65 प्रतिशत से अधिक है जो जनगणना होने के बाद क्लियर होगा। जबकि सुप्रीम कोर्ट हाई कोर्ट में पिछड़े न्यायाधीश नहीं के बराबर है। कहीं न कहीं अन्याय हो रहा है जातीय जनगणना के बाद दलित आदिवासी और पिछड़ों को न्याय मिलेगा उक्त बातें हजारीबाग सदर विधानसभा के पूर्व कांग्रेस विधायक प्रत्याशी डॉ आरती प्रसाद मेहता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपने कार्यालय में कहा उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के संघर्ष और राजनीतिक घेरेबंदी के कारण केंद्र सरकार जन्म जन गणना। करा रही हैं जिसका श्रेय पूर्ण रूप राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी को जाती है।

इस मुद्दे पर राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को जिस प्रकार से घेरा वह साहसिक कदम है। केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी की कार्रवाई के बावजूद भी निडर होकर राहुल गांधी ने ओबीसी बहुजनों के मुद्दे पर लड़ते रहे परिणाम स्वरूप आदिवासी मूलवासी को लाभ होने जा रहा है इसके लिए केंद्र सरकार वधाई के पात्र हैं, इससे दलित आदिवासी और पिछड़ों को काफी लाभ होगा।

## शहीद जयमंगल पांडेय के वंशज सचिदानंद पांडेय राज्यपाल से मिलकर झारखंड में हुवे 1857 क्रांति से अवगत कराया



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** 1857 स्वतंत्रता संग्राम के नायक शहीद जयमंगल पांडेय के वंशज सचिदानंद पांडेय महामहिम राज्यपाल महोदय से मिले ।और राज्यपाल महोदय को झारखंड में हुवे 1857 क्रांति से अवगत कराए और एक ज्ञापन देकर स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को भी सुविधा झारखंड सरकार से मिले अपनी मांग रखी मुख्य मांगो में स्वतंत्रता सेनानी आयोग का गठन करने, स्वतंत्रता सेनानी परिवार को भी स्वास्थ्य शिक्षा सरकारी आवास यात्रा भत्ता सरकार से मिले, ऐतिहासिक फांसी स्थल चतरा स्वतंत्रता संग्राम की जहां अंग्रेजो के साथ भीषण युद्ध हुई जहां शहीद जयमांगल पांडेय नादिर अली खा के साथ 150 भारतीय को फांसी दी गई ऐतिहासिक स्थल को पर्यटन के रूप में विकसित हो,1857 स्वतंत्रता संग्राम के बीर सपूत शहीद जय मंगल पांडेय के घर खिरगांव कोआदर्श ग्राम घोषित कर गांव को बिजली पानी स्टेडियम स्कूल पार्क आदि बनाकर सुविधा मिले।

,सभी स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को पेंशन और भारत रत्न जैसे सम्मान से सम्मानित करने, झारखंड स्थापना दिवस पर सभी स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को झारखंड सरकार से सम्मान मिलना चाहिए।ऐसे कई मांग है जो राज्यपाल से ज्ञापन के माध्यम से मांग की।

महामहिम राज्यपाल झारखंड ने इस आलोक में कहा की आपकी मांग जायज है ।सरकार को ऐसे परिवारों को सुध लेनी ही चाहिए। मै आपलोगो की बात भारत सरकार एवं राज्य सरकार से अवगत कराकर आपकी बातो को पहुचाऊंगा। आज आजाद भारत की जिन्होंने अपनी बलिदानी से नीव रखी आज उनका सम्मान पूरे देश में होना चाहिए। साथ पार्क और स्टेच्यू के साथ साथ बड़े संस्थानों का नाम इन महान क्रांतिकारी अमर बलिदानी पुरुषो के नाम से होना चाहिए। सचिदानंद पांडेय ने कहा की स्वतंत्रता सेनानी की बलिदानी जिन्होंने देश के लिए अंग्रेजो से लड़ते लड़ते प्राणों की आहुति दे दी आज उन बीर क्रांतिकारियों को सरकार की नजरो में याद दिलाना पड़ रहा है।ज्ञापन देने में शहीद शेख भिखारी की परपोती शेख इंतेसाम अली, शहीद टिकैत उमराव सिंह के परपोता अमित सिंह, शहीद जीतराम बेदिया के परपोता धनराज बेदिया मुख्य रूप से साथ थे।

## शिक्षक सनातन टुडू का आकस्मिक निधन से विद्यालय में शोक की लहर



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**सतगावां कोडरमा।** प्रखण्ड के + 2 उच्च विद्यालय बासोडीह के कार्यरत शिक्षक सनातन टुडू का आकस्मिक मृत्यु से विद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। ज्ञात हो कि गुरुवार दिनांक 1 मई को अचानक निधन की सूचना मिली , सनातन टुडू PGT रसायन शस्त्र के शिक्षक थे, विद्यार्थियों के माने तो वह बहुत अच्छे पढ़ाते थे। विद्यालय के सबसे सीनियर शिक्षक थे। विद्यालय में 2 मिनट का मौन रखा गया, मौके पर रविन्द्र खाखा, कपिलदेव चौधरी, विकास कुमार, अगस्टिन मुर्मू, विद्यार्थि गोपाल, कृष्ण, रूपेश कुमार, संदीप कुमार, अभिजीत राज, इत्यादि अनेकों छात्र उपस्थित रहे, विद्यालय के प्रधानाचार्य ने दुख जाहिर करते हुए कहा कि विद्यालय एक होनहार शिक्षक खो दिया है।

## इटखोरी प्रखंड के नगवां में महात्मा गांधी आवासीय स्कूल का हुआ उद्घाटन



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**
**इटखोरी (चतरा)।** गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के नगवां मोहल्ले में महात्मा गांधी आवासीय स्कूल का में उद्घाटन किया गया। इस स्कूल का उद्घाटन स्कूल के डायरेक्टर तथा संचालक एकु दास और रोशन कुमार पासवान के द्वारा किया गया। विद्यालय के संचालक एकु दास ने बताया कि इस स्कूल में नर्सरी कक्षा से लेकर 10वीं कक्षा तक का बच्चों को गुणवता पूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। उत्तम शैक्षिक माहौल में स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अनुभवी शिक्षकों के द्वारा बेहतर शिक्षण की व्यवस्था उपलब्ध होगी। अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बौद्धिक, मानसिक एवं शारीरिक क्षमता का विकास करने का संपूर्ण प्रयत्न किया जाएगा। इसके साथ ही नवोदय, नेतरहाट तथा सैनिक विद्यालयों में प्रवेश करने के लिए भी तैयारी कराया जाएगा। इसके अलावे कक्षा 1 से लेकर 12 कक्षा तक के छात्र-छात्राओं को कोचिंग की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस शिक्षा संस्थान का यह उद्देश्य होगा कि इस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं में प्रतिस्पर्धात्मक रूप से उनके शैक्षिक स्तर को समुन्नत बनाकर देश का होनहार एवं जागरूक नागरिक बनाना।

## जमीन के विवाद में खूनी संघर्ष: लाठी-डंडे से पीटकर सगे भाइयों की हत्या

**चान्हो।** थाना अंतर्गत चामा पंचायत के परसातारी गांव में गुरुवार रात बड़े भाई ने अपने ही छोटे भाई को लाठी से पीट-पीट कर हत्या करदी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुधीर केरकेट्टा अपने बड़े भाई पतरस केर केट्टा के साथ पिता पौलुस केरकेट्टा के द्वारा बनाए गए नए घर में रहते थे जबकि उनके परिवार के अन्य सदस्य वहां से दूर कुछ ही दूर लूकैया स्थित पुराने घर में रहते हैं। पतरस के अनुसार गुरुवार की रात किसी बात को लेकर उसकी बहस छोटे भाई सुधीर से हो गई थी और इसी बात से नाराज होकर उसने रात में ही लाठी से पीट कर उसकी हत्या कर दी। ग्रामीणों के अनुसार पतरस ने खुद ही अपने भाई की हत्या किए जाने की बात शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों को बताई थी। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर पहुंची चान्हो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया वहीं पतरस को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार पतरस पुलिस को आता देख भागने की फिराक में था पुलिस ने उसे वहां से कुछ दूर रामदगा से पकड़ा था। सुधीर के सादी नहीं हुई थी इसलिए वह अपने बड़े भाई से रहता था।

# विवाह के उद्देश्य से षड्यंत्र करके धर्म परिवर्तन किए जाने पर केंद्रीय स्तर से जांच की मांग के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री को उपायुक्त द्वारा आवेदन सौंपा गया

**सहज सरल कुड़मी लड़की को प्रलोभन देकर अनैतिक रूप से धर्मांतरण निंदनीय कृत्य- अजीत प्रसाद महतो**




**सरायकेला।** आदिवासी कुड़मी समाज के तत्वावधान में झिमड़ी प्रकरण एक लड़की एवं तस्लीम अंसारी को लेकर समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोहर महतो की अध्यक्षता में सरायकेला स्थित सर्किट हाउस में एक आवश्यक बैठक किया गया।इस बैठक के मुख्य अतिथि आदिवासी कुड़मी समाज के मुलखुंटी मुलमान्ता (संयोजक) अजीत प्रसाद महतो ने कहा कि कुड़मी समाज के महिलाओं की सहज सरल प्रवृत्ति को जानकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जैसे बहुत सारे लड़कियों को प्रोलोभन देकर अनैतिक रूप से धर्मांतरण जैसे अमानवीय कृत्य करने का काम किया है जिसे हम समाज की ओर से निंदा करते हैं।इस बैठक के माध्यम से केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र लिखा गया और उपायुक्त को सौंपा गया। पत्र के माध्यम से कहा गया कि सरायकेला जिला के नीमडीह प्रखंड के झिमड़ी गांव में दिनांक 26.4.25 को एक आदिवासी कुड़मी परिवार 19 वर्षीय लड़की को मो तस्लीम अंसारी जो दो पत्नी वाले तीन बच्चों के पिता है,उसने विवाह के उद्देश्य से घर से उठाकर पश्चिम बंगाल ले जाकर धर्म परिवर्तन के साथ-साथ असली नाम से फिजा खातून बना दिया।जिसकी जांच केंद्रीय स्तर से किए जाने की मांग आदिवासी कुड़मी समाज की ओर से किया जा रहा है।क्योंकि लड़की का मूल निवास स्थान झारखंड में है और धर्म परिवर्तन करने वाले व्यक्ति का मूल निवास स्थान निश्चित नहीं है। साथ ही साथ लड़की का धर्म परिवर्तन करके फिजा खातून बनाने का सारा सर्टिफिकेट पश्चिम बंगाल में बनाया गया है।कुड़मी समाज को इसमें संदेह है कि यह कार्य महिला तस्करी का भी षड्यंत्र हो सकता है।देश में इस तरह का घटना हमेशा ही देखा जाता है।इस जालसाजी कृत्य कार्य में कई सफेद पोस भी संलिप्त हो सकते हैं।इस धर्म परिवर्तन के खेल को रोकने के लिए उच्च स्तरीय केंद्रीय निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तथा निर्दोषों पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं होनी चाहिए।आदिवासी कुड़मी समाज की ओर से इसलिए इस घटना की केंद्रीय स्तर पर जांच की मांग की गई है।इस मौके पर आदिवासी कुड़मी समाज के महासचिव अधिवक्ता सुनील कुमार गुलिआर, केंद्रीय सहसचिव जयराम महतो,प्रदेश संगठन सचिव संजीव महतो, युवा मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विश्वजीत महतो, गुणधाम मुतरुआर, प्रभात कुमार महतो, बासुदेव महतो, गुहीराम महतो, राकेश रंजन, वशिष्ठ नारायण बांसरिआर, महादेव महतो, दुर्गा महतो, तपन कुमार महतो, मनोज कुमार महतो, कैलाश महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# नीट परीक्षा को लेकर उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में आयोजित हुई आवश्यक बैठक

**● नीट परीक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने को लेकर प्रशासन सख्त, उपायुक्त ने दिए निर्देश ● प्रश्न पत्र लीक से बचाव के लिए प्रशासन अलर्ट, सभी विभागों को सौंपे गए जिम्मेवारी ● उपायुक्त हेमंत सती ने कहा- किसी भी हाल में न हो लापरवाही, पूरी सतर्कता बरती जाए ● नीट परीक्षा से पहले होटल, धर्मशालाओं पर छापेमारी होगी तेज, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद**

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** आगामी 4 मई, 2025 को आयोजित होने वाली नीट (राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा) को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह उपस्थित थे। बैठक में परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की शुरुआत में उपायुक्त ने हाल ही में अन्य राज्यों में हुई नीट परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक की घटनाओं का उल्लेख करते हुए जिले में ऐसी किसी भी घटना को रोकने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए हमें हर स्तर पर सावधानीपूर्वक तैयारी करनी होगी। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले के सभी होटल, लॉज, मेरेज हॉल, धर्मशालाएं व अन्य संदिग्ध स्थलों पर गहनता से छापामारी की जाए ताकि कोई भी असामाजिक तत्व परीक्षा से पूर्व या उसके दौरान गड़बड़ी न फैला सके। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के आस-पास यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने, सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित करने और सीसी टीवी कैमरों की प्रभावी निगरानी को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की अनुमति न दी जाए। साथ ही, सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार, नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह सहित नगर थाना एवं जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में सभी पदाधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया गया ताकि नीट परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में संपन्न हो सके।



## शिकारीपाड़ा में दर्दनाक सड़क हादसा, दुल्हन समेत एक अन्य की हुई मौत

**शिकारीपाड़ा/दुमका/**

शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के दलदली गांव के पास बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई। जिसमें दुल्हन सहित एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई, तो वही चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिसका इलाज दुमका फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के नवपहाड़ गांव के चुमकई हंसदा की शादी पाकुड़ जिला के पाकुड़िया थाना के बाबूझूटी निवासी निर्मल मुर्मू के साथ हुई थी जिसका बुधवार को शादी का कुछ कार्यक्रम हुआ, इसके बाद परिजनों ने कहा कि गुरुवार को बेटी की विदाई नहीं होती है इसीलिए बुधवार देर रात ही 4 मोटरसाइकिल में 8 लोग बबुईझूटी के लिए चल दिए, लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था, दलदली गांव के पास पत्थर लोड ट्रक से एक पत्थर का टुकड़ा एक बाइक सवार के ऊपर गिर गया, सभी कोई रुक कर उस व्यक्ति का हालचाल लेने लगे, इसी बीच एक हाइ स्पीड ट्रक सभी को लपेटे में लिए और कुचलते हुए आगे निकल गया। इस घटना से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाकी 5 लोगों को इलाज के लिए दुमका फूलों झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां दुल्हन की भी मौत हो गई। इस घटना से परिजनों का रो रो कर भूरा हाल है।



## शिकारीपाड़ा महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का सांसद नलिन सोरेन ने किया उद्घाटन

**शिकारीपाड़ा/दुमका/**
**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता।**

शिकारीपाड़ा महाविद्यालय में नवनिर्मित भवन का दुमका सांसद नलिन सोरेन ने विधिवत रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया, इस दौरान सांसद नलिन सोरेन ने कहा कि महाविद्यालय परिसर में बने इस नए भवन से छात्र छात्राओं को निश्चित ही पहले से ज्यादा लाभ मिलेगा। इस महाविद्यालय में काफी संख्या में स्टूडेंट है, और नए भवन के बनने से अब पठन पाठन में कोई असुविधा नहीं है, सांसद ने महाविद्यालय के प्राचार्य और कर्मी को इस भवन का निर्माण करने को लेकर ध्यानवाद दिया। यहां बताते चले कि इस भवन के निर्माण में करीब 64 लाख रुपया खर्च हुए है भवन में ही छात्र छात्राओं के लिए सब सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान दृश्य को देखें तो शिकारीपाड़ा प्रखंड सहित विभिन्न प्रखंडों के छात्र छात्रा भी शिकारीपाड़ा महाविद्यालय में पढ़ने के लिए आते है, और बीते कुछ सालों में महाविद्यालय में छात्र छात्राओं की संख्या में वृद्धि हुई है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सिकंदर प्रसाद सिंह, सहित महाविद्यालय के प्रोफेसर, कर्मी एवं अन्य लोग मौजूद थे।



## एक दर्दनाक मोहब्बत की त्रासदी: बिरग्राम में पति-पत्नी ने खाया ज़हर, दोनों ने गंवाई जान

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**हिरणपुर (पाकुड़)** हिरणपुर थाना क्षेत्र के बिरग्राम गांव से एक दिल को झकझोर देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक नवविवाहित जोड़े ने ज़हर खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पति-पत्नी के इस सामूहिक आत्महत्या ने पूरे इलाके को सदमे में डाल दिया है।

जानकारी के अनुसार, मृतकों में अंकिम यादव और उनकी पत्नी नूतन देवी शामिल हैं। दोनों ने सल्फास नामक जहर खाकर खुदकुशी करने कि चर्चा है। नूतन देवी, गोड्डा जिले के हनवारा गांव निवासी स्वर्गीय सीताराम यादव की बेटी थीं।

ज़हर खाने के बाद दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। लेकिन किस्मत ने साथ नहीं दिया– अंकिम यादव ने पश्चिम बंगाल में दम तोड़ दिया, जबकि नूतन देवी ने पाकुड़ में अंतिम सांस ली।

बताया जा रहा है कि पिछले साल ही दोनों की शादी हुई थी। अभी तक आत्महत्या की असल वजह सामने नहीं आ सकी है, लेकिन माना जा रहा है कि आपसी विवाद ने यह खौफनाक मोड़ ले लिया।

एक नई ज़िंदगी की शुरुआत करने वाले इस जोड़े का इस तरह से अचानक अंत हो जाना न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे गांव के लिए गहरा सदमा है। यह घटना न सिर्फ रिश्तों की नाजुकता को उजागर करती है, बल्कि यह भी याद दिलाती है कि संवाद की कमी कितनी बड़ी त्रासदी का रूप ले सकती है।

कोई सुसाइड नोट नहीं मिला... कोई साफ वजह नहीं सामने आई... बस पीछे रह गई एक अधूरी कहानी, कुछ अनकहे शब्द, और हमेशा के लिए खामोश हो चुकी दो ज़िंदगियां।

बाकी अब जांच का विषय है आखिर क्यों दो जिंदगी गई।



## जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर अपर समाहर्ता ने की सुनवाई

**● प्राप्त आवेदनों पर लिया संज्ञान, संबंधित पदाधिकारियों को निष्पादन का दिया जरूरी निर्देश**



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़-** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। अपर समाहर्ता ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में प्रधानमंत्री आवास से संबंधित, जमीन से संबंधित, सड़क निर्माण से संबंधित एवं मईया सम्मान योजना आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे।

## जिले के विभिन्न प्रखंड में आयोजित आयुष जांच शिविर में 81 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया




**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

महेशपुर प्रखंड के महादेव नगर एवं अमड़ापाड़ा प्रखंड के तालझारी एवं हरिजन टोला में आयुष विभाग की ओर से शुक्रवार को आयुष कैंप लगाकर कुल 81 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ0 राजेश यादव, डॉ मिथलेश सिंह, अमरेश कुमार ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निःशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई। हेल्थ कैंप के साथ साथ पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत लोगों को पौष्टिक भोजन /संतुलित आहार /व्यायाम/ के बारे में भी बताया गया।

## महिला ने गुस्से में आकर कीटनाशक दवा खा लिया

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक विवाहित महिला ने गुस्से में आकर कीटनाशक दवा खा लिया। मिली जानकारी के अनुसार रसूलपुर दहला निवासी सुजीत कुमार की 26 वर्षीय पत्नी बेली देवी घर में मोबाइल के कारण पति से लड़ाई हो गया। जिससे वह गुस्से में आकर बेली देवी ने कीटनाशक दवा खाकर मूर्छित हो गई। जहां उक्त मूर्छित महिला को परिजनों ने इलाज के लिए आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उक्त महिला का इलाज में लग गए। वही इलाज करने के उपरांत उक्त महिला की हालत में सुधार है।

## जिला प्रशासन द्वारा सम्पूर्ण शिक्षा कवच कार्यक्रम के तहत जेईई मेन्स में सफल छात्रों के साथ प्रेरक सत्र का आयोजन किया गया

**उप विकास आयुक्त ने छ्वश्वश्व एडवांस के लिए रैंकर्स को साझा किया सफलता के मंत्र**

**दुमका/**

झारखंड के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के ग्रामीण जिले दुमका में संचालित सरकारी तकनीकी-आधारित त्वरित शिक्षण कार्यक्रम सम्पूर्ण शिक्षा कवच ने हाल ही में आयोजित IIT-JEE मेन्स परीक्षा में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। इस एआई तकनीक-संचालित कार्यक्रम ने वर्षों से छात्रों में बने सीखने के अंतर को पहचाना और तत्काल शिक्षण प्रदान कर 1-1 सत्रों के माध्यम से उनकी सीखने की गति को तेज किया। सीमित संसाधनों के कारण, ये निम्न-आय वर्ग के छात्र अपने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी तक नहीं कर पाते थे, उच्च प्रतिस्पर्धी प्रवेश परीक्षाओं की बात तो दूर थी।

उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने बताया यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि झारखंड के टॉप 8 प्रदर्शन करने वाले छात्र दुमका के गांवों से हैं। इन छात्रों में गौरव कुमार (98.78%), ललन कुमार (97.88%), पियूष कुमार (97.74%), अभिषेक कुमार गुप्ता (97.71%), अभिनव राज (93.31%), शिब्ली मोहम्मद (85.64%), आदित्य कुमार (82.98%) और अन्य शामिल हैं, जिन्होंने ग्रामीण निम्न-आय पृष्ठभूमि की चुनौतियों को पार कर यह अद्भुत उपलब्धि हासिल की। इन छात्रों की सफलता के बाद अब वे JEE एडवांस परीक्षा की तैयारी में जुट गए हैं। उपायुक्त ने जोड़ा, हमने पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर परिणाम दिखाए हैं और हमें आने वाली परीक्षाओं में और बेहतर परिणामों की उम्मीद है। जिला प्रशासन लगातार दुमका के छात्रों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रयासरत है ताकि उन्हें एक बेहतर भविष्य मिल सके।÷

उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा ने कार्यक्रम की बारीकी से निगरानी करते हुए ऑनलाइन मोटिवेशनल सेमिनार आयोजित किया। जिसमें सफल छात्रों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी। उप विकास आयुक्त ने छात्रों के साथ आगामी JEE एडवांस परीक्षा में स्कोर अधिकतम करने के लिए अपने सीखने के मंत्र साझा किए, जिसमें टेस्ट सीरीज़ और उसके विश्लेषण पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि छात्रों को परीक्षा तक जिला सर्किट हाउस में निःशुल्क आवास और भोजन की सुविधा तथा काउंसलिंग और प्रवेश प्रक्रिया में हर प्रकार की सहायता दी जाएगी। उप विकास आयुक्त ने बताया कि किस प्रकार पिछले वर्ष जिला प्रशासन ने दुमका के निखिल कुमार को IIT धनबाद में प्रवेश दिलाने में मदद की थी। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि हमारे छात्र राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करें, और इसके लिए उन्हें कक्षा के भीतर और बाहर दोनों जगह समर्थन देना आवश्यक है। हम उन्हें 24×7 व्यक्तिगत शिक्षण सहायता और केंद्रित समूह सत्र प्रदान करते हैं। कई परीक्षाओं के साथ, हमने उनके सीखने के स्तर में सकारात्मक परिवर्तन पाया है, जो JEE मेन्स के परिणामों में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि JEE एडवांस के लिए इन छात्रों की तैयारी सख्त और व्यवस्थित हो।

## संक्षिप्त समाचार

### चार बरसों से फरार एनबीडब्ल्यू वारंटी को पुलिस गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत से भेजा जेल



**प्रतिनिधि रामगढ़**

रामगढ़ पुलिस ने ग्राम साधुडीह थाना रामगढ़ ,जिला दुमका निवासी एंव चार बरसों से फरार एनबीडब्ल्यू वारंटी रमेश टुडु ,पिता चरण टुडु को रामगढ़ थाना कांड संख्या 58/2022 को दिनांक 1/5/2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत के बाद जेल भेज दिया है। गिरफ्तार वारंटी रमेश टुडु विगत 04 बरसों से फरार चल रहा था।

### दिव्यांग तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए निशुल्क सहायता उपकरण का लगाया गया कैंप



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**हिरणपुर (पाकुड़ )** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी टुडू दिलीप और बीपीओ ट्विंकल चौधरी एवं रांची से आए हुए अविनाश कुमार एस्ट्रोलॉजिस्ट और गौरव कुमार के द्वारा फिर से शिविर लगाया गया। जिसे जिला समाज कल्याण विभाग भारत सरकार के द्वारा एलमेक हिरणपुर प्रखंड में जांच शिविर फिर से लगाकर बचे हुए दिव्यांग लोगों को चिन्हित कर उसे उसके जोरात के हिसाब से उन सब को उपकरण दिया जाएगा ए डी ई पी के योजना के तहत व्हील चेयर,बैटरीटेयल, बैटरी साईकिल, कान का मशीन, शिपी चेयर, र वी ये वित्त जनों राज्य वाई श्री योजना में कमर का बेल्ट घुटनों का बेल्ट कान का मशीन इत्यादि उन चिन्हित विकलांगों का प्रमाण पत्र चिन्हित करके उनके जोरात के हिसाब से उपकरण दिया जाएगा जो बिल्कुल निशुल्क रहेगा इन सभी बिंदुओं पर प्रकाश डालें अविनाश कुमार ऑडियोलॉजिस्ट एवम गौरव कुमार पी न ओ जो रांची से आए हुए थे। सिविल में लगभग 25 दिव्यांग आए हुए थे आए हुए दिव्यांग में से किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो जिसके लिए जेरॉक्स आदि की व्यवस्था किया गया, इसी चीज को ध्यान में रखते हुए की किसी पेपर की चलते, सिविल में आए हुए किसी भी दिव्यांग व्यक्ति को किसी भी प्रकार के लाभ से वंचित न रहना पड़े।

### आयुष्मान आयोग मंदिर का किया गया राष्ट्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन




**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**हिरणपुर ( पाकुड़)** प्रखंड अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर रामनाथपुर में गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को भारत सरकार के दो मूल्यांकन की टीम द्वारा वर्चुअल मोड के मध्य हिरणपुर स्थित रामनाथपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में राष्ट्रीय गुणवत्ता अशवासन मानक का राष्ट्रीय मूल्यांकन किया गया, आम जनों के लिए रोगी देखभाल सेवाओं की गुणवत्ता की जांच करने के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आशवसान मानक चेकलिस्ट का उपयोग करके मूल्यांकन किया गया है। मूल्यांकन के परिणाम भारत सरकार के द्वारा 15 दिन से एक महीना के भीतर घोषित किए जाएंगे इस हॉटस्टार पर उपस्थित सिविल सर्जन डॉक्टर मंटू कुमार टेकरीवाल, हिरणपुर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर सुनील कुमार सिंह, एवं सभी स्वास्थ कर्मी सम्मिलित रहे।

### शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र की कजलादहा मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक की गई जान

**शिकारीपाड़ा/दुमका/**

शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के कजलादहा मोड़ के पास गुरुवार देर रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की जान चली गई, बताते चले की युवक परमेश्वर टुडू पाकुड़ जिले की खक्सा गांव का रहने वाला था, वह अपने गांव से शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के रमजान गांव जा रहा था उसी दौरान टेलर ने युवक को चपेट में ले लिया,जिससे युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई , तो वही टेलर अनियंत्रित होकर जाकर पेड़ से टकरा गया एवम् टेलर में आग लग गई, घटना की सूचना मिलते ही शिकारीपाड़ा पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर लाश को कब्जे में लेकर शुक्रवार पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया है, और आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

वहीं शुक्रवार को दूसरी सड़क दुर्घटना शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के कर्माटांड़ मोड़ के पास घटी जब तेज रफ्तार हाईवा अनियंत्रित होकर पलट गया ,गनीमत रही कि इसमें किसी की जान नहीं गई वरना पिछले कुछ दिनों से तेज रफ्तार के कारण अब तक कई जाने जा चुकी है। यहां बताते चलें कि शिकारीपाड़ा में तेज रफ्तार का कहर जारी है, खास कर टेलर वाहन जो सीमा से अधिक तेज रफ्तार में चलती है जिसके कारण आए दिन सड़क दुर्घटना घट रही है।

प्रशासन को इन तेज रफ्तार टेलर पर लगाम लगाने की जरूरत है नहीं तो आगे भी इस प्रकार की दुर्घटना घट सकती है।

# अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती रुपए की ताकत एवं भारत में बढ़ता विदेशी मुद्रा भंडार



प्रहलाद सबनानी

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में भले स्थितियां ठीक नहीं दिखाई दे रहीं है, परंतु भारत में आंतरिक मजबूती के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था अभी भी विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियाई विकास बैंक, स्टैंडर्ड एवं पूअर आदि अंतरराष्ट्रीय रेटिंग संस्थानों ने भी वित्तीय वर्ष 2025-26 में, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक क्षेत्र में विकसित हो रही विपरीत परिस्थितियों के बीच भी, भारतीय अर्थव्यवस्था के 6 प्रतिशत से अधिक की दर से आगे बढ़ने की सम्भावना व्यक्त की है।**

दिनांक 7 फरवरी 2025 को अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत सबसे निचले स्तर अर्थात 87.44 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गई थी। इसके बाद धीरे धीरे इसमें सुधार होता हुआ दिखाई दिया है एवं अब दिनांक 30 अप्रेल 2025 को यह 84.50 रुपए प्रति डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। वहीं दिनांक 18 अप्रेल 2025 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेज गति से आगे बढ़ता हुआ 68,610 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है और यह दिनांक 27 सितम्बर 2024 के उच्चतम स्तर 70,489 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर के बहुत करीब है। भारतीय रुपए की मजबूती एवं विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि ऐसे समय में हो रही है जब विश्व के समस्त देश अमेरिकी प्रशासन के टैरिफ युद्ध का सामना करते हुए संकट में दिखाई दे रहे हैं। परंतु, भारत पर टैरिफ युद्ध का असर लगभग नहीं के बराबर दिखाई दे रहा है। यह भी सही है कि हाल ही के समय में अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर पर दबाव बढ़ा है और अमेरिकी डॉलर इंडेक्स लगभग 109 के स्तर से नीचे गिरकर दिनांक 30 अप्रेल 2025 को 99.43 के स्तर पर आ गया है। शायद अमेरिका भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर की मजबूती को कम करना चाहता है ताकि अमेरिका में आयात महंगे हों एवं अमेरकी निर्यातकों को अधिक लाभ पहुंचे। परंतु, अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर पर दबाव के बढ़ने से सोने की कीमतों में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है और यह दिनांक 22 अप्रेल 2025 को अपने उच्चतम स्तर 3500 अमेरिकी डॉलर प्रति आउन्स पर पहुंच गई थी। साथ ही, अमेरिकी शेयर बाजार भी धराशायी हुआ है और डाउ जोंस एवं अन्य इंडेक्स में भारी गिरावट दर्ज हुई है। अब ऐसा आभास हो रहा है कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा विभिन्न देशों के विरुद्ध छेड़े गए टैरिफ युद्ध का विपरीत असर अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर होता हुआ दिखाई दे रहा है।

भारतीय रुपए के मजबूत होने के चलते भारतीय शेयर (पूंजी) बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशक एक बार पुनः अपना निवेश बढ़ाने लगे हैं एवं पिछले लगातार 8 दिनों से इन विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में शेयरों की भारी मात्रा में खरीद की है। जबकि, सितम्बर 2024 के बाद से विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय शेयर बाजार से लगातार अपना निवेश निकाल रहे थे और इस बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों ने लगभग 3 लाख करोड़ रुपए के शेयरों की बिक्री भारतीय शेयर बाजार में की है। जिसके चलते भारतीय शेयर बाजार के निफ्टी इंडेक्स में लगभग 3500 अंकों की भारी गिरावट दर्ज हुई थी। परंतु, भारतीय संस्थागत निवेशकों, भारतीय म्यूचअल फण्ड एवं खुदरा निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में अपना निवेश बढ़ाकर भारतीय पूंजी बाजार को सम्हालने में मदद की है अन्यथा भारतीय शेयर बाजार क्रेश हो गया होता। परंतु, अब भारतीय शेयर बाजार में सुधार होता हुआ दिखाई दे रहा है एवं अब एक बार पुनः यह आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। हाल ही के समय में निफ्टी इंडेक्स में लगभग 1500 अंकों की वृद्धि दर्ज हुई है।



वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत के विदेशी व्यापार में लगभग 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। विभिन्न देशों को भारत से निर्यात 5.50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 82,093 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गए हैं वहीं अन्य देशों से भारत में होने वाले आयात 6.85 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 91,519 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गए हैं। निर्यात की तुलना में आयात में वृद्धि दर अधिक रही है जिसके चलते भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 9,426 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। व्यापार घाटे के बढ़ने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव बढ़ा और रुपया कमजोर हुआ। भारत में कच्चे तेल एवं स्वर्ण का आयात भारी मात्रा में होता है। मुख्य रूप से इन्हीं दो मदों की कीमतें भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ीं थी, जिसका प्रभाव भारत में अधिक आयात के रूप में दिखाई दिया है। परंतु, अब हर्ष की बात है कि कच्चे तेल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में 75 अमेरिकी डॉलर प्रति बेरल से घटकर लगभग 65 अमेरिकी डॉलर प्रति बेरल पर नीचे आ गई है और स्वर्ण के महंगे होने के चलते स्वर्ण का आयात भी कुछ कम हुआ है। उक्त दोनों घटनाओं के परिणाम स्वरूप अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव कुछ कम होता हुआ दिखाई दे रहा है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में भले स्थितियां ठीक नहीं दिखाई दे रहीं है, परंतु भारत में आंतरिक मजबूती के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था अभी भी विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियाई विकास बैंक, स्टैंडर्ड एवं पूअर आदि अंतरराष्ट्रीय रेटिंग संस्थानों ने भी वित्तीय वर्ष 2025-26 में, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक क्षेत्र में विकसित हो रही विपरीत परिस्थितियों के बीच भी, भारतीय अर्थव्यवस्था के 6 प्रतिशत से अधिक की दर से आगे बढ़ने की सम्भावना व्यक्त की है। जबकि यूरोप के कुछ देशों यथा जर्मनी, कनाडा आदि एवं ब्रिटेन तथा अमेरिका में मंदी की सम्भावनाएं स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रही हैं। अमेरिका में तो वर्ष 2025 की प्रथम तिमाही (जनवरी-मार्च 2025) में आर्थिक विकास दर में 0.3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। लगभग यही हाल यूरोप के कई देशों तथा जापान आदि का है। चीन की आर्थिक विकास दर में भी गिरावट आती हुई दिखाई दे रही है। यदि जापान एवं जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं में वर्ष 2025 एवं 2026 में गिरावट दर्ज होती है और भारतीय अर्थव्यवस्था 6 प्रतिशत की विकास दर हासिल कर लेती है तो बहुत सम्भव है कि वर्ष 2025 में जापान एवं वर्ष 2026 में जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए भारत विश्व में अमेरिका एवं चीन के बाद तीसरे नम्बर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विपरीत परिस्थितियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से आगे बढ़ने के पीछे भारत की आंतरिक मजबूती मुख्य भूमिका निभाती हुई दिखाई दे रही है। भारत में अभी हाल ही में महाकुम्भ मेला सम्पन्न हुआ है, इस महाकुम्भ में लगभग 66 करोड़ भारतीय मूल के नागरिकों ने पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। इतनी भारी मात्रा में नागरिकों के यहां पहुंचने से भारतीय अर्थव्यवस्था को बल ही मिला है। महाकुम्भ में भाग ले रहे प्रत्येक नागरिक ने औसत रूप से यदि 2000 रुपए भी प्रतिदिन खर्च किए हों और प्रत्येक नागरिक ने औसतन कुल तीन दिवस भी महाकुम्भ में बिताएं हों तो भारतीय अर्थव्यवस्था को 396,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त लाभ पहुंचा है। रोजगार के लाखों अवसर निर्मित हुए हैं, यह अलग लाभ रहा है। आधारभूत सुविधाओं को विकसित किया गया जिसका लाभ आने वाले कई वर्षों तक देश को मिलता रहेगा। देश में धार्मिक पर्यटन भी भारी मात्रा में बढ़ा है जिसका प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत अच्छे रूप में दिखाई दे रहा है। धार्मिक पर्यटन एवं महाकुम्भ के चलते ही अब यह आंकलन हो रहा है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की चतुर्थ तिमाही (जनवरी-मार्च 2025) में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हो सकती है।

## संपादकीय

# सार्थक रूप देना होगा

आखिरकार केंद्र सरकार ने बुधवार को देश में जातीय जनगणना कराने का चिर-प्रतीक्षित निर्णय ले लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में राजनीतिक मामलों की कैबिनेट की बैठक में जातीय गणना को हरी झंड़ी दी गई। यानी अगले वर्ष संभावित जनगणना के साथ ही जातीय जनगणना भी होगी। देश में आजादी के बाद पहली बार जातिवार गणना की जाएगी। पहलगाम कांड़ के बाद अचानक से लिये गए फैसले से हालांकि सियासी दलों से लेकर आमजन भी चौंक गए। क्योंकि अभी किसी को भी यह भान नहीं था कि सरकार इस तरह का कोई बड़ा फैसला लेगी। इससे पहले कई बार जाति सर्वेक्षण हुए हैं, लेकिन पूरी गणना नहीं की गई। स्वाभाविक तौर पर सरकार के इस कदम से सियासत में उबाल आ गया है। एक तरफ जहां विपक्ष इसे अपनी जीत बता रहा है वहीं सत्ताधारी भाजपा इतिहास का हवाला देकर कह रही है कि कांग्रेस ने हमेशा से जातिवार गणना का विरोध किया। बहरहाल, जाति भारतीय समाज की सचाई है। इसे न तो उपेक्षित रखा जा सकता है और न इसके खिलाफ जाया जा सकता है। जाति के आधार पर ही विकास के पैमाने तय होते हैं। जाति के आंकड़े. नियम बनाने और उन पर अमल करने के साथ ही देश के संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए बेहद जरूरी होते हैं। इससे इस बात की सटीक जानकारी हासिल होती है कि कौन सी जातियां तमाम नीतियों, सुविधाओं और आरक्षण के बावजूद किस हालत में है और उनमें इतने वर्षों के दरमियान किस तरह का बदलाव आया है। अलबत्ता, इस काम में पांच साल का विलंब हो चुका है। यहां तक कि गृह मंत्रालय ने अभी भी यह नहीं बताया है कि वृहद गणना किस तारीख से कराई जाएगी। अच्छा होता सरकार इस बारे में भी कैबिनेट की पहली बैठक में ही स्थिति साफ करती। जहां तक राजनीति की बात है, विपक्ष खासकर कांग्रेस इस मसले पर लगातार आक्रामक रुख अख्तियार किए हुए थी। वहीं राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव भी इसे अपनी जीत बता रहे हैं। चूंकि बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होना है, लाजिमी है इसका श्रेय लेने की होड़. मचेगी, मगर सभी-आम जन और सियासी दलों-को इस तथ्य पर ज्यादा गंभीर और संवेदनशील होना होगा कि इस फैसले को राजनीतिक जंजाल में न फंसाकर इसे सार्थक रूप देने की पहल करें।



## चिंतन-मनन

# राजा की उदारता


राजा भोज के नगर में एक विद्वान ब्राह्मण रहते थे। एक दिन गरीबी से परेशान होकर उन्होंने राजभवन में चोरी करने का निश्चय किया। रात में वे वहां पहुंचे। सभी लोग सो रहे थे। सिपाहियों की नजरों से बचते हुए वह राजा के कक्ष तक पहुंच गए। स्वर्ण, रत्न, बहुमूल्य पात्र इधर-उधर पड़े थे। किंतु वे जो भी वस्तु उठाने का विचार करते, उनका शास्त्र ज्ञान उन्हें रोक देता। ब्राह्मण ने जैसे ही स्वर्ण राशि उठाने का विचार किया, मन में स्थित शास्त्र ने कहा- स्वर्ण चोर नर्पगामी होता है। जो भी वे लेना चाहते, उसी की चोरी को पाप बताने वाले वाक्य उनकी स्मृति में जाग उठते। रात बीत गई पर वे चोरी नहीं कर पाए। सुबह पकड़े जाने के भय से ब्राह्मण राजा के पलंग के नीचे छिप गए। महाराज के जागने पर रानियां व दासियां उनके अभिवादन हेतु प्रस्तुत हुई। राजा भोज के मुंह से किसी श्लोक की तीन पंक्तियां निकली। फिर अचानक वे रुक गए। शायद चौथी पंक्ति उन्हें याद नहीं आ रही थी। विद्वान ब्राह्मण से रहा नहीं गया। चौथी पंक्ति उन्होंने पूर्ण की।

महाराज चौंके और ब्राह्मण को बाहर निकलने को कहा। जब ब्राह्मण से भोज ने चोरी न करने का कारण पूछा तो वे बोले- राजन्, मेरा शाछ्य ज्ञान मुझे रोकता रहा। उसी ने मेरी धर्म रक्षा की। राजा बोले- सत्य है कि ज्ञान उचित-अनुचित का बोध कराता है, जिसका धर्म संकट के क्षणों में उपयोग कर उचित राह पाई जा सकती है। राजा ने ब्राह्मण को प्रचुर धन देकर सदा के लिए उनकी निर्धनता दूर की दी।

# जाति जनगणना विभाजन का नहीं, विकास का आधार बने



ललित गर्ग



पहलगाम की क्रूर एवं बर्बर आतंकी घटना के बाद मोदी सरकार लगातार पाकिस्तान को करारा जबाव देने की तैयारी के अति जटिल एवं संवेदनशील दौर में एकाएक जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लेकर न विपक्षी दलों को बल्कि समूचे देश को चौकाया एवं चमत्कृत किया है। सरकार का यह निर्णय जितना बड़ा है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। मोदी सरकार का जातिगत जनगणना के लिए तैयार होना सुखद और स्वागतयोग्य है। पिछले कुछ समय से जातिगत जनगणना की मांग बहुत जोर-शोर से हो रही थी। कुछ राज्यों में तो भाजपा भी ऐसी जनगणना के पक्ष में दिखी थी, पर केंद्र सरकार का रुख इस पर बहुत साफ नहीं हो रहा था। अब अचानक ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राजनीतिक मामलों की उच्चस्तरीय कैबिनेट समिति की बैठक में यह फैसला ले लिया गया। बाद में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना भी शामिल रहेगी। यह कदम जहां देश के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को बदलेगा, वही सामाजिक असमानताओं को दूर करने और वंचित समुदायों के उत्थान के लिए लक्षित नीतियों को लागू करने में मील का पत्थर साबित होगा।

जातिगत जनगणना 1931 यानी अखंड भारत में अंग्रेजी सत्ता ने कराई थी। भारत में जनगणना की शुरूआत अंग्रेजी हुकूमत के दौर में, सन 1872 में हुई थी और 1931 तक हुई हर जनगणना में जाति से जुड़ी जानकारी को भी दर्ज किया गया। आजादी के बाद सन् 1951 में जब पहली बार जनगणना कराई गई, तो तय हुआ कि अब जाति से जुड़े आंकड़े नहीं जुटाए जाएंगे। स्वतंत्र भारत में हुई जनगणनाओं में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े डेटा को ही पब्लिश किया गया। 2011 में मनमोहन सरकार ने जातिवार जनगणना कराई अवश्य, लेकिन उसमें इतनी जटिलताएं एवं विसंगतियां मिलीं कि उसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए। इसके बाद कुछ राज्यों ने जातियों की गिनती करने के लिए सर्वे कराए, क्योंकि जनगणना कराने का अधिकार केवल केंद्र को ही है। हालांकि भाजपा ने बिहार में जाति आधारित सर्वे का समर्थन किया, लेकिन जातिगत जनगणना को लेकर वह मुखर नहीं रही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अवश्य इसका समर्थन किया। लेकिन अब एकाएक भाजपा को जातिगत जनगणना करना अपने हित में दिखाई दिया क्योंकि अपनी नीतियों एवं योजनाओं के बल पर भाजपा ने पिछड़ी जातियों और दलितों की गोलबंदी कर सत्ता का सफर आसान बनाया है।

जातिगत जनगणना का भारतीय राजनीति और समाज-व्यवस्था पर व्यापक एवं दूरगामी प्रभाव पडेगा। कांग्रेस और कुछ क्षेत्रीय दल इसकी पुरजोर मांग करने में लगे हुए थे। सबसे ज्यादा जोर राहुल गांधी दे रहे थे, जबकि नेहरू से लेकर नरसिंह राव तक ने इसकी जरूरत नहीं समझी। यह तय है कि जातिगत जनगणना कराने के फैसले पर जहां कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल इसका श्रेय लेना चाहेंगे, वहीं भाजपा इसे सामाजिक न्याय एवं समता-संतुलित समाज-निर्माण केंद्रित अपनी पहल बताएगी। जाति आधारित जनगणना सामाजिक न्याय में सहायक बनेगी या नहीं, लेकिन इससे जातिवादी राजनीति के नए दरवाजे खुलेंगे एवं आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर राजनीति की धूरी बनेगा। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों ने अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक नजरिये से यह मांग इसलिए उठाई थी ताकि इस आधार पर आगे आरक्षण के मुद्दे को गमार्या जा सके और जातीय गोलबंदी कर चुनावी फायदा लिया जा सके। लेकिन भाजपा-सरकार ने जाति जनगणना का ऐलान कर इस मुद्दे को अपनी पाली में ले लिया है। भले ही इसके आंकड़े आने के बाद आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग से भाजपा कैसे निपटेगी, यह बड़ी चुनौती उसके सामने है। वैसे भी इस तरह की पहल जिन राज्यों में हुई है, वहां भी इसे लेकर विवाद चल रहा है। ऐसे विवाद भाजपा के लिये एक नयी चुनौती बनेंगे। जाति आधारित जनगणना से भारतीय समाज के नये कोने-अंतरे-चुनौतियां सामने आयेगी। लेकिन जातिगत जनगणना के समर्थकों का मानना है कि यह सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम हो सकता है। जनगणना में दलितों और आदिवासियों की संख्या तो गिनी जाती है और उन्हें राजनीतिक आरक्षण भी मिला हुआ है लेकिन पिछड़ी और अति पिछड़ी (ओबीसी और ईबीसी) जातियों के कितने लोग देश में हैं इसकी गिनती नहीं होती है। जनगणना एक बहुत बड़ी कवायद है और अगर इसमें जातिगत गणना को भी शामिल किया जा रहा है, तो काम और भी सावधानी एवं सतर्कता से करना होगा। हजारों जातियां हैं और उनकी हजारों उप-जातियां हैं। सबको अलग-अलग गिनने के लिए देश को अपनी डिजिटल शक्ति का उपयोग करना पड़ेगा।

निश्चित ही नयी राजनीतिक एवं नीतिगत स्थितियां समस्याएं खड़ी होगी। अब सभी जातियों की गिनती होगी। यह गिनती मुस्लिम, ईसाई और अन्य समुदायों में भी होनी चाहिए, क्योंकि कोई दावा कुछ भी करे, जाति और उसके आधार पर विभेद सब जगह है। इससे भी ज्यादा आवश्यक, बल्कि अनिवार्य यह है कि जातिगत जनगणना जातिवाद की राजनीति का हथियार न बने और वह भारतीय समाज को विभाजित न करने पाए। इस अंदेशे को दूर करने के कुछ ठोस उपाय होने ही चाहिए कि जाति आधारित जनगणना जातीय विभाजन का कारण न बनने पाए। यह अंदेशा इसलिए है, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं कि कई राजनीतिक दल खुले रूप से जाति की राजनीति करते हैं। माना जाता है कि देश की आबादी में 52 फीसदी लोग पिछड़ी और अति पिछड़ी जाति के हैं। ओबीसी समुदाय के नेताओं का मानना है कि इस हिसाब से उनकी राजनीतिक हिस्सेदारी काफी कम है। राजनीतिक दल इन समुदायों का समर्थन हासिल करने के लिए जाति जनगणना का समर्थन कर रहे हैं।

भारत में जाति जनगणना आजादी के बाद रुकी, पर अब सामाजिक न्याय, नीतिगत सुधार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए इसकी जरूरत महसूस की जा रही है। पारदर्शिता और सावधानी से किया गया यह कदम समावेशी विकास का आधार बन सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जाति आधारित जनगणना को एक समतामूलक समाज निर्माण के दृष्टिकोण से समर्थन देने के संकेत दिए हैं। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि यह संवदेनशील मामला है और इसका इस्तेमाल राजनीतिक या चुनावी उद्देश्यों के लिए नहीं बल्कि पिछड़ रहे समुदाय और जातियों के कल्याण के लिए होना चाहिए। जाति जनगणना के आंकडे प्रस्तुत होने से राजनीति और ब्यूरोक्रेसी में पिछड़ी और अति पिछड़ी जातियों की हिस्सेदारी कितनी कम है, यह डर संभवतः भाजपा को सता रहा था। लेकिन भाजपा का यह डर या तो खत्म हो गया है, या फिर उसने बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में चुनावी लाभ लेने के लिए ये कदम उठाया है। भाजपा इसके खिलाफ थी, उसने जातिगत जनगणना को देश को बांटने की कोशिश करने वाला बताया था। लेकिन एनडीए में शामिल भाजपा की ज्यादातर सहयोगी पार्टियां इसके

# मोबाइल : यही समय है 'लॉग आउट' करने का



सोनम लववंशी

सोचिए, सुबह की पहली किरण नहीं, बल्कि मोबाइल की स्क्रीन आपकी नींद खोलती है। दिन भर की चहल-पहल नहीं, बल्कि नोटिफिकेशन की गूंज आपके दिल की धड़कनों को दिशा देती है। अब तो रिश्तों की ऊष्मा भी स्क्रीन की रोशनी में घुलती जा रही है। हम इंसान, जो कभी संवाद में जिया करते थे, अब सिग्नल में सांस लेते हैं। हाल में जी-5 पर रिलीज हुई फिल्म 'लॉगआउट' ने न सिर्फ इस भयानक आदत की ओर इशारा किया है, बल्कि सीधे-सीधे उन लोगों के गाल पर करारा तमाचा जड़ा है, जो अब तक स्मार्टफोन को अपना सबसे अच्छा दोस्त मान बैठे थे। फिल्म खत्म होने के बाद वे सिनेमा हॉल में चुप बैठे रहे। शायद वे अपने ही अंदर किसी खामोश चीख को सुन रहे थे।

वर्तमान समय में एक औसत भारतीय दिन के 7 घंटे से अधिक मोबाइल स्क्रीन पर बिताता है। अगर इसमें लैपटॉप, टीवी और अन्य डिजिटल उपकरण भी जोड़ दें, तो आंकड़ा 10 घंटे के पार जा पहुंचता है यानी एक व्यक्ति अपनी जिंदगी का लगभग आधा हिस्सा वर्चुअल दुनिया में गंवा देता है। यह वही समय है, जब वह अपने बच्चे को कहानी सुना सकता था, मां का हालचाल पूछ सकता था या खुद से कोई पुरानी किताब निकाल कर मन के कोनों को साफ कर सकता था।

मोबाइल की लत को हम 'स्मार्ट' होने का प्रतीक मान बैठे हैं। अजीब विडंबना है कि जिस यंत्र ने हमें पूरी दुनिया की जानकारी देने का वादा किया था, उसने हमें अपनों से ही बेखबर कर दिया है। अब खाना खाते समय 'रोटी' से ज्यादा 'रील' जरूरी हो गई है। बच्चों की पहली चाल की तस्वीर भी अब कैमरे के लिए होती है, यादों के लिए नहीं। अध्ययन बताते हैं कि स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने से न सिर्फ नींद कम होती है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर पड़ता है। डिजिटल डिप्रेशन, सोशल मीडिया एंग्जायटी, और फोमो आज फीयर ऑफ मिसिंग आउट जैसे नये विकारों ने शहरी युवाओं के मन-मस्तिष्क पर हमला बोल दिया है।

इंसान अब 'अकेले' नहीं रह सकता क्योंकि उसे हमेशा 'ऑनलाइन' रहना है। एक क्लिक से दुनिया बदलने की शक्ति रखने वाला आज खुद एक क्लिक का गुलाम बन चुका है। यहां यह भी समझना दिलचस्प होगा कि सोशल मीडिया कंपनियां जानबूझ कर इन प्लेटफॉर्म्स को डोपामिन ट्रिगर के अनुसार डिजाइन करती हैं। आपको एक नोटिफिकेशन मिलेगा, दिमाग खुश होगा, और आप फिर बारम्बार उसी प्रतिक्रिया की तलाश में वहां लौटेंगे। यह कोई संयोग नहीं है कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक जैसी कंपनियां आपको ह्यस्क्रॉलिंग के नशे' में बांधने के लिए मनोवैज्ञानिक तकनीकों का इस्तेमाल करती हैं। मगर दोष सिर्फ तकनीक का नहीं, हम खुद भी तैयार बैठे हैं अपने समय, ध्यान और जीवन को दांव पर लगाने के लिए। डिजिटल डिटॉक्स की बात करने वाले लोग भी एक तस्वीर अपलोड करने के बाद 50 बार चेक करते हैं कि कितने लाइक आए। आत्ममुग्धता और दिखावे की इस दौड़ में हम न सिर्फ खुद को खो चुके हैं, बल्कि अगली पीढ़ी को भी 'डिजिटल नशा' की लत लगा चुके हैं। 'लॉगआउट' जैसी फिल्में हमें सिर्फ एक कहानी नहीं दिखातीं, वह हमें आईना दिखाती है, वो आईना जिसमें हमारा चेहरा नहीं, बल्कि झुकी हुई गर्दन, थकी आंखें, और हमेशा व्यस्त रहने का भ्रम दिखाई देता है।

ऐसे में अब समय है सवाल पूछने का, वह भी अपने आपसे कि क्या हम अब भी सोचेंगे कि स्क्रीन टाइम एक निजी पसंद है, या इसे एक सामाजिक खतरे के रूप में देखेंगे? क्या हम अब भी मोबाइल को बच्चे का खिलौना समझ कर उसकी जड़ों में 'स्क्रीन का



जहर' घोलते रहेंगे? क्या हम 'कनेक्टेड' रह कर भी खुद से 'डिसकनेक्टेड' ही बने रहेंगे? समय की मांग है कि हम 'लॉगआउट' की पुकार को सिर्फ एक फिल्म का संदेश न समझें, बल्कि इसे जीवन में बदलाव लाने का एक अवसर भी मानें क्योंकि अगर अब भी हम नहीं जागे, तो वो दिन दूर नहीं जब इंसान की पहचान सिर्फ एक 'यूजरनेम' तक सीमित रह जाएगी और तब हम सभी को पूछना पड़ेगा क्या हमने तकनीक को अपनाया था, या तकनीक ने हमें निगल लिया? इसीलिए शायद यही सही समय है.'लॉगआउट' करने का।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक व संपादक **सरोज चौधरी** द्वारा ई-37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस लालगुटवा रांची से मुद्रित, **संस्थापक संपादक : स्व. राधाकृष्ण चौधरी, प्रबंध संपादक अरूण कुमार चौधरी * फोन :** 9471170557/08084674042, **ई-मेल :** aadivashiexpress@gmail.com

# जिला परिषद साहिबगंज में मंथन संगठन सृजन कार्यक्रम जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान की अध्यक्षता में हुई

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** बरहरवा दिनांक 01 मई 2025 दिन बृहस्पतिवार को उत्सव बैंक्विट हॉल जिला परिषद साहिबगंज में मंथन संगठन सृजन कार्यक्रम जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में दीपिका पांडे, ग्रामीण विकास मंत्री झारखंड सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह साहिबगंज जिला कमेटी के प्रदेश प्रभारी मणि शंकर उपस्थित रहे। संगठन सशक्तिकरण के लिए आयोजित इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस जिला के प्रभारी मणि शंकर ने एजेंडा बताते हुए यह उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष एवं अगड़ी संगठन के पदाधिकारी को निर्देश दिया की अभिलंब प्रखंड कांग्रेस कमेटी का गठन कर सूची जमा करें तथा आगामी 15 में तक पंचायत कमेटियों की सूची जमा करें 6 मई को प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित संविधान बचाओ रैली में बढ़ चढ़कर साहिबगंज के कांग्रेसी कार्यकर्ता अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। मणि शंकर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विगत कुछ वर्षो से मल्लिका अर्जुन खड़गे एवं राहुल के नेतृत्व में देशभर में जातीय जनगणना करने का संघर्ष सड़क से सदन तक कांग्रेस पार्टी ने किया कल कांग्रेस पार्टी की बहुत बड़ी जीत हुई जब मोदी सरकार को कांग्रेस की मांग को मनाना पड़ा और मोदी सरकार के कैबिनेट ने घोषणा किया की पूरे देश में जातीय जनगणना कराई जाएगी। मणि शंकर ने बैठक में प्रस्ताव लाया कि इस कांग्रेस की जीत के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी के प्रति आभार प्रकट किया गया। साथी ही सिर्फ नेतृत्व को बधाई दी गई कि कांग्रेस की यह बहुत बड़ी विजय है। उपस्थित सभी पदाधिकारी ने हाथ खड़ा करके इस प्रस्ताव को अपना समर्थन प्रदान किया और पारित किया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री एवं साहिबगंज जिला कांग्रेस के प्रभारी मंत्री दीपिका पांडे ने इस बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता इस पार्टी के रीड हैं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को किसी भी तरीके की ग्रामीण विकास मंत्रालय से मदद की जरूरत होगी तो बतौर मंत्री हम उनकी मदद करेंगे साथी ही उन्होंने आगामी 6 तारीख को रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का न्योता दिया। ग्रामीण विकास मंत्री ने साहिबगंज जिला के बदहाल सड़कों पर चिंता व्यक्त की एवं विश्वास व्यक्त किया कि जल्द ही उचित कदम उठाकर के इन सड़कों का पुनर्निर्माण कराया जाएगा। इस मौके पर बासुकीनाथ यादव, अशोक पासवान, नित्यानंद गुप्ता, सरफराज आलम, अनिल ओझा, मो सलाउद्दीन, रंजीत टुडू, शहनवाज नासिर, नावेद अंजुम डालिम, दिलदार आलम, नेहाल अख्तर, मिथुन मंडल, निताई सरकार, अनीता साह, तनवीर राजा, ताबिश इकबाल, गुलाम रब्बानी, मंटू यादव, सूरज पासवान, लक्ष्मण मंडल, देवेंद्र प्रसाद ठाकुर, सतीश कुमार पासवान, महेंद्र पासवान, भोलानाथ महतो, अजीत कुमार रॉय, सहित जिले के सभी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, महिला अध्यक्ष एवं सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं दर्जनों कांग्रेसजन शामिल रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** महिला थाना (साहिबगंज) अंतर्गत प्रेम प्रसंग में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत में। मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद तौसीफ अली उर्फ अमन उम्र 23 वर्षीय, पिता अफसर आलम, साकिन सुंदरपुर, थाना पीरपैंती, जिला भागलपुर (बिहार) महिला थाना साहिबगंज कांड संख्या 4/25, दिनांक 26 फरवरी 25, धारा 69/353/356(2)/356(3)/3(5) भाश न्याश साश एवं 66बी/66सी, 67/67(ए) आई. टी. एक्ट के तहत पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर, अभियुक्त को चिकित्सा जांच कराने के उपरांत पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### मजदूर भाइयों को अंग वस्त्र एवं मिठाई खिलाकर उन्हें सम्मानित किया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** आज दिनांक 1 मई 2025 को आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष चतुरानंद पांडे के द्वारा मजदूर दिवस के शुभ अवसर पर खदान एवं क्रेशर प्लांट में कार्यरत मजदूर भाइयों को अंग वस्त्र एवं मिठाई खिलाकर उन्हें सम्मानित किया। आजसू पार्टी हर वर्ष अपने मजदूर भाइयों को मजदूर दिवस के अवसर पर राज्य के सभी जिलों में सम्मानित कर उनके प्रति आभार व्यक्त करता है। क्योंकि मजदूरों के परिश्रम से ही राष्ट्र का निर्माण की परिकल्पना निश्चित होती है। कोई भी देश का विकास तभी होता है जब वहां के मजदूर अपने कठिन परिश्रम से कार्य करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष शशिकांत दुबे, वकील मंडल, शशिकांत, किशोर शर्मा, राजेंद्र यादव, कैलाश स्वर्णकार, गंगाराम मुर्मू, गोविंद सिंह, नारायण सिंह, मो जैनुद्दीन, मो कैमूर, बीपी पहाड़िया, बुझना पहाड़िया, गोविंद पासवान, संतोष पासवान, सोनू मिश्रा, कृष्ण कुमार पांडे, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर का सिविल सर्जन ने किया उद्घाटन



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज सदर अस्पताल साहिबगंज, अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल में शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन, साहिबगंज द्वारा किया गया।कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर सिविल सर्जन ने कहा कि, रक्तदान एक महान कार्य है जिससे किसी की जान बचाई जा सकती है। सभी स्वास्थ्य कर्मियों और नागरिकों को चाहिए कि वे आगे आकर इस कार्य में भाग लें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों से विशेष रूप से अपील की वे नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। शिविर में दो स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा सिविल सर्जन की उपस्थिति में उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान के उपरांत डोनर को एक गिफ्ट और डोनर कार्ड प्रदान किया गया, ताकि उनके योगदान को सम्मानित किया जा सके और वे भविष्य में भी प्रेरित हो सकें। शिविर में उपाधीक्षक एसडीएच राजमहल, बीपीएम, बीडीएम, लिपिक, एलटी, फार्मासिस्ट अन्य अस्पताल कर्मी एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

### उपयुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का हुआ आयोजन



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** उपयुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी हेमंत सती द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उपयुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपयुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें।साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके।ज्ञात हो कि हर सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## जिला परिषद साहिबगंज में मंथन संगठन सृजन कार्यक्रम जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान की अध्यक्षता में हुई

**बैठक में दीपिका पांडे, ग्रामीण विकास मंत्री झारखंड सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही**

**अजय कुमार कुशवाहा**
**आदिवासी एक्सप्रेस**

**साहिबगंज।** बरहरवा दिनांक 01 मई 2025 दिन बृहस्पतिवार को उत्सव बैंक्विट हॉल जिला परिषद साहिबगंज में मंथन संगठन सृजन कार्यक्रम जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में दीपिका पांडे, ग्रामीण विकास मंत्री झारखंड सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह साहिबगंज जिला कमेटी के प्रदेश प्रभारी मणि शंकर उपस्थित रहे। संगठन सशक्तिकरण के लिए आयोजित इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस जिला के प्रभारी मणि शंकर ने एजेंडा बताते हुए यह उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष एवं अगड़ी संगठन के पदाधिकारी को निर्देश दिया की अभिलंब प्रखंड कांग्रेस कमेटी का गठन कर सूची जमा करें तथा आगामी 15 में तक पंचायत कमेटियों की सूची जमा करें 6 मई को प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित संविधान बचाओ रैली में बढ़ चढ़कर साहिबगंज के कांग्रेसी कार्यकर्ता अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। मणि शंकर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विगत कुछ वर्षों से मल्लिका अर्जुन खड़गे एवं राहुल के नेतृत्व में देशभर में जातीय जनगणना करने का संघर्ष सड़क से सदन तक कांग्रेस पार्टी ने किया कल कांग्रेस पार्टी की बहुत बड़ी जीत हुई जब मोदी सरकार को कांग्रेस की मांग को मनाना पड़ा और मोदी सरकार के कैबिनेट ने घोषणा किया की पूरे देश में जातीय जनगणना कराई जाएगी। मणि शंकर ने बैठक में प्रस्ताव लाया कि इस कांग्रेस की जीत के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी के प्रति आभार प्रकट किया गया। साथी ही सिर्फ नेतृत्व को बधाई दी गई कि कांग्रेस की यह बहुत बड़ी विजय है। उपस्थित सभी पदाधिकारी ने हाथ खड़ा करके इस प्रस्ताव को अपना समर्थन प्रदान किया और पारित किया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री एवं साहिबगंज जिला कांग्रेस के प्रभारी मंत्री दीपिका पांडे ने इस बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता इस पार्टी के रीड हैं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को किसी भी तरीके की ग्रामीण विकास मंत्रालय से मदद की जरूरत होगी तो बतौर मंत्री हम उनकी मदद करेंगे साथी ही उन्होंने आगामी 6 तारीख को रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का न्योता दिया। ग्रामीण विकास मंत्री ने साहिबगंज जिला के बदहाल सड़कों पर चिंता व्यक्त की एवं विश्वास व्यक्त किया कि जल्द ही उचित कदम उठाकर के इन सड़कों का पुनर्निर्माण कराया जाएगा। इस मौके पर बासुकीनाथ यादव, अशोक पासवान, नित्यानंद गुप्ता, सरफराज आलम, अनिल ओझा, मो सलाउद्दीन, रंजीत टुडू, शहनवाज नासिर, नावेद अंजुम डालिम, दिलदार आलम, नेहाल अख्तर, मिथुन मंडल, निताई सरकार, अनीता साह, तनवीर राजा, ताबिश इकबाल, गुलाम रब्बानी, मंटू यादव, सूरज पासवान, लक्ष्मण मंडल, देवेंद्र प्रसाद ठाकुर, सतीश कुमार पासवान, महेंद्र पासवान, भोलानाथ महतो, अजीत कुमार रॉय, सहित जिले के सभी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, महिला अध्यक्ष एवं सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं दर्जनों कांग्रेसजन शामिल रहे।



### मनमानी जबरदस्ती बट्टी वसूलने का ओर दो दो बार बट्टी वसूलने का लिखित शिकायत करके न्याय की गुहार लगाई



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** सब्जी फल दुकानदार आज डीसी ऑफिस पहुंचकर डीसी हेमंत सती से मिलकर तय रेट से मनमानी जबरदस्ती बट्टी वसूलने का ओर दो दो बार बट्टी वसूलने का लिखित शिकायत करके न्याय की गुहार लगाई है। वही नगर पालिका पहुंचकर नगर परिषद प्रशासक से भी इसकी शिकायत की। डीसी ने तुरंत संज्ञान में लेकर प्रशासक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रशासक ने कहा कि जल्द रेट चार्ट प्रत्येक चौक चौराहा में लगाया जाएगा। लेसी नगर परिषद क्षेत्र में लगने वाला फल सब्जी दुकानदार से तय दर छोटे दुकानदार से 15 रुपया, माध्यम दुकानदार से 20 व बड़े दुकानदारों से 30 रुपया ही वसूली करे। प्रत्येक गुड चक्की से 15 रुपया वसूल करे। अस्थाई दुकान के लेसी नगर परिषद क्षेत्र में लगाने वाले अस्थाई (जिसमे फल सब्जी गुड़ के दुकान को छोड़कर) अन्य दुकानो से 20 वर्गफिट का 20 रुपया, 40 वर्गफिट का 25 रुपया ही वसूल करे। वही लेसी अपने कूपन में तय निर्धारित दर प्रिंट करवाकर दुकानदारों को दे।

सभी लेसी अपने तय क्षेत्र में तय दर से ही बट्टी राशि वसूल करे, किसी को परेशान न करे। निर्धारित तय दर से ज्यादा वसूल करने पर संबंधित लेसी पर करवाई की जाएगी।

### बच्चे को सांप काटने से हुआ मूर्छित, अस्पताल मे भर्ती



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** राजमहल अनुमंडल क्षेत्र के पश्चिम जामनगर पंचायत अंतर्गत शिव मंदिर के समीप तीन वर्षीय बच्चे को सांप ने काट लिया। सांप के काटने से बालक मूर्छित हो गया। परिजनो ने आनन-फानन में बालक को अचेतावस्था में इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल मे भर्ती कराया। मिली जानकारी के अनुसार राजमहल प्रखंड क्षेत्र के पश्चिम जामनगर पंचायत अंतर्गत शिव मंदिर के पास निवासी अरुण मंडल के तीन वर्षीय पुत्र प्रयांशु मंडल घर के बगल में खेल रहा था। इसी दौरान बच्चे को सांप ने काट लिया। जिसे परिजनों के द्वारा आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां मौके पर चिकित्सकों ने बच्चे का इलाज प्रारंभ कर दिया। चिकित्सकों के इलाज के उपरांत बच्चा स्वस्थ है।

## विशेष किशोर पुलिस इकाई की अध्यक्षता में कोऑर्डिनेशन मीटिंग सम्पन्न

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** पुलिस केंद्र साहिबगंज में पुलिस उपाधीक्षक सह एस.जे.पी.यू. (विशेष किशोर पुलिस इकाई) की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण कोऑर्डिनेशन मीटिंग का आयोजन हुआ। इस बैठक में चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (सीडब्ल्यूसी) के चेयरपर्सन अब्दुल सुभान, सदस्य सुधा कुमारी, डॉ. एस.एन. तिवारी, दिनेश शर्मा, डी.सी.पी.ओ. पूनम कुमारी, इकाई के सदस्य संजय, अवधेश, चंदा कुमारी एवं हेमलता, जे.जे. बोर्ड की सदस्य हेमलता एवं बबीता, बालगृह अधीक्षक दिवाकर, प्रोबेशन ऑफिसर अमित कुमार, चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक मो इकबाल, सभी थाना के सीडब्ल्यूपीओ (पुलिस पदाधिकारी) एवं आहातू थाना प्रभारी अरुण सिंह शामिल हुए। बैठक में बाल जीवन के बेहतर विकास, बालकों के अधिकारों की सुरक्षा, उनके प्रति होने वाले अपराध, घरेलू हिंसा, मानसिक एवं शारीरिक अपमान से सुरक्षा, दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई, बच्चों को गैरकानूनी कार्यों में संलिप्त करने, बाल विवाह, बाल मजदूरी, बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री, मानव तस्करी, जेजे एक्ट, पोक्सो एक्ट, चाइल्ड लेबर एक्ट, चाइल्ड मैरिज एक्ट और बाल संरक्षण अधिनियम आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।इस बैठक में इन मुद्दों के बेहतर क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए। बच्चों से जुड़े इन गंभीर समस्याओं के समाधान के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं मीडिया बंधुओं से जागरूकता फैलाने में सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गई। यह भी निर्णय लिया गया कि थाना स्तर एवं प्रखंड स्तर पर नियमित रूप से बैठकें आयोजित की जाएंगी। बाल मित्र थाना एवं महिला हेल्प डेस्क को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी रूप से विकसित किया जाएगा। वहीं, जिला स्तर पर भी पुलिस उपाधीक्षक सह एस.जे.पी.यू. की अध्यक्षता में नियमित रूप से बैठकें आयोजित की जाएंगी, कार्य योजनाएं बनाई जाएंगी, उनके क्रियान्वयन की निगरानी एवं समय-समय पर समीक्षा की जाएगी।




## साहेबगंज दौरे पर पहुंची ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा

- राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, मनरेगा और अबूआ आवास योजना की प्रगति पर सख्त निर्देश, लाभुकों को समय पर लाभ देने का आदेश
- पंचायत भवनों के सुचारू संचालन और जेएसएलपीएस के कार्यों की समीक्षा पर दिया जोर

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह का आज साहेबगंज जिले में आगमन हुआ। इस अवसर पर मंत्री ने साहेबगंज परिसदन में विभागीय पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की, जिसमें ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं की प्रगति, समस्याओं और समाधान की दिशा में कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक की शुरुआत में मंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम और ग्रामीण कार्य विभाग के माध्यम से जिले में निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित सड़कों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने वर्ष 2023-24 और 2024-25 की निविदा प्रक्रिया, स्वीकृत योजनाएं, कार्यान्वयन की गति और गुणवत्ता की समीक्षा की। मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं, ताकि ग्रामीणों को समय पर यातायात सुविधा मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने नई सड़कों के लिए डीपीआर (विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन) तैयार करने को भी कहा, ताकि राज्य सरकार से शीघ्र स्वीकृति प्राप्त की जा सके। इसके बाद बैठक में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के अंतर्गत चल रही योजनाओं की समीक्षा की गई। मंत्री ने विशेष रूप से मिट्टी मोरंग सड़क योजना को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन में सुधार हो सके। वहीं, 'मनरेगा' कार्यों की बकाया राशि के भुगतान को लेकर भी उन्होंने पदाधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की और संबंधित विभागों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।मंत्री ने अबूआ आवास योजना की भी समीक्षा की, जो राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी आवासीय योजना है। उन्होंने 2023-24 एवं 2024-25 की योजनाओं के तहत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्तों के लंबित भुगतानों को शीघ्र लाभुकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने दोहराया कि इस योजना में किसी भी पात्र व्यक्ति को वंचित न रखा जाए और आवास आवंटन में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। बैठक में पंचायत भवनों की कार्यप्रणाली पर भी विशेष ध्यान दिया गया। मंत्री ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पंचायत सचिव समय पर पंचायत भवन खोलें और उसे पूरी तरह से संचालित करें, जिससे ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बताया कि कई पंचायत भवनों की मरम्मत और नव निर्माण की आवश्यकता है, जिसकी जानकारी जिला प्रशासन ने उन्हें दी, और इस दिशा में यथाशीघ्र कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया।

जेएसएलपीएस के अंतर्गत संचालित योजनाओं और कार्यों पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि समूह आधारित आजीविका योजनाओं की प्रगति की समय-समय पर समीक्षा की जाए, ताकि ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।बैठक में जिले के उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जेएसएलपीएस के जिला परियोजना प्रबंधक मतीन तारीक, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार, विशेष प्रमंडल ग्रामीण कार्य विभाग के रमाकांत, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, तथा पाकुड़, जामताड़ा, गोड्डा, दुमका और देवघर से आए हुए पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के समापन पर मंत्री ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़ी योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, और नियमित अनुश्रवण एवं निगरानी के माध्यम से विकास कार्यों को गति दी जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांव, गरीब और किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, और विकास योजनाओं में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



## संक्षिप्त समाचार

### शादी समारोह से लौटते वक्त हादसा: कार दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे एक कार सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई, जिसमें बोकारो के चंद्रपुरा निवासी प्रमोद गोप की मौत हो गई जबकि उनके भाई तपेश्वर और चचेरे भाई पंचानंद घायल हो गए। सभी हरिहर धाम, बगोदर से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे और बोकारो जा रहे थे। बताया गया कि चालक शराब के नशे में था और डुमरी से मुड़ने के बजाय सीधा आगे बढ़ गया। इसी दौरान सामने से आ रही ट्रक की तेज रोशनी से कार चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क किनारे पलट गई। हादसे की सूचना पाकर निमियाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए धनबाद भेजा गया।

### गिरिडीह: हुट्टी बाजार सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह के हुट्टी बाजार में दो दिन पहले हुए सड़क हादसे में घायल संतोष कुमार साव की इलाज के दौरान मौत हो गई। 37 वर्षीय संतोष एक केटरिंग का काम कर बुधवार को घर लौट रहे थे, जब नगर भवन के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल संतोष को गिरिडीह सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उन्हें धनबाद रेफर किया गया। गुरुवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुटी है। संतोष अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं, घटना से परिवार में कोहराम मच गया है।

### ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह पांडेय जमुआ में कार्यकर्ताओं से मिली



**जमुआ, प्रतिनिधि।** कांग्रेस कोटे से झारखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री दीपिका सिंह पांडेय शुक्रवार को जमुआ चौक पर कुछ देर के लिए रुकी।कार्यकर्ताओं से मिली।कार्यकर्ताओं से कहा कि जनहित में कार्य करें। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से आम आवाम को जोड़ें। कार्यकर्ताओं ने विभिन्न पंचायतों में विकास की रफ्तार मंद पड़ने की शिकायत की।यह भी कहा कि पंचायत सचिवालय अमूमन बंद रहते हैं। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष निजामुद्दीन अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष जुनैद अलम, सदस्य सच्चिदानंद सिंह, युवा नेता सुभाष यादव ने ग्रामीणों की अगुवाई की और मंत्री को बुके देकर स्वागत किया। पी डब्ल्यू डी डाक बंगले में रुककर कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनी। उन्होंने कहा कि पंचायती राज के काम काज पर भी कार्यकर्ता नजर रखें। तालाब निर्माण, पेवर्स ब्लॉक एवं अन्य कार्यों को देखे। कहा कि जन भागीदारी भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए हेमंत सरकार कटिबद्ध है।कहा कि कांग्रेस के दबाव पर ही केंद्र सरकार जातीय जनगणना करने को तैयार हुई।

### एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा ने दो श्वेत बाघों को गोद लेकर वन्यजीव संरक्षण की दिशा में उठाया सार्थक कदम

- भगवान बिरसा जैविक उद्यान, रांची में हिमांशी और जावा को लिया गया गोद



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- अबुल कलाम**

**टंडवा- (चतरा)** एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा ने वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरणीय सततता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भगवान बिरसा जैविक उद्यान, रांची के दो भव्य श्वेत बाघों- हिमांशी और जावा- को गोद लिया है। यह पहल झारखंड जू अथॉरिटी, रांची के सहयोग से की गई है। यह गोद लेने की प्रक्रिया केवल एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं है, बल्कि जैव विविधता के संरक्षण और भारत की समृद्ध वन्यजीव धरोहर की सुरक्षा के प्रति एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा की अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण है। इस पहल के तहत एनटीपीसी एक वर्ष तक दोनों श्वेत बाघों की देखभाल, चिकित्सा सेवाएं और पोषण आदि के लिए वित्तीय सहयोग प्रदान करेगा। इस भागीदारी के अंतर्गत वन्यजीव संरक्षण के महत्व को लेकर जन जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, बाघ बाड़े के पास एनटीपीसी का नाम और लोगो को प्रदर्शित किया जाएगा, जो प्रकृति और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी का गर्वपूर्ण प्रतीक होगा। एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा सतत विकास, संवेदनशीलता और प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व के अपने मूल्यों को निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

# गिरिडीह: अपराध की योजना बना रहे कोढ़ा गैंग के दो कुख्यात अपराधियों को गिरिडीह पुलिस ने किया गिरफ्तार




**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** जिले के सरिया थाना क्षेत्र में अपराध की योजना बना रहे कोढ़ा गैंग के दो कुख्यात अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में मुन्ना यादव उर्फ नन्दु यादव पिता रामबदन यादव उर्फ करिया यादव एवं श्याम यादव पिता स्व सुन्दर यादव शामिल हैं। दोनों बिहार के कटीहार जिले के कोढा थाना क्षेत्र के नया टोला, जुराबगंज के निवासी हैं। पुलिस ने उनके पास से मोबाइल, बाइक, नकदी और अपराध में प्रयुक्त होने वाले औजार बरामद किया है। उक्त जानकारी एसपी डॉ. बिमल कुमार ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर दी। एसपी ने बताया कि गुप्त मिली थी कि कोड़ा गैंग का कुछ अपराधकर्मी छिनतई का घटना का अंजाम देने सरिया थाना क्षेत्र में घुस गये हैं। उक्त सूचना के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बगोदर सरिया के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने सरिया बाजार में अवस्थित बैंक एवं आस पास के क्षेत्र में छापामारी शुरू की। इसी क्रम में दो मोटरसाईकिल पर सवार चार व्यक्ति पुलिस को देखकर बगोदर की ओर भागने लगे। जिनका छापामारी दल ने पीछा किया। पीछा करने के दौरान सरिया कॉलेज के पास एक काला रंग का पल्सर बाइक संख्या जेएच15एफ 1620 पर सवार दो व्यक्ति को पुलिस ने पकड लिया जबकि एक मोटरसाईकिल पर सवार दो व्यक्ति भागने में सफल रहे। वहीं गिरफ्तार अपराधियों ने होन्डा साईन मोटरसाईकिल पर फरार हुए अपने साथियों का नाम शंकर यादव पिता बलराम यादव एवं गुड्डु यादव पिता लालु यादव बताया। पूछताछ के क्रम में दबोचे गए अपराधियों ने बताया कि वे चारों धनबाद के बरवड्डा थाना क्षेत्र में कंचन टॉकिज के पास रुम लेकर रहते है और वहीं से धनबाद, बोकारो एवं गिरिडीह के ईलाका में बैंक के पास जाकर बैंक से पैसा निकालकर जाने वाले बुजुर्ग व्यक्ति या महिला तथा मोटी रकम निकालने वाले व्यक्तियों का रेकी करते है फिर उसका पिछा कर डिक्की तोडकर पैसा निकाल या झोला छिनकर भागने का काम करते है। एसपी ने बताया कि इनके द्वारा अब तक किन किन घटनाओं को अंजाम दिया गया है वह भी स्वस्कारा है। बताया गिरफ्तार दोनों अपराधियों के विरुद्ध पूर्व में कोढ़ा थाना में कई मामले दर्ज हैं।

# गिरिडीह: घूस लेते रंगेहाथ धराया लिपिक, धनबाद एसीबी की बड़ी कार्रवाई

**धनबाद एसीबी ने भूमि सुधार उप समाहूता के लिपिक को दस हजार घूस लेते किया गिफ्तार**



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** शुक्रवार को धनबाद एसीबी की टीम ने धनवार खोरीमहुआ के भूमि सुधार उपसमाहता कार्यालय के लिपिक मनीष भारती को रंगे हाथ 10 हजार घूस लेते गिरफ्तार करने मं सफल रहे। धनबाद एसीबी की टीम शुक्रवार को सीधा उपसमाहता कार्यालय पहुंचे और लिपिक मनीष भारती को इलाही मियां से 10 हजार नगद घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार दस हजार घूस मांगने का यह मामला जमीन के म्यूटेशन वाद निपटाने से जुडा हुआ है। इलाही मियां से लिपीक मनीष भारती ने मामले को निपटाने के लिए दस हजार घूस मांग कर रहा था। जिससे परेशान होकर इलाही मियां ने मामले कि जानकारी धनबाद एसीबी को दिया। जिसके बाद धनबाद एसीबी की टीम खोरीमहुआ एलआरडीसी कार्यालय पहुंच कर कार्रवाई में जुट गई। हालांकि एसीबी की इस कार्रवाई की भनक तक किसी को नही लगी। यहां तक कि अधिकारियों को भी इस बात की जानकारी एसीबी की टीम आरोपी लिपिक को गिरफ्तार कर धनबाद के लिए निकल जाने के बाद हुई। एसीबी की इस कार्रवाई से अनुमंडल कार्यालय में हड़कंप मच गया है।

## जातीय जनगणना कराने का निर्णय कांग्रेस की जीत सुभाष



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** आखिरकार केंद्र सरकार को कांग्रेस की मांग के आगे झुकना पड़ा और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मांग पर जाति आधारित गणना के लिए तैयार होना पड़ा। उक्त बातें युवा कांग्रेस के जमुआ विधानसभा के अध्यक्ष सुभाष यादव ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि बंटेंगे तो कटेंगे का नारा देने वाले जातियों में बांटने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी हमेशा जातीय गणना के लिए सड़क से संसद तक मुखर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण नहीं करती। कहा कि पहलगाम में आतंकी घटना के बाद कांग्रेस ने कहा कि देशहित में सरकार के साथ हैं। कहा कांग्रेस देश के खिलाफ कभी नहीं जा सकती। लोग तोहमत तरह तरह के लगाते हैं लेकिन जनता आज भी कांग्रेस राष्ट्रवादी पार्टी मानते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय दलों के अभ्युदय के बाद राष्ट्रीय दलों के जनाधार थोड़े प्रभावित हुए लेकिन लंबे समय तक इसका असर भी नहीं रहेगा। कहा कि जातीय आधारित गणना से एक तीर से कई निशाने लगने वाले है। इससे साफ हो जाएगा किस जाति की कितनी आबादी है। जिसकी जितनी संख्या भारी सत्ता ने उतनी उसकी हिस्सेदारी के सिद्धांत का पालक पोषक कांग्रेस पार्टी ही रही है। उन्होंने कहा कि इस बार पूरा देश राहुल गांधी के बढ़ते जनाधार और लोकप्रियता को देख रहा है पहलगाम में आतंकियों के कायराना कृत्य की कांग्रेस भी भर्त्सना करती है। कहा कांग्रेस का सांगठनिक दुरुस्तीकरण तेज हो गया है। अच्छे लोग और हुआ कांग्रेस का दामन तेजी से थाम रहे हैं।

## सड़क की जर्जर होने से टूटी कई शादियां, बेटी देने को तैयार नहीं रिश्तेदार, गांव में हुई विवाद

- सड़क की बदतर स्थिति से अटक जाती है शादी, बेटियां देने को तैयार नहीं रिश्तेदार, गांव में हुई विवाद



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**छतरपुर, पलामू।** जिले के छतरपुर अनुमंडल मुख्यालय से महज करीब 6 km की दूरी में स्थित सिलदाग पंचायत के डुमरियादोहर और कर्माबाटांड तक गांव जाने वाली कच्ची सड़क की खराब हालत देख कई शादियां के रिश्ते टूट गए हैं। शादी के लिए रिश्ते तो आते हैं लेकिन कोई शादी करने को राजी नहीं हो रहा है, चाहे वो लड़का पक्ष हो या लड़की पक्ष। इतना ही नहीं जिनकी शादी हो गई है वे भी अब इस गांव में आना पसंद नहीं करते। इसके पीछे की वजह है कि इस गांव तक जाने के लिए सड़क नहीं है। यह कच्ची सड़क करीब 3 किलोमीटर लंबी है। बरसात के दौरान इसकी हालत इतनी खराब हो जाती है कि गांव वालों को सड़क होकर गुजरने के लिए सोचना पड़ता है। इसके चलते गांव में शादी के लिए रिश्ते तो आते हैं लेकिन आवागमन की असुविधा पर बात आकर अटक जाती है और आखिर में रिश्ता टूट जाता है। साथ ही गांव में होने वाले दुर्गा पूजा,लक्ष्मी पूजा और अन्य पूजा में उस रोड में मूर्ति नहीं जाने से विवाद भी हुई है। वजह चंदा देने के बाद भी मूर्ति को क्षेत्र में नहीं जाना हैं।ग्रामीणों ने कहा कि विधायक मंत्री से लेकर प्रशासन से भी शिकायत करने के बावजूद कोई हल नहीं निकला। वही सिलदाग पंचायत के मुखिया उमेश यादव ने शुक्रवार दोपहर 1 बजे बदहाल सड़क स्थिति के बारे में स्पष्ट करते हुए बताएं कि इस सड़क निर्माण के लिए प्रक्रिया जारी है, जल्द ही टेंडर होने के बाद निर्माण किया जाएगा।

# कर्मचारी महासंघ की बैठक में सातवां वेतन आयोग अब तक लागू नहीं किया, दिया आंदोलन की चेतावनी



**जमुआ, प्रतिनिधि।** झारखंड राज अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ प्रखंड जमुआ की बैठक शुक्रवार को प्रखंड सभागार में हुई। अध्यक्षता अनिल कुमार गोस्वामी ने की। बैठक में प्रदेश महामंत्री अशोक कुमार सिंह, मुख्य संरक्षक रूपलाल महतो समेत सैकड़ों कर्मचारी शामिल हुए। इसमें प्रखंड, अंचल और आंगनबाड़ी कर्मियों ने भाग लिया। महामंत्री अशोक कुमार सिंह ने कहा कि सरकार ने सातवां वेतन आयोग अब तक लागू नहीं किया। 18 महीने का बकाया महंगाई भत्ता भी नहीं मिला। सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो कर्मचारी आंदोलन करेंगे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रखंड महासंघ कमिटी का चुनाव हुआ। जहां पंचायत सचिव दिनेश हाजरा को अध्यक्ष बनाया गया। कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र पासवान, उपाध्यक्ष बिनोद राय, संरक्षक बमशंकर शर्मा, सम्मानित अध्यक्ष मो. सरफराज और प्रखंड मंत्री शाहिद अख्तर बनाए गए। कोषाध्यक्ष सोनू कुमार को चुना गया। कई अन्य लोगों को भी कमिटी में शामिल किया गया। बैठक को रूपलाल महतो, बमशंकर शर्मा, भोव सरफराज, दिनेश्वर हाजरा, महेंद्र पासवान, बिनोद राय, ओंकार देव, मो. जाहिद, जेम्स डेम्ब्रम, देवानंद नागी, रेनू यादव, नित्यानंद चौधरी, शहनवाज आलम, उमेश विश्वकर्मा, शंकर मेहतर, गणेश पासवान, प्रभात रंजन, पुरनी देवी आदि ने संबोधित किया। सभी ने लिए गए निर्णयों का समर्थन किया। मई में सदस्यता अभियान पूरा करने का निर्णय लिया गया। 13 और 14 जुलाई को जमशेदपुर में होने वाले राज्य सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में जेम्स हेम्ब्रम,नंदलाल महतो, अविनाश कुमार, देवंती देवी, अनिल गोस्वामी, बबिता कुमारी, देवनंदन वर्मा, अमरजीत साहू, सुरेश वर्मा, याकूब अंसारी सहित प्रखंड अंचल एवं मनरेगा कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# जमुआ प्रखंड सभागार में स्कूल रुआर 2025 अभियान को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला हुई




**जमुआ, प्रतिनिधि।** शुक्रवार को जमुआ प्रखंड सभागार में स्कूल रुआर 2025 अभियान को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला हुई। आयोजन बीआरसी जमुआ द्वारा किया गया। अध्यक्षता बीडीओ अमल कुमार ने की। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन और विद्यालय में ठहराव सुनिश्चित करना है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों, विभागीय पदाधिकारियों, सामाजिक संस्थाओं और शिक्षा से जुड़े सभी लोगों की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को गति देने में सभी का सहयोग जरूरी है।कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव ने कहा कि यह पहल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने, ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर उन्हें फिर से स्कूल से जोड़ने और शिक्षा के महत्व को समुदाय तक पहुंचाने की दिशा में मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में गुणवतापूर्ण शिक्षा सबको उपलब्ध होनी चाहिए। कहा कि जहां प्रबंधन समिति निष्क्रिय है वहां चुनाव कराना चाहिए और प्रखंड स्तरीय शिक्षा समिति का अविलंब पुनर्गठन करना चाहिए। बीस सूत्री अध्यक्ष जुन्नैद आलम ने कहा कि अभियान के तहत बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित करना, अभिभावकों और बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, मुख्य उद्देश्य हैं। उन्होंने बताया कि सरकार बच्चों को यूनिफॉर्म, छात्रवृत्ति, किताब-कॉपी और साइकिल जैसी सुविधाएं देकर शिक्षा को सुलभ बना रही है। बीपीओ छोटे लाल साहू ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए स्कूल के शिक्षक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी आगे आएं। कार्यक्रम में शिक्षक अजीत कुमार, मनोज कुमार, बिनोद कुमार आदि शिक्षा विभाग के अलावा 25 अन्य विभागों के पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# जातिगत जनगणना पर केन्द्र सरकार का फैसला कांग्रेस नेता राहुल गाँधी के दबाव में: अहमद रज़ा नूरी

**केन्द्र कि मोदी सरकार ने राहूल गाँधी के दबाव मे आकर अचानक से जातिगत जनगणना करवाने का निर्णय लेना पड़ा: अहमद रज़ा नूरी**



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष अहमद रजा नूरी ने जातिगत जनगणना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहूल गाँधी ने संसद मे स्पष्ट शब्द मे केन्द्र सरकार को कहा था कि आप हमें गाली दो अपमानित करो मुझे कोई फर्क नही पडता मैं जातिगत जनगणना कि मांग करता रहूंगा और ये जातिगत जनगणना करवा के रहूंगा। जिससे केन्द्र कि मोदी सरकार ने राहूल गाँधी के दबाव मे आकर अचानक से जातिगत जनगणना करवाने का निर्णय लेना पड़ा, राहूल गाँधी जी जातिगत जनगणना के लिए पूर्ण रुप से बधाई के पात्र है। जिस प्रकार से राहूल गाँधी बहुजनो और पिछडे के अधिकार की इस लडाई को पुरजोर तरीक़े से लडने और हर चुनौती का डटकर सामना कर रहे हैं, केन्द्र सरकार को आरक्षण में 50 प्रतिशत सीमा की बाध्यता को भी ख़त्म करने होगें। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी के नेता जातिगत जनगणना पर तंज कशते थे और कहते थे देश मे सिर्फ चार जातियां हैं परन्तु नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी ने जिस प्रकार से कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत जोडो यात्रा किया पूरे भारतवर्ष मे भारत जोडो यात्रा को आपार समर्थन मिला वो ऐतिहासिक है, राहुल गाँधी ने यात्रा के दौरान अपने सम्बोधन मे हजारों बार कहा कि जातिगत जनगणना मेरी प्राथमिकता है, इसे लागू कराकर रहूंगा। राहूल गाँधी का यह आत्मविश्वास केन्द्र सरकार पर दबाव बनाने पर कामयाब रहा परिणाम स्वरूप जो बीजेपी कहती थी बटोगे तो कटौगे वो सब एक झटके मे जातिगत जनगणना के समर्थन में आ गये। जिस प्रकार से सरकार के इस फैसले का पूरा समर्थन विपक्ष कर रहा हैं,परंतू सरकार को भी ईमानदारी पूर्वक जातिगत जनगणना की टाइमलाइन को स्पष्ट रूप से बतलानी चाहिए। दरअसल राहूल गाँधी देश में जातिगत जनगणना के माध्यम से एक नए तरीके का विकास लाना चाहते हैं चाहे ओबीसी हों, दलित हों या आदिवासी- इनकी देश में कितनी भागीदारी है यह सिर्फ जातिगत जनगणना से पता चलेगा इसके अलावा कांग्रेस पार्टी ने अपने मैनिफेस्टो में लिखा था कि आर्टिकल 15(5) के तहत निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू किया जाए और कांग्रेस पार्टी की मांग है कि सरकार इसे तत्काल लागू करे केन्द्र सरकार को यथाशीघ्र इन्हे भी लागू करनी चाहिए। राहुल गांधी जी ने लंबे समय से जातिगत जनगणना की मांग की है, राहुल गांधी जी ने संसद, रैलियों, पत्रकार वार्ताओं और सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म के जरिए बार बार और लगातार जातिगत जनगणना के मुद्दे को उठाया और कहा कि हम जातिगत जनगणना कराकर ही रहेंगे। राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना के सामाजिक न्याय और समानता के लिए आवश्यक बताया। राहुल गांधी जी के लंबे संघर्ष के बाद अब मोदी सरकार ने जनगणना में जातिगत जनगणना को शामिल करने का फैसला लिया। यह कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी जी की ऐतिहासिक जीत है।

## संक्षिप्त समाचार

### असम में बिश्वनाथ जिले के तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में पंचायत चुनाव शांतिपूर्वक समापन

- शाम 4.30 बजे तक हुआ 64.51 फीसदी मतदान



**पंकज नाथ, आदिवासी एक्सप्रेस, असम**

असम में चल रहे पंचायत चुनाव के मद्देनजर पहले चरण में आज दो मई को हुए राज्य के बिश्वनाथ जिले में चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए। बिश्वनाथ जिले के अंतर्गत बिश्वनाथ, बिहाली और गहपुर विधानसभा क्षेत्रों के तहत कुल 747 मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने आज सुबह साढ़े सात बजे से वोट डाले। उल्लेखनीय है कि, विश्वनाथ विधानसभा क्षेत्र में 250 मतदान केंद्रों, बिहाली विधानसभा क्षेत्र में 215 मतदान केंद्रों और गहपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत 282 मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ। मतदान प्रक्रिया शाम 4.30 बजे लगभग समाप्त हुई। इस समय (शाम 4.30 बजे तक) तक जिले में कुल मतदान लगभग 64.51 प्रतिशत था, हालांकि इस मतदान प्रतिशत में वृद्धि की पूरी संभावना है। उल्लेखनीय है कि बिश्वनाथ निर्वाचन जिले के अंतर्गत बिश्वनाथ, बिहाली और गहपुर विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की कुल संख्या 4,74,927 है। इनमें से पुरुष वोटरों की संख्या 2,37,836, महिला वोटरों की संख्या 2,37,083 और अन्य वोटरों की संख्या 8 है। जिले के अंतर्गत 12 जिला परिषदों, 73 ग्राम पंचायतों और 730 ग्राम पंचायत वार्डों में कुल 1312 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। गौरतलब है कि जिले में 261 प्रत्याशी पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं।

### संत जेवियर्स राँची के पत्रकारिता विभाग के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण



संत जेवियर्स कॉलेज राँची के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के द्वितीय वर्ष के छात्रों ने दिनांकः 02/05/2025 को दूरदर्शन केंद्र, राँची के शैक्षणिक दौरे पर गए। छात्रों को शैक्षणिक दौरे से टीवी मीडिया जगत के तकनीकी पहलुओं और विशेष रूप से पत्रकारिता के बारे में जानने का मौका मिला। भ्रमण पर गए स्नातक छात्रों को राँची दूरदर्शन केंद्र के तकनीकी प्रभारी अमित लकड़ा व तकनीकी सहायक ज्ञान समद के मार्गदर्शन में स्टूडियो, पीसीआर, सर्वर रूम, एडिटिंग रूम, रीजनल न्यूज़ यूनिट और मुख्य स्वीचिंग रूम को देखा। केंद्र के स्टूडियो के बारे में विद्यार्थियों ने रिकॉर्डिंग प्रक्रिया, टेली प्रोम्प्टर की उपयोगिता, लाइटिंग टेक्निक्स, कैमरा एंगल्स, सामान्य कैमरा व स्टूडियो कैमरा के बीच अंतर की विस्तृत जानकारी मिली। ग्रीन स्क्रीन प्रभावों का उपयोग करने का व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त किया और टेलीप्रॉम्प्टर पर समाचार पढ़ने का अभ्यास किया। इस दौरान छात्रों ने प्रोडक्शन कण्ट्रोल यूनिट के प्रभागों में देखा कि लाइव समाचार कैसे प्रसारित होते हैं और ऑडियो, ग्राफ़िक उत्पादन और प्रसारण तकनीकों के बारे में सीखा। न्यूज़रूम के भीतर उन्होंने न्यूज़ एजेंसी स्क्रिप्टिंग और विजुअल स्क्रिप्टिंग और समाचार सत्यापन के चरणों को जाना। मौजूद न्यूज़ रीडर ने भी विद्यार्थियों को न्यूज़ एंकरिंग के मुख्य बिंदु, हाँ व ना सम्बन्धी विषयों पर ज्ञानवर्धन किया। दौरे का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जिन विषयों की जानकारी दी जाती है, शैक्षणिक भ्रमण से वह वास्तविक न्परिस्थिति से परिचित होते हैं। मौके पर दूरदर्शन केंद्र के अधिकारीगण व विभाग की डॉ. नील कुसुम कुल्लू व आलोक रंजन सहित भ्रमण पर गए लगभग 30 विद्यार्थी उपस्थित थे।

### पंडित संजीव नारायण दाश को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित

**पंकज नाथ, आदिवासी एक्सप्रेस, असम**

यूनिवर्सल मानद पुरस्कार परिषद ने असम के वरिष्ठ तथा अनुभवी पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता, पंडित संजीव नारायण दास को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की है। डॉ. पंडित संजीव नारायण दाश को सामाजिक कार्य और पत्रकारिता के विकास में उनके काम के लिए इस डिग्री से सम्मानित किया गया है। विदित हो कि पंडित संजीव नारायण दाश पत्रकार संगठनों के अलावा कई अन्य गैर सरकारी संगठनों से भी जुड़े रहे हैं और वर्तमान में अपना कार्य कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, डॉ. पंडित संजीव नारायण दाश को यूनिवर्सल ऑनरेरी अवार्ड काउंसिल की ओर से प्रतिष्ठित डॉक्टरेट पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के अलावा उन्हें काउंसिल का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी नियुक्त किया गया है।

# हंसराज हंस गुरु काशी विश्वविद्यालय में सूफी और लोक संगीत विरासत पीठ के अध्यक्ष नियुक्त किए गए

**चंडीगढ़, (आरएनएस)।** पंजाब की संगीत परंपराओं को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, गुरु काशी विश्वविद्यालय, तलवंडी साबो ने विजुअल एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स संकाय के तहत सूफी और लोक संगीत विरासत पीठ की स्थापना की घोषणा की है। विश्वविद्यालय ने प्रतिष्ठित गायक पद्म हंसराज हंस को पीठ के अध्यक्ष के रूप में



औपचारिक रूप से स्वागत किया। यह पीठ सूफी और लोक संगीत की समृद्ध धरोहर को शोध, शिक्षा, प्रलेखन और जनसंपर्क के माध्यम से संरक्षित करने और बढ़ावा देने का कार्य करेगी। हंसराज हंस के साथ, प्रो. डॉ. गुरप्रीत कौर, जो संकाय की डीन हैं, को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है, जबकि डॉ. अमन सूफी को परियोजना समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया है। हमें गर्व है कि हम इस पीठ की स्थापना कर रहे हैं, जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर को अतीत और भविष्य के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करेगी। यह न केवल संगीत परंपराओं को संरक्षित करने में सहायक होगी, बल्कि सूफी और लोक संगीत के अध्ययन एवं अभ्यास को गहरी अकादमिक समझ भी प्रदान करेगी।

डॉ. सिंह ने साथ ही पीठ के मार्गदर्शन के लिए एक सलाहकार मंडल का परिचय भी दिया, जिसमें कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व शामिल हैं। कार्यक्रम के अंत में सुखविंदर सिंह सिद्धू ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए विश्वविद्यालय के प्रयासों, संकाय और सभी सम्माननीय व्यक्तियों के योगदान को सराहना की। कार्यक्रम का समापन मीडिया और अतिथियों के लिए आयोजित लंच के साथ हुआ।

## परशुराम महोत्सव में नीतू नवगीत की शानदार प्रस्तुति

- भक्ति गीतों पर झूमे श्रोता
- भगवान परशुराम की महिमा अपार



**मोकामा, (आरएनएस)।** मोकामा में आयोजित राजकीय भगवान परशुराम महोत्सव में बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने अपने भजनों और लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति दी। जिससे भक्ति की ऐसी धारा बही कि भक्तगण घंटों गोते लगाते रहे। नीतू कुमारी नवगीत ने अपने कार्यक्रम के दौरान भगवान गणेश की आराधना करते हुए मंगल के दाता भगवन बिगड़ी बनाई जी गीत की शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने भोले शंकर का अलख जगाते हुए बिहार के अनेक पारंपरिक भक्ति गीतों को सुमधुर आवाज में गाया और सभी उपस्थित भकत गणों से भगवान परशुराम और भोलेनाथ का जयकारा लगवाया। नीतू नवगीत ने राम सीता विवाह प्रसंग पर कई सुमधुर गीत प्रस्तुत किये, जिनमें राम जी से पूछे जनकपुर की नारी, राम जी पहुना हमार हो, राम देखे सिया को सिया राम को.. जैसे गीत शामिल रहे। नीतू नवगीत के भजनों और भक्ति गीतों के कार्यक्रम में संजय मिश्रा ने कैसियो पर, धनंजय कुमार ने ढोलक पर, प्रिंस कुमार ने पैड पर और राजेश केसरी ने हारमोनियम पर संगत किया। कार्यक्रम में नीतू नवगीत के अलावा राजेश केसरी, दिव्याश्री और चंदन उगना ने भी अनेक सुंदर-सुंदर भक्ति गीतों को गाकर उपस्थित श्रोता समूह को झुमाया। नीतू नवगीत ने माता शबरी द्वारा प्रभु श्री राम को जूठे बेर देने पर आधारित लोकगीत भी गाया। उन्होंने राजा जनक जी के बाग में अलबेला रघुवर आयो जी गीत गाया, जिसे उपस्थित श्रोता समूह ने खूब पसंद किया। घर में पधारो गजानंद जी मेरे घर में पधारो, अई गिरी नंदिनी जगदंबा घर में दियरा बार अईनी हे, चित्रकूट के घाट घाट पर तुलसी देखे वाट, राम मेरे आएंगे जैसे गीतों पर भी नीतू नवगीत को दर्शक दीर्घा से काफी प्रशंसा मिली। कार्यक्रम में बाबा परशुराम की महिमा का बखान करते हुए नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि भगवान परशुराम प्रभु विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। वह ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र थे और उनको चिरंजीवी माना जाता है। आज भी भगवान परशुराम पृथ्वी पर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के परम भक्त भगवान परशुराम को परशु नमक दिव्य अस्त्र भी भगवान भोलेनाथ से ही प्राप्त हुआ था। इसी अस्त्र की मदद से उन्होंने दुष्ट राक्षसों का कई बार संहार किया और पृथ्वी को राक्षसों के अत्याचार से मुक्त कराया।

## शिक्षाविदों को किया गया सम्मानित, वर्ल्ड एजुकेशन समिट में एआई पर हुई चर्चा



**दिल्ली।** दिल्ली के पार्क होटल में हुए वर्ल्ड एजुकेशन समिट 2025 में देश-विदेश से आए शिक्षाविदों ने शिक्षा के बदलते तरीकों, तकनीक के इस्तेमाल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। सम्मानित होने वालों में एसआरएम यूनिवर्सिटी- एपी, जॉनसन ग्रामर स्कूल आईसीएसई और आईएससी, मल्लापुर, एडमिशनज्ञान एजुकेशन कंसल्टेंसी, इंटरनेशनल स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज फॉर विमेन, श्री सिद्धार्थ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, राठौड्स आईएएस एकेडमी और श्री पी. वेंकटा रमेश सहित कई प्रतिष्ठित संस्थान और शिक्षा विशेषज्ञ शामिल रहे।

इस मौके पर मुख्य अतिथियों के रूप में राज भूषण चौधरी (माननीय राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार), निलेश रोनिल कुमार (काउंसलर, फिजी हाई कमीशन) और मोहन सिंह बिष्ट (विधायक, दिल्ली विधानसभा) उपस्थित रहे।

इस दौरान, राज भूषण चौधरी, माननीय राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार ने कहाः

विकसित भारत को दुनिया की सच्चाई बनाने के लिए मोदी सरकार ने दूरदर्शिता के साथ अनेक ठोस कदम उठाए हैं। नई शिक्षा नीति और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों पर विशेष ज़ोर दिया गया है, जिससे युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छ भारत अभियान, जल जीवन मिशन और हर घर नल जैसी योजनाओं से देश के हर कोने में विकास की रोशनी पहुंच रही है।

मोदी सरकार की सोच समावेशी है - 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास'। यही नीति भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा रही है।

सम्मेलन में शिक्षकों, प्राचार्यों और शिक्षा संस्थानों के प्रतिनिधियों ने मिलकर इस बात पर चर्चा की कि कैसे तकनीक और खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले समय में पढ़ाई-लिखाई के तरीकों को बदल सकता है। शिक्षाविदों ने बताया कि छात्रों को आज के समय के हिसाब से तैयार करना जरूरी है और इसके लिए शिक्षकों को भी नई तकनीकों की जानकारी होनी चाहिए। कार्यक्रम में यह भी चर्चा हुई कि किस तरह से स्कूलों और कॉलेजों में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए नए तरीके अपनाए जा सकते हैं। साथ ही, शिक्षा में हो रहे बदलावों और नई शिक्षा नीति 2020 के असर पर भी विचार किया गया।

## विद्या भारती के शंकरदेव शिशु-विद्या निकेतन के मेधावी छात्राओं और प्रधानाचार्यों को बधाई और सम्मानित करने की तैयारी

**पंकज नाथ, आदिवासी एक्सप्रेस, असम**

हाल ही में घोषित हाईस्कूल शिक्षान्त परीक्षा में विद्या भारती से संबद्ध शिशु शिक्षा समिति, असम के अंतर्गत शंकरदेव शिशु-विद्या निकेतनों के छात्र-छात्राओं ने इस बार भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इन सफल छात्रों और उनके प्रधानाचार्यों को बधाई देने और सम्मानित करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शिशु शिक्षा समिति, असम के प्रचार प्रमुख मुकुटेश्वर गोस्वामी के अनुसार, जिन छात्र-छात्राओं ने 95% या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जिन निकेतनों ने पहली बार परीक्षा में भाग लेकर 100% सफलता प्राप्त की है, और वे निकेतन जिन्होंने अपने सभी छात्र-छात्राओं को प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कराया है उन सभी निकेतनों के प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया जाएगा। इस उपलक्ष्य में 4 मई, रविवार को सुबह 11 बजे गुवाहाटी के चिड़ियाघर रोड स्थित विष्णुपथ विद्यालय के रजनीकांत देव शर्मा स्मृति प्रेक्षागृह में एक बधाई तथा सम्मान समारोह÷ का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के महासचिव डॉ. जगदींद्र रायचौधुरी, संगठन सचिव डॉ. पवन तिवारी, शिशु शिक्षा समिति, असम के अध्यक्ष कुलेंद्र कुमार भागवती, सचिव जगन्नाथ राजवंशी और संगठन सचिव निरव घेलानी सहित राज्य के प्रमुख शिक्षाविद और पत्रकार उपस्थित रहेंगे, जो छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करेंगे।

## पहलगाम हमले पर रॉबर्ट वाड्रा के कथित बयान को लेकर एचआरडीएस इंडिया ने दिल्ली में दर्ज कराई शिकायत



**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** एचआरडीएस इंडिया ने कांग्रेस नेता और उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ दिल्ली के लोदी कॉलोनी थाने में एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। एचआरडीएस इंडिया के सचिव श्री अजी कृष्णन द्वारा दायर की गई इस शिकायत में आरोप है कि वाड्रा ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल, 2025 को हुए आतंकी हमले को कथित तौर पर जायज़ ठहराने वाला बयान दिया है, जो राष्ट्रविरोधी मानसिकता को दर्शाता है।

यह निर्मम आतंकी हमला, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई, पूरे देश को झकझोर कर रख देने वाला था। जहां एक ओर वैश्विक स्तर पर इसकी कड़ी निंदा की गई, वहीं शिकायत में कहा गया है कि रॉबर्ट वाड्रा ने यह संकेत दिया कि यह हमला भारत में मुस्लिम समुदाय की कथित असुरक्षा की भावना के चलते हुआ। शिकायत के अनुसार, वाड्रा ने कहा कि ÷यह हमला प्रधानमंत्री के लिए एक संदेश था÷, जिससे यह प्रतीत होता है कि उन्होंने आतंकवाद को देश की आंतरिक परिस्थितियों की प्रतिक्रिया के रूप में दर्शाया। एचआरडीएस इंडिया ने इस कथन को अत्यंत भड़काऊ और खतरनाक बताया है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि वाड्रा के बयान आम नागरिकों की हत्या को जायज़ ठहराते हैं और आतंकियों को देश की नीतियों के प्रति प्रतिक्रिया देने वाला दर्शाते हैं। उन्होंने कथित तौर पर कहा कि ÷यह सरकार सिर्फ हिंदुत्व की बात करती है। यह मस्जिदों का सर्वे कराती है और धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करती है। हमलावरों ने लोगों को उनके धर्म के आधार पर निशाना बनाया। इसकी वजह है कि इस देश में हिंदू और मुस्लिमों के बीच फासला बढ़ा है। धर्म के आधार पर लोगों की हत्या करना प्रधानमंत्री को दिया गया संदेश है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मुसलमान इस देश में असुरक्षित महसूस करते हैं। अल्पसंख्यक खुद को कमजोर मानते हैं। एचआरडीएस इंडिया का मानना है कि इस प्रकार की टिप्पणियाँ न सिर्फ आतंकवाद को परोक्ष समर्थन देती हैं, बल्कि समाज में भय और सांप्रदायिक तनाव को भी जन्म देती हैं। वाड्रा ने कथित रूप से यह भी कहा कि भारत अब धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र नहीं रहा और यहां धार्मिक राजनीति हावी हो गई है। उन्होंने मस्जिदों में नमाज़ पर रोक, लाउडस्पीकर पर पाबंदी और दिल्ली की जामा मस्जिद के आस-पास जुटने पर कार्रवाई जैसे उदाहरण भी गिनाए।एचआरडीएस इंडिया ने इस कथानक की कड़ी निंदा करते हुए इसे शांति व्यवस्था को अस्थिर करने वाला, हिंसा को बढ़ावा देने वाला और समाज को बाँटने वाला प्रयास बताया है। संस्था का कहना है कि जब देश एक भयानक हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग कर रहा है, ऐसे में इस तरह के बयान देश के दुश्मनों को बल देने वाले हैं। संस्था ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत रॉबर्ट वाड्रा पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि आतंकवाद को जायज़ ठहराने और सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने जैसे गंभीर कृत्यों पर अंकुश लगाया जा सके।एचआरडीएस इंडिया ने राष्ट्रीय एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है और सभी जिम्मेदार नागरिकों और सार्वजनिक व्यक्तित्वों से अपील की है कि वे देश की शांति, न्याय और अखंडता के हित में कार्य करें।

## रेल से करें चार धाम की यात्रा

- चार धाम यात्रा के लिए चलाई जा रही भारत गौरव डीलक्स ट्रेन

**नई दिल्ली।** बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम और द्वारका देश की चार दिशाओं में अवस्थित चार ऐसे धाम हैं जहां की यात्रा करना हर भारतीय की चाहत होती है। देश के इन चारों धाम की यात्रा रेल से कर पाना संभव है। इसके लिए भारतीय रेल द्वारा भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलाई जा रही है। भारतीय रेल द्वारा इससे पहले भी दो बार चारों धाम को जोड़ने के लिए भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलाई जा चुकी है। इस वर्ष दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से 27 मई को 17 दिवसीय चारों धाम भारत गौरव डीलक्स यात्रा की शुरुआत होगी। इसके तहत बद्रीनाथ, माना गांव, नरसिंह मंदिर, जोशीमठ, ऋषिकेश, जगन्नाथ मंदिर, पुरी समुद्र तट, कोणार्क सूर्य मंदिर, चंद्रभागा समुद्र तट, रामेश्वरम में रामनाथ स्वामी मंदिर और धनुषकोड़ी तथा द्वारका में द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा भेंट द्वारका जैसी जगहों का भ्रमण कराया जाएगा। इस यात्रा में जाने वाले यात्रियों को वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, पुणे में भीमशंकर मंदिर और नासिक में त्रंबकेश्वर मंदिर का भ्रमण भी कराया जाएगा। 17 दिनों की यात्रा के दौरान सभी भक्त 8425 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन में कई आधुनिक आरामदायक फीचर जोड़े गए हैं जिसमें दो डायनिंग रेस्टोरेंट, एक मॉडर्न किचन और स्नान के लिए क्यूबिक स्नानघर शामिल हैं। सभी कोच में बायो टॉयलेट युक्त वॉशरूम की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सहूलियत के लिए फुटमसाजर भी लगाए गए हैं। पूरी तरह से वातानुकूलित इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, सेकंड एसी और थर्ड एसी में टिकट बुक कराई जा सकती है। ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे और सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था भी की गई है। इस ट्रेन का संचालन भारतीय रेल कैटरिंग एवं टूरिज्म कारपोरेशन के माध्यम से किया जाएगा।टिकटों की बिक्री भी आईआरसीटीसी के वेबसाइट से ही की जाएगी। इसके लिए एक पैकेज रेट का निर्धारण किया गया है जिसमें जर्नी टिकट के साथ-साथ तीन सितारा होटल में रहने, तीनों टाइम का भोजन, साइटसींइग की पूरी व्यवस्था, ट्रैवल इंश्योरेंस और टूर मैनेजर की सेवा शामिल है। इस ट्रेन में बुकिंग के लिए 150 सीटें उपलब्ध है जिसे पहले आओ,पहले पाओ आधार पर बुक किया जाएगा। ट्रेन के संबंध में विस्तृत जानकारी भारतीय रेल कैटरिंग एवं टूरिज्म कारपोरेशन के वेबसाइट पर तथा उनके वेब पोर्टल पर उपलब्ध है। भारतीय रेल के कार्यकारी निदेशक सूचना एवं प्रचार दिलीप कुमार ने बताया कि देश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को जोड़ने के उद्देश्य से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन का परिचालन किया जाता है। इन ट्रेनों के संचालन से विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान का भ्रमण कर पाना आसान हुआ है।

# 3,000 करोड़ के लॉजिस्टिक्स फ्रेंचाइज़ी घोटाले के पीड़ितों ने प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और गृह मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**जन्तर मंतर पर सीबीआई और ईडी से जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन**

**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** देशभर में 3,000 करोड़ से अधिक के लॉजिस्टिक्स और फ्रेंचाइजी घोटाले के सैकड़ों पीड़ितों ने आज नई दिल्ली के जन्तर मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजित किया और भारतीय प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और केंद्रीय गृह मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में पीड़ितों ने घोटाले और इसके पीछे के लोगों के खिलाफ तत्काल सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच शुरू करने की अपील की है।यह भारत के सबसे बड़े और संगठित वित्तीय धोखाधड़ी मामलों में से एक है, जिसे वैध लॉजिस्टिक्स और कूरियर सेवा





प्रदाताओं के रूप में स्थापित कंपनियों ने अंजाम दिया। गवाहों के अनुसार, डलास ईकॉम इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड जैसी संस्थाएं, जो ईकॉम डिलीवरी, रोडएक्स और जस्ट डिलीवरी जैसे ब्रांड नामों से परिचालित होती हैं, व्यक्तियों को विभिन्न स्तरों पर फ्रेंचाइजी योजनाओं—राज्य, ज़ोनल, जिले और पिन कोड मॉडल—में निवेश करने के लिए ललचाती हैं। इन निवेशों की राशि ?1.5 लाख से ?32.5 लाख तक थी।निवेशकों को कूरियर और कार्गो फ्रेंचाइजी के साथ लाभकारी रिटर्न का वादा किया गया था। हालांकि, कई भारतीय राज्यों से हजारों की रकम जमा करने के बाद, कंपनियां अचानक अपने कार्यालय बंद कर दीं, संचार चैनल नष्ट कर दिए और भौतिक और डिजिटल स्थानों से गायब हो गईं, जिससे निवेशक वित्तीय संकट में पड़ गए।यह एक दोहराया गया घोटाला मॉडल है, जिसे एक समूह के लोग चलाते हैं, जो नकली पहचान, डमी निदेशकों और जाली दस्तावेजों का उपयोग करके हर 8-10 महीने में नई कंपनियां शुरू करते हैं। जैसे ही पर्याप्त पैसे एकत्र हो जाते हैं, वे कंपनियों को बंद कर देते हैं और नए नामों के तहत संचालन शुरू करते हैं, जिससे धोखाधड़ी का चक्र निरंतर चलता रहता है। एक आरोपी ने पहले अपने नाम के रूप में अमन गुप्ता का इस्तेमाल किया था और अब आदर्श मिश्रा के नाम से काम कर रहा है। पीड़ितों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में आरोपी कंपनियों के संचालन से संबंधित दस्तावेज़, जैसे कंपनी की स्थापना के रिकॉर्ड, पंजीकरण नंबर और जीएसटी विवरण शामिल हैं। इसमें वार्तालाप के स्क्रीनशॉट, मार्केटिंग सामग्री, लिंक्डइन प्रोफाइल्स, जिनमें बदलते हुए पहचान दिखाए गए हैं, और बैंक लेन-देन के रिकॉर्ड भी शामिल हैं, जो निवेशकों के फंड के आंदोलन का पता लगाते हैं। ज्ञापन में यह उल्लेख किया गया है कि यह घोटाला दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार जैसे विभिन्न राज्यों में प्रभावित हुआ है। इसमें आरोप है कि समान व्यक्तियों ने विभिन्न नामों से समान व्यवसायों में बार-बार भाग लिया है। इसके अलावा, यह भी चिंता व्यक्त की गई है कि स्थानीय पुलिस और आर्थिक अपराध शाखा ने कई शिकायतों और एफआईआर के बावजूद कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए हैं।

## उप्र की टीम ने जीती आमंत्रण राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट प्रतियोगिता

**एजेंसी**

**मुरादाबाद।** ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के सचिव डॉ. एबी पाठक ने बताया कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आमंत्रण राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डीआईजी मुनिराज जी एवं मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के मध्य खेला गया, जिसमें उप्र की टीम विजयी रही। फाइनल मैच के मैन आफ द मैच महेन्द्र यादव रहे। प्रभारी क्षेत्रीय कीड़ाधिकारी प्रदीप सक्सेना व डॉ एबी पाठक ने अतिथियों का बुके, शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि द्वारा उप्र ब्लाइन्ड क्रिकेट के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं नगद धनराशि 15,000 रूपये प्रदान किए गए। उप विजेता टीम महाराष्ट्र को पुरस्कार एवं नगद धनराशि 10,000 रुपये से पुरस्कृत किया गया। ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन उप्र के सचिव डॉ. अजय पाठक ने दिव्यांग खिलाड़ियों को यह आश्वासन दिया कि भविष्य में जल्द ही इस प्रकार की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन कराया जायेगा। इस अवसर अंकित अग्रवाल, नरेश पाल सिंह, आसिफ सिद्दीकी बैडमिन्टन कोच, यश शुक्ला क्रिकेट प्रशिक्षक, गोविन्द कुमार कुश्ती कोच, व स्टेडियम के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## साइ सुदर्शन को इंग्लैंड दौरे के लिए शामिल किया जाना चाहिए, पूर्व मुख्य कोच ने किया समर्थन

**दुबई।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने युवा साइ सुदर्शन को हर प्रारूप का बल्लेबाज बताते हुए कहा कि उसे इस साल इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया जाना चाहिए। भारतीय टीम नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र (2025 - 2027) की शुरूआत इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की श्रृंखला से करेगा। भारत को न्यूजीलैंड ने घरेलू टेस्ट श्रृंखला में 3.0 से और आस्ट्रेलिया ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 3.1 से हराया था। आईपीएल में इस सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में 456 रन के साथ दूसरे स्थान पर काबिज गुजरात टाइटंस के सुदर्शन के बारे में शास्त्री ने कहा कि काउंटी खेलने के अनुभव और अपनी तकनीक के कारण वह इंग्लैंड के हालात में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे का आगाज 20 जून से शुरू हो रहे हेडिंग्ले टेस्ट से करेगी। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, 'मुझे लगता है कि यह युवा खिलाड़ी साइ सुदर्शन हर प्रारूप का खिलाड़ी है। वह शानदार क्रिकेटर है। इंग्लैंड के हालात में एक खब्बू बल्लेबाज और तकनीक में कुशल होने के कारण मैं चाहूंगा कि वह भारतीय टीम में रहे।उन्होंने कहा कि भारत के लिए सीमित ओवरों के क्रिकेट और आईपीएल में फॉर्म में चल रहे श्रेयस अय्यर भी चुने जा सकते हैं लेकिन उन्हें कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना होगा।

## श्रीसंत पर गिरी गाज, इस मामले को लेकर केरल क्रिकेट एसोसिएशन ने लगाया तीन साल का प्रतिबंध

**तिरुवनंतपुरम ।** केरल क्रिकेट एसोसिएशन ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम से संजू सैमसन को बाहर किए जाने से जुड़े विवाद के संबंध में कथित तौर पर झूठे और अपमानजनक बयान देने के लिए पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत को तीन साल के लिए निलंबित कर दिया है। ने एक बयान में कहा कि यह निर्णय 30 अप्रैल को कोच्चि में आयोजित अपनी विशेष आम सभा की बैठक में लिया गया। श्रीसंत वर्तमान में केरल क्रिकेट लीग की एक फ्रेंचाइजी टीम कोल्लम एरीज के सह-मालिक हैं। इससे पहले उनकी विवादास्पद टिप्पणी के संबंध में श्रीसंत के साथ-साथ फ्रेंचाइजी टीमों कोल्लम एरीज, अलाप्पुझा टीम लीड और अलाप्पुझा रिपल्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। बयान में कहा गया है, %चूंकि फ्रैंचाइजी टीमों ने नोटिस का संतोषजनक जवाब दिया है, इसलिए उनके खिलाफ आगे कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। हालांकि बैठक में टीम प्रबंधन में सदस्यों की नियुक्ति करते समय अधिक सावधानी बरतने की सलाह देने का फैसला किया गया।

## आखिरी सैकेंड रिव्यू पर बोले रोहित शर्मा- मुझे सिर्फ एक ही चिंता थी कि...

**नई दिल्ली।** जयपुर के मैदान पर मुंबई इंडियंस को 13 साल बाद जीत दिलााने में रोहित शर्मा का भी बड़ा योगदान रहा जिन्होंने अर्धशतक लगाकर टीम का स्कोर 200 पार पहुंचाया। मैच में एक क्षण ऐसा भी आया था जब दूसरे ही ओवर में फजलहक फारूखी ने रोहित शर्मा को पगबाधा आऊट कर दिया था। लेकिन रोहित ने आखिरी सेकेंड में रिव्यू लेकर अंपायर की राय जाननी चाही। रिव्यू में वह नॉटआऊट निकले। पहली पारी खत्म होने के बाद जब उनसे इस बाबत पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे केवल इस बात की चिंता थी कि गेंद लाइन में पिच हो रही है या नहीं, यह एक नकल बॉल थी इसलिए मुझे पता था कि यह उछल नहीं पाएगी। मैंने अपना मौका भुनाया और इसका फायदा हुआ। रोहित ने इस दौरान अपनी पारी पर बात करते हुए कहा कि आज अच्छी शुरुआत करना महत्वपूर्ण था। कुछ ओवरों को देखते हुए, गेंद अच्छी तरह से आ रही थी और हमने अपने मौके भुनाए।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जीत की तलाश में भारतीय महिला हॉकी टीम, 3-4 मई को होंगे अंतिम दो मुकाबले

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारतीय महिला हॉकी टीम अब अपने अंतिम दो मुकाबलों में दमदार प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है। इन दोनों मुकाबलों में टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से होगा, जो विश्व स्तर पर एक मजबूत टीम मानी जाती है। ऐसे में भारतीय महिला टीम के लिए चुनौती आसान नहीं होगी, लेकिन टीम इन मुकाबलों को जीतकर दौरे की निराशा को पीछे छोड़ना चाहती है। इस दौरे पर अब तक भारत को कोई जीत नहीं मिली है। कप्तान सलीमा टेटे और उपकप्तान नवनीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम ने अब तक ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ एक मैच खेला है, जिसमें उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा भारत ने ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम के खिलाफ दो दोस्ताना मुकाबले भी खेले, लेकिन जीत दर्ज करने में



नाकाम रही। टीम इस दौरे को अगले साल होने वाले हॉकी विश्व कप और इस साल के अंत में यूरोप में होने वाली एफआईएच प्रो लीग की तैयारी के तौर पर देख रही है। इसलिए मुख्य कोच हरेंद्र सिंह नई रणनीतियों और खिलाड़ियों के संयोजन को आजमा रहे हैं। हरेंद्र सिंह ने कहा, हमारे लिए यह दौरा काफी अहम है। भले ही जीत नहीं मिली है, लेकिन खिलाड़ियों के प्रदर्शन में कई सकारात्मक संकेत देखने को मिले हैं। हार से निराशा जरूर होती है, खासकर तब जब हम आसान गोल गंवा बैठते हैं, लेकिन ऐसे मुकाबलों का अनुभव खिलाड़ियों को मजबूत बनाता है। उन्होंने आगे कहा, टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए यह एक बेहतरीन मौका है।

जितना अधिक मैच खेलेंगे, उतना ही उनका आत्मविश्वास और अनुभव बढ़ेगा। इस दौरे का उद्देश्य सिर्फ परिणाम नहीं बल्कि टीम को भविष्य की बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। भारतीय महिला हॉकी टीम अब दौरे के अंतिम दो मैच 3 और 4 मई को पर्थ में खेलेगी। ये दोनों मुकाबले भारतीय समयानुसार दोपहर 3:10 बजे शुरू होंगे। टीम और कोचिंग स्टाफ की नजर इन मुकाबलों में जीत हासिल कर आत्मविश्वास के साथ दौरे का समापन करने पर होगी।

## मैड्रिड ओपन 2025 : कोको गॉफ ने स्वियातेक को हराकर फाइनल में बनाई जगह

**एजेंसी**

**मैड्रिड।** अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने मौजूदा चैंपियन और दुनिया की नंबर दो खिलाड़ी इगा स्वियातेक को मैड्रिड ओपन 2025 के सेमीफाइनल में करारी शिकस्त दी। गॉफ ने यह मुकाबला महज 64 मिनट में 6-1, 6-1 से जीतकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक एक भी ब्रेक प्वाइंट नहीं बना सकीं पोलैंड की पांच बार की ग्रैंड स्लैम विजेता स्वियातेक इस मुकाबले में पूरी तरह संघर्ष करती नजर आईं। वह एक भी ब्रेक प्वाइंट हासिल नहीं कर सकीं और अपनी सर्विस पांच बार गंवाई। गॉफ ने पहले सेट में तीसरे, पांचवें और सातवें गेम में ब्रेक कर स्वियातेक को पूरी तरह दबाव में ला दिया। यह पहली बार है जब 21 वर्षीय कोको गॉफ ने क्ले कोर्ट पर स्वियातेक को हराया है। उन्होंने दूसरे सेट में भी दो बार ब्रेक किया और बिना कोई गलती किए पहला ही मैच प्वाइंट भुना लिया। स्वियातेक का इस साल मैड्रिड ओपन में प्रदर्शन अस्थिर रहा। उन्होंने पहले राउंड में अलेक्जेंड्रा ईला और फिर डायना श्नाइडर के खिलाफ सेट गंवाए। क्वार्टर फाइनल में उन्हें मैडिसन कीज़ से पहले सेट में 6-0 की हार झेलनी पड़ी थी, हालांकि बाद में उन्होंने वापसी की। लेकिन सेमीफाइनल में गॉफ के सामने वह पूरी तरह बेबस नजर आईं।

अब टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल बेलारूस की आर्यना सबालेंका और यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना के बीच खेला जाएगा। दोनों खिलाड़ी इस समय शानदार फॉर्म में हैं और विजेता का सामना फाइनल में गॉफ से होगा।

## भारतीय और अमेरिकी टीम के बीच शतरंज महा-मुकाबला 4 अक्टूबर को

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** शतरंज प्रेमियों के लिए एक रोमांचक खबर सामने आई है। हाल ही में विश्व चैम्पियन बने ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश के नेतृत्व में भारतीय टीम 4 अक्टूबर को अमेरिका में जीएम हिकारू नाकामुरा की अगुवाई वाली अमेरिकी टीम से भिड़ेगी।

**यह हाई-वोल्टेज मुकाबला**

'चेकमैटः यूएसए वर्सेस भारत' नाम से अमेरिका के एरिंगटन स्थित ईस्पोर्ट्स स्टेडियम में खेला जाएगा। इस पांच-बोर्ड मुकाबले में शतरंज की दुनिया के बड़े सितारे, उभरते हुए खिलाड़ी, महिला प्रतिभाएं और लोकप्रिय कंटेंट क्रिएटर्स आमने-सामने होंगे।

**दिग्गजों की टक्करः गुकेश बनाम नाकामुरा, एरिगैसी बनाम कारुआना**

भारत की ओर से शीर्ष बोर्ड पर डी. गुकेश उतरेंगे, जिनका सामना अमेरिका के दिग्गज ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा से होगा। दूसरे बोर्ड पर भारत के जीएम अर्जुन एरिगैसी और अमेरिका के जीएम फेबियानो कारुआना के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी।

**गौथमचेस बनाम सागर शाहः कंटेंट क्रिएटर्स की दिलचस्प भिड़ंत**

तीसरे बोर्ड पर शतरंज के दो



चर्चित कंटेंट क्रिएटर्स आमने-सामने होंगे। अमेरिका की ओर से आईएम लेवी रोज़मैन (गौथमचेस) जबकि भारत की ओर से आईएम सागर शाह (चेसबेस इंडिया के संस्थापक) मुकाबले में उतरेंगे। यह भिड़ंत दर्शकों के बीच खासा रोमांच भरने वाली होगी।

**महिला प्रतिभाओं की भिड़ंतःकरिसा यिप बनाम दिव्या देशमुख**

महिला बोर्ड पर अमेरिका की सबसे होनहार युवा खिलाड़ी करिसा यिप और भारत की अंडर-21 में विश्व की सर्वोच्च रेटेड महिला खिलाड़ी दिव्या देशमुख आमने-सामने होंगी।

**जूनियर स्टार्स का मुकाबलाः तनितोलुवा बनाम एथन वाज़**

पांचवें बोर्ड पर जूनियर खिलाड़ियों में अमेरिका के तनितोलुवा अडेवुमी और भारत के एथन वाज़ के बीच भिड़ंत होगी।

**हर गेम में समय नियंत्रण होगाः**

**रेगुलर गेमः** 10 मिनट प्रति खिलाड़ी

**अगर ड्रॉ हुआ तो ओवरटाइम गेमः** 5 मिनट प्रति खिलाड़ी

फिर भी ड्रॉ तो शूटआउट गेमः 1 मिनट प्रति खिलाड़ी

तब भी नतीजा नहीं निकला तो 1-1 मिनट के गेम चलते रहेंगे जब तक विजेता ना मिल जाए अमेरिका को घरेलू लाभ के तहत सभी बोर्ड्स पर सफेद मोहरों से खेलने का मौका मिलेगा। मैच का दूसरा चरण भारत में आयोजित होने की संभावना है।

## सूर्यकुमार यादव ने हासिल की ऑरेंज कैप, कोहली, साई सुदर्शन को छोड़ा पीछे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में विराट कोहली और साई सुदर्शन को पीछे छोड़ते हुए ऑरेंज कैप हासिल कर लिया।

सूर्यकुमार यादव ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 23 गेंदों में नाबाद 48 रन की पारी खेलते हुए इस सीज़न में अपने रन 475 तक पहुँचा दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विराट कोहली (443 रन) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बी साई सुदर्शन (456 रन) को पीछे छोड़ते हुए ऑरेंज कैप की दौड़ में पहला स्थान हासिल कर लिया है। हालांकि सूर्यकुमार ने 11 मैच खेले हैं, वहीं सुदर्शन ने 9 और कोहली ने 10 मुकाबलों में ये रन बनाए हैं।

**यशस्वी जयसवाल चौथे स्थान पर कायम**

राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जयसवाल ने इस मैच में सिर्फ 11 रन बनाए और अब भी 439 रनों के साथ चौथे स्थान पर बने हुए हैं। जीटी के जोस बटलर (406 रन) और लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन (404 रन) भी



400 रनों का आंकड़ा पार करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं।

**पर्पल कैप की दौड़ में हेज़लवुड सबसे आगे**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जोश हेज़लवुड 18 विकेट के साथ पर्पल कैप की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा 17 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर हैं।

**ट्रेंट बोल्ट की जबरदस्त छलांगः** मुंबई इंडियंस के तेज़ गेंदबाज़ ट्रेंट बोल्ट ने तीन विकेट झटके और अब 11 मैचों में 16 विकेट लेकर पर्पल कैप तालिका में तीसरे नंबर पर पहुँच गए हैं। उनके ठीक नीचे चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद हैं, जिनके नाम 10 मैचों में 15 विकेट दर्ज हैं।

# आईपीएल 2025: मुंबई ने 100 रन से जीता मैच, राजस्थान प्लेऑफ की रेस से बाहर

**जयपुर।** इंडिय प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 50वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने राजस्थान रॉयल्स को 100 रनों से मात दी है। इस जीत के साथ ही मुंबई ने जयपुर में अपने जीत के 13 साल के सूखे को भी समाप्त किया। वहीं, इस जीत के साथ मुंबई ने लगातार छह जीत दर्ज करते हुए प्वाइंट्स टेबल में पहले स्थान पर पहुंच गई है।

सवाई मान सिंह स्टेडियम में खेले गए इस मैच में मुंबई ने राजस्थान को 218 रन का लक्ष्य दिया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की टीम 119 रन पर ही ढेर हो गई। राजस्थान के लिए सबसे ज्यादा रन जोफ्रा आर्चन (30 रन) ने बनाए। आर्चन के अलावा, रियान पराग ने 16, शुभम दुबे ने 15, यशस्वी जायसवाल ने 13 और ध्रुव



जुरेल ने 11 बनाए। इनके अलावा कोई बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को नहीं छू सका। मुंबई के लिए ट्रेंट बोल्ट और कर्ण शर्मा को 3-3 सफलता मिली। जबकि जसप्रीत बुमराह को दो विकेट और दीपक चहर व हार्दिक पांड्या को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले टॉस हार बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने निर्धारित 20 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 217 रन बनाए। रोहित और रिकल्टन ने अर्धशतकीय पारी खेली। मुंबई इंडियंस ने धीमी शुरुआत के बाद रफ्तार पकड़ी। रिकल्टन और रोहित के बीच पहले विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी की। रिकल्टन 61 और रोहित 53 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, तीसरे विकेट के लिए सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या 94 रन की साझेदारी तक टीम को जीत दिला दी। सूर्या और हार्दिक ने 48-48 रन बनाए। राजस्थान की ओर से रियान पराग और महीष तीक्ष्णा को एक-एक विकेट मिला। आज की हार के साथ रियान पराग की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्य की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। इससे पहले, चेन्नई सुपर किंग्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हुई थी।

## राजस्थान रॉयल्स को बड़ा झटका, तेज गेंदबाज संदीप शर्मा आईपीएल 2025 से बाहर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल 2025 में एक बड़ा झटका लगा है। टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज संदीप शर्मा टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं। फ्रेंचाइज़ी ने पुष्टि की कि संदीप की उंगली में फ्रैक्चर हुआ है और वे अब आगे नहीं खेल पाएंगे।

**चोट के बावजूद दिखाई बहादुरी**

31 वर्षीय संदीप शर्मा को यह चोट गुजरात टाइटंस के खिलाफ जयपुर में खेले गए मुकाबले के दौरान लगी थी। अपनी ही गेंद पर शुभमन गिल का शॉट रोकने की कोशिश में उनकी उंगली में फ्रैक्चर हो गया। इसके बावजूद उन्होंने बहादुरी दिखाते हुए अपने स्पेल की बची हुई 8 गेंदें डालीं। राजस्थान रॉयल्स ने एक बयान जारी कर कहा, संदीप ने जिस हिम्मत के साथ चोट के बावजूद गेंदबाजी की, वह काबिले तारीफ है। हम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

आईपीएल 2025 में संदीप शर्मा ने अब तक 10 मुकाबलों में 9 विकेट अपने नाम किए और उनका इकॉनमी रेट 9.89 रहा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उनकी जगह आकाश मधवाल को टीम में शामिल किया गया था। राजस्थान रॉयल्स की टीम मैनेजमेंट अब संदीप के रिप्लेसमेंट पर काम कर रही है। फ्रेंचाइज़ी ने कहा है कि जल्द ही उनके स्थान पर नए खिलाड़ी की घोषणा की जाएगी।

## एमपीएस हॉट वैदर क्रिकेट प्रतियोगिता में मॉडर्न पब्लिक स्कूल बना विजेता, शिरडी सांईं उपविजेता

**एजेंसी**

**मुरादाबाद।** एमपीएस हॉट वैदर क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। जिसमें मॉडर्न पब्लिक स्कूल की टीम विजेता बनी व शिरडी साईं पब्लिक स्कूल उपविजेता बनी। आज प्रतियोगिता के आखिरी दिन दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मैच खेले गए, पहला सेमीफाइनल मॉडर्न पब्लिक स्कूल बनाम बोनी एनी पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमे एमपीएस की टीम जीती। दूसरा सेमीफाइनल मैच श्री सत्य साईं स्कूल बनाम शिरडी साईं पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया जिसमे शिरडी साईं की टीम जीती। फाइनल मैच मॉडर्न पब्लिक स्कूल और शिरडी साईं पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया जिसमे मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 106 रनों का लक्ष्य दिया, लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिरडी साईं पब्लिक स्कूल की टीम 12 ओवर में 5 विकेट के



नुकसान पर केवल 60 रन ही बना पाई। प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब मॉडर्न पब्लिक स्कूल के यश व्यास को मिला। बेस्ट बोलर का खिताब शिरडी साईं पब्लिक स्कूल के राजस को मिला। निर्णायक मंडल में अभिमन्यु, विशाल त्यागी, लवी पाल रहे ।इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक शाहवेज़ अली, प्रधानाचार्य शकील अहमद, कॉर्डिनेटर सुशील कुमार, कोच नासिर हुसैन, यश अग्रवाल, विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे ।

## आईआईएल : धर्मशाला पंहुचे पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ी

**एजेंसी**

**धर्मशाला।** आईपीएल के एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में खेले जाने वाले मुकाबलों के लिए पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स की टीमें वीरवार को धर्मशाला पंहुच गई। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में पंजाब के खिलाड़ी अपने दूसरे होम ग्राउंड धर्मशाला में पहुंचे। धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स को करारी शिकस्त देने के बाद आईपीएल के प्वाईंट टेबल में नंबर पांच से छलांग लगाते हुए पंजाब अब दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। पंजाब किंग्स की टीम स्पेशल विमान के जरिए चैन्नई से कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंची। इसके साथ ही मेहमान टीम लखनऊ सुपर जायंटस टीम के कुछ सदस्य भी गुरूवार को गगल एयरपोर्ट में पहुंचने के बाद धर्मशाला के कंडी स्थित होटल में पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर बीफ संख्या में खिलाड़ियों के प्रशंसक भी मौजूद रहे। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को कड़ी सुरक्षा के बीच धर्मशाला के कंडी स्थित होटल रेडिसन ब्लू ले जाया गया। इस दौरान पंजाब किंग्स व लखनऊ सुपर जांयटस के खिलाड़ी कांगड़ा हवाई अड्डे पर धौलाधार पर्वत श्रृंखला को भी निहारते हुए नजर आए। इससे पूर्व कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचने पर टीम के खिलाड़ियों का हिमाचल की संस्कृति से स्वागत किया गया। इसके बाद पंजाब किंग्स व लखनऊ के खिलाड़ियों को स्पेशल बसों द्वारा कांगड़ा हवाई अड्डे से धर्मशाला के लिए रवाना किया गया। इस दौरान पंजाब किंग्स के कैप्टन श्रेयस अय्यर, तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, मारको जॉनसन, हरप्रीत बर्रार, मार्कस स्टोइनिस, शशांक सिंह, जोश इंग्लिश आदि खिलाड़ी नज़र आए। साथ ही लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज आवेश खान और स्पिनर रवि बिश्नोई की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी एयरपोर्ट पहुंचे फैंस ने खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025: असम की पहली टीम रवाना

**एजेंसी**

**गुवाहाटी।** 7वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए असम का पहला दल गुवाहाटी से रवाना हो गया। ये खेल 4 से 15 मई तक बिहार और दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे। असम के शेफ डि मिशन और खेल एवं युवा कल्याण निदेशालय के सहायक निदेशक नबा बसुमतारी के अनुसार, बालिका कबड्डी और वॉलीबॉल टीमें राजधानी एक्सप्रेस से पटना के लिए रवाना हुईं। वहीं, जुडो, स्विमिंग, साइक्लिंग, सेपक टकरॉ और गतका के खिलाड़ी शुक्रवार को बसुमतारी के साथ यात्रा करेंगे।पहली बार बिहार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी सौंपी गई है। बिहार के पांच शहरों में विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी, जबकि शूटिंग, जिम्नास्टिक और ट्रैक साइक्लिंग की प्रतियोगिताएं नई दिल्ली में आयोजित की जाएंगी।इस बार असम 27 खेलों में से 17 में हिस्सा लेगा। राज्य का दल कुल 135 सदस्यों का है, जिसमें 105 खिलाड़ी शामिल हैं – 42 लड़के और 63 लड़कियां। सरुसजाई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, असम द्वारा एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर टीम की




आधिकारिक जर्सी का अनावरण कर खिलाड़ियों को वितरित की गई, और राज्य सरकार की ओर से शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में विभाग के विशेष सचिव कौसर जमील हिलाली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साथ ही ओलंपियन तीरंदाज और अर्जुन पुरस्कार विजेता जयंत तालुकदार, अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन कोच अनुप कोंवर, और उपनिदेशक नील हरित कौशिक भी मौजूद थे। इस वर्ष खेलो इंडिया यूथ गेम्स में देशभर के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के करीब 10,000 खिलाड़ी भाग लेंगे।असम तैराकी, भारोत्तोलन, एथलेटिक्स, शूटिंग, मुक्केबाज़ी, साइक्लिंग, थांग-ता, टेबल टेनिस, योगासन, गतका, कलारिपयट्टू, जुडो, जिम्नास्टिक, मल्लखंब, सेपक टकरॉ और बालिका कबड्डी और वॉलीबॉल में प्रतिभाग करेगा। पिछले वर्ष तमिलनाडु में आयोजित खेलों में असम ने 24 पदक जीतकर 17वां स्थान प्राप्त किया था, जो राज्य का असम के बाहर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। वहीं, असम का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2020 में गुवाहाटी में आयोजित तीसरे संस्करण में रहा, जब राज्य ने 76 पदक (20 स्वर्ण सहित) जीतकर कुल सातवां स्थान हासिल किया था।

# ड्रीम लीग ऑफ इंडिया का भव्य शुभारंभ, टेनिस क्रिकेट को दिलाएगा अंतरराष्ट्रीय पहचान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस क्रिकेट को वैश्विक मंच पर ले जाने के उद्देश्य से सर्वोटेक स्पोर्ट्स ने राजधानी के होटल शांग्री-ला में ड्रीम लीग ऑफ इंडिया (डीएलआई) का भव्य शुभारंभ किया। यह अपनी तरह की पहली और अनूठी टेनिस क्रिकेट बॉल लीग है, जिसमें जूनियर (13-18 वर्ष) और सीनियर (18+) दोनों श्रेणियों में छह-छह फ्रेंचाइजी टीमें हिस्सा लेंगी।लीग के शुभारंभ समारोह में बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद को लीग कमिश्नर घोषित किया गया, जबकि प्रसिद्ध संगीतकार सलीम मर्चेंट को भी सेलिब्रिटी चेहरों में शामिल किया गया। यह पहल देशभर के युवाओं को टेनिस क्रिकेट टीम इंडिया की जर्सी पहनने का सपना साकार करने का अवसर देगी। खिलाड़ी ड्रीम लीग ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट या स्टार्जअप ऐप के जरिए खुद को ओपन फेयर ट्रायल्स के लिए रजिस्टर कर सकते हैं। ये ट्रायल्स देशभर में 1,500 से अधिक सर्टिफाइड कोचों की निगरानी में आयोजित किए जाएंगे। चयन प्रक्रिया के माध्यम से 860 जूनियर और 860 सीनियर खिलाड़ियों को डीएलआई ऑक्शन के लिए चुना जाएगा, जहां छह फ्रेंचाइज टीमें अपनी टीमों का चयन



करेंगी।ऑक्शन में चयनित खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय टेनिस क्रिकेट फेडरेशन (आईटीसीएफ) और टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीसीएआईढ्ढ) के चयनकर्ताओं की नजरों में आने का मौका मिलेगा। लीग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को भारत की टेनिस क्रिकेट टीम में प्रतिनिधित्व का अवसर मिलेगा। वहीं, ऑक्शन से वंचित खिलाड़ी इंटर-ज़ोनल टूर्नामेंट में भाग लेंगे और वहां से जीतने वाली टीम ऑल-ज़ोनल चैंपियनशिप में उतरेगी। सर्वोटेक स्पोर्ट्स के निदेशक ऋषभ भाटिया ने कहा, ÷ड्रीम लीग ऑफ इंडिया हमारी उस सोच का हिस्सा है, जिसमें हम हर गली-मोहल्ले के खिलाड़ी को एक मंच देना चाहते हैं। अब टेनिस क्रिकेट में भी भारत को विश्व पटल पर छाने का मौका मिलेगा। सोनू सूद ने कहा, यह सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि सपनों को उड़ान देने का एक मंच है। ड्रीम लीग ऑफ इंडिया उन हजारों युवाओं की प्रेरणा बनेगी जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपने जुनून के पीछे भागते हैं। उन्होंने कहा कि ड्रीम लीग ऑफ इंडिया भारतीय टेनिस क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत है, जो देश के कोने-कोने से प्रतिभा को पहचान और सम्मान दिलाने का वादा करती है।

## अगले दशक में 100 अरब डॉलर का होगा भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग- मुकेश अंबानी

**एजेंसी**

**मुंबई।** रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी का मानना है कि अगले दशक तक भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग चार गुना की वृद्धि दर्जा कर सकता है। यानी 100 अरब डॉलर से अधिक का आकंड़ा छू सकता है। अभी यह बाजार करीब 28 अरब डॉलर का है। मुकेश अंबानी मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हो रहे वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट 2025 में बोल रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत एक अग्रणी डिजिटल राष्ट्र बन गया है। कहानी कहने की कला और डिजिटल तकनीकों के मिश्रण ने भारत के मनोरंजन और सांस्कृतिक प्रभाव और पहुँच को बढ़ा दिया है।द्भ और इमर्सिव तकनीकों के उपकरण हमारी कहानियों को पहले से कहीं अधिक आकर्षक बना सकते हैं - और उन्हें तुरंत विभिन्न भाषाओं, देशों और संस्कृतियों के दर्शकों तक पहुँचा सकते हैं। मुझे विश्वास है कि भारत के सुपर-टैलेंटेड युवा वैश्विक मनोरंजन उद्योग पर राज करेंगे। पहलगाम में हाल ही में हुए बर्बर आतंकवादी हमले पर बोलते हुए मुकेश अंबानी ने कहा हम सभी पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। प्रधानमंत्री जी का कठिन परिस्थितियों में भी यहाँ आना एक मजबूत संदेश देता है। मोदी जी, शांति, न्याय और मानवता के दुश्मनों के खिलाफ इस लड़ाई में आपको 145 करोड़ भारतीयों का पूरा समर्थन है। भारत की जीत भी निश्चित है।

## एडोब की भारत की क्रिएटर अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की योजना

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी विशेषकर सॉफ्टवेयर क्षेत्र की कंपनी एडोब ने सरकार के 'भारत में निर्माण करें, दुनिया के लिए निर्माण करें' दृष्टिकोण के साथ रणनीतिक पहलों की एक श्रृंखला की घोषणा की, जिसका उद्देश्य देश की तेजी से बढ़ती क्रिएटर इकॉनमी को सशक्त बनाना है। यह घोषणाएं विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के उद्घाटन समारोह में की गई, जहां एडोब ने वेव्स बाज़ार, भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी), टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) इंटरएक्टिव और एक्सेंचर के साथ नई साझेदारी का खुलासा किया, जो पूरे भारत में डिजिटल रचनात्मकता, कौशल और अपने उद्योग-अग्रणी उपकरणों तक पहुंच को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। डॉक्यूमेंट क्लाउड के लिए एडोब के कंट्री मैनेजर और वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिज्ञान मोदी ने कहा, भारत नवाचार और रचनात्मकता का एक वैश्विक पावरहाउस है। हम विश्व-अग्रणी प्रौद्योगिकी और स्थानीय पहलों के माध्यम से भारत की सृजनात्मक अर्थव्यवस्था के लिए अपने समर्थन में तेजी लाने के लिए उत्साहित हैं जो सभी के लिए रचनात्मकता को सक्षम बनाती हैं। तकनीकी परिवर्तन में भारत की अग्रणी भूमिका पर उन्होंने कहा कि देश मोबाइल, डिजिटल भुगतान, क्लाउड कंप्यूटिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में अपने नेतृत्व के कारण एआई - संचालित रचनात्मक विकास में अच्छी स्थिति में है।

## 2019 के बाद से सीईओ का वेतन 50 और कर्मचारियों का महज 0.9 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत में कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी यानी सीईओ का औसत वेतन सालाना 17 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जबकि वैश्विक सीईओ के औसत वेतन में 2019 के बाद से 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। असमानता का आलम यह है कि इसी दौरान कर्मचारियों का वेतन केवल 0.9 फीसदी ही बढ़ा है। ऑक्सफैम की जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि एक अरबपति एक घंटे में एक औसत कर्मचारी की पूरे साल की कमाई से अधिक आय अर्जित करता है। आयरलैंड और जर्मनी में सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ हैं। 2024 में इनका औसत वेतन क्रमशः 67 लाख डॉलर और 47 लाख डॉलर रहने का अनुमान है। दक्षिण अफ्रीका में सीईओ का औसत वेतन 2024 में 16 लाख डॉलर जबकि भारत में यह 20 लाख डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। ऑक्सफैम इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक अमिताभ बेहर ने कहा, साल दर साल हम यही देखते हैं। सीईओ का वेतन आसमान छूता है, जबकि श्रमिकों के वेतन में कोई खास बढ़ोतरी नहीं होती। यह व्यवस्था ठीक उसी तरह काम कर रही है, जैसा कि इसे बनाया गया है। लाखों कामकाजी लोग किराया, भोजन और स्वास्थ्य सेवा का खर्च उठाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि अमीर और अमीर हो रहे हैं।

## देश में अब तक रिकॉर्ड 256.31 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने रबी विपणन सीजन 2025-26 के दौरान केंद्रीय पूल में अब तक 256.31 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। यह पिछले साल के 205.41 लाख मीट्रिक टन से 24.78 फीसदी ज्यादा है। इस समय जिन प्रमुख राज्यों से खरीद हो रही है, उनमें उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा हैं। उत्तर प्रदेश में पिछले साल की तुलना में इस साल अधिक गेहूं खरीद हो रही है। इसमें अभी तक 7.55 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है, जो पिछली बार के 5.88 लाख मीट्रिक टन से कहीं ज्यादा है। पंजाब से 103.89 लाख मीट्रिक टन, मध्य प्रदेश से 67.57 एलएमटी, हरियाणा से 65.67 एलएमटी की खरीद हो चुकी है। राजस्थान से 11.44 एलएमटी की खरीद हुई है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि चालू रबी विपणन सत्र में अभी काफी वक्त है। इस बार देश केंद्रीय पूल के लिए गेहूं खरीद पिछले साल के आंकड़ों को काफी बड़े अंतर से पार करने की संभावना है।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी की घटी कीमत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट का दौर लगातार जारी है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये से लेकर 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 87,600 रुपये से लेकर 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज गिरावट आई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना



87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 95,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 87,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 95,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 87,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी क्रूड 0.12 प्रतिशत बढ़कर 59.31 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ 62.20 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## जीएसटी से भरा सरकार का खजाना, ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंचा जीएसटी कलेक्शन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** टैक्स कलेक्शन के मोर्चे पर आज अच्छी खबर आई। अप्रैल में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) का कलेक्शन सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़ कर 2.37 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। जीएसटी कलेक्शन का ये अभी तक का ऑल टाइम हाई लेवल है। जीएसटी कलेक्शन के आज जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले साल यानी 2024 के अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन कुल 2.10 लाख करोड़ रुपये था। इसी तरह पिछले महीने यानी मार्च 2025 में कुल 1.96 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी कलेक्शन हुआ था। अप्रैल में हुए जीएसटी कलेक्शन में घरेलू लेन-देन से मिलने वाली जीएसटी की राशि 10.7 प्रतिशत बढ़ कर लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये हो गई। वहीं, इंपोर्टेड गुड्स (आयातित सामान) से जीएसटी के रूप में मिलने वाला राजस्व 20.8 प्रतिशत बढ़कर 46,913 करोड़ रुपये हो गया। अगर रिफंड की बात की जाए तो पिछले महीने जारी किया गया




रिफंड भी 48.3 प्रतिशत बढ़ कर 27,341 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस रिफंड को एडजस्ट करने के बाद अप्रैल के महीने में हुआ शुद्ध जीएसटी कलेक्शन 9.1 प्रतिशत बढ़ कर 2.09 लाख करोड़ से अधिक हो गया। मार्च के महीने में भी जीएसटी कलेक्शन में फरवरी के मुकाबले करीब 10 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई थी, जिसके कारण मार्च का जीएसटी कलेक्शन 11 महीने के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि मार्च के महीने में रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी कलेक्शन में 9 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई थी।

## ईडी ने पिछले वित्त वर्ष में 30 हजार करोड़ से अधिक संपत्ति की कुर्क

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लगभग 30,036 करोड़ रुपये की संपत्ति अनंतिम रूप से कुर्क की है जो इससे पिछले वर्ष की तुलना में 141 प्रतिशत अधिक है। कुल मिलाकर 31 मार्च 2025 तक अनंतिम कुर्की के तहत संपत्ति का कुल मूल्य 1,54,594 करोड़ रुपये है।ईडी के स्थापना दिवस पर आज यहां आयोजित एक कार्यक्रम में वित्त मंत्री पंकज चौधरी ने ईडी की वार्षिक रिपोर्ट जारी की जिसमें यह बात कही गयी है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, लगभग 30,036 करोड़ रुपये की संपत्ति ईडी द्वारा अनंतिम रूप से कुर्क की गई है। 31 मार्च 2025 तक, अनंतिम कुर्की के तहत संपत्ति का कुल मूल्य 1,54,594 करोड़ रुपये था। अदालतों की मंजूरी से वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 30 मामलों में 15,261 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति की गई। अगले साल इस प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है। पीएमएलए के प्रशासन के शुरुआती वर्षों में, ज्यादातर मामले नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों से संबंधित थे। मार्च 2014 तक, केवल 1,883 प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) पंजीकृत किए गए थे। अप्रैल 2014 और मार्च 2024 के बीच, प्रवर्तन गतिविधि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसमें 5,113 पीएमएलए जांच शुरू की गई, औसतन 511 ईसीआईआर सालाना और 1,332 पीसी दायर किए गए। वित्त वर्ष 2024-25 में, 775 नई पीएमएलए जांच शुरू की गई, 333 पीसी दायर किए गए और विशेष रूप से 34 व्यक्तियों को दोषी ठहराया गया। ये परिणाम मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ लड़ाई में निदेशालय की बढ़ी हुई क्षमता, प्रतिबद्धता और प्रभाव को दर्शाते हैं। आज तक, ईडी ने 1,739 मामलों में पीसी दायर किए हैं, जो वर्तमान में परीक्षण के विभिन्न चरणों में हैं। आज तक 47 मामलों में निर्णय दिए गए हैं। इस मौके पर श्री चौधरी ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि कोई भी आर्थिक अपराधी आम और गरीब नागरिकों को उनके अधिकारों से वंचित न कर सके और इसके लिए रोकथाम के साथ-साथ यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि अपराधी को उचित सजा मिले। दोनों ही क्षेत्रों में प्रवर्तन निदेशालय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।÷ उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे भारत विकसित भारत 2047 के विजन को प्राप्त करने की ओर अग्रसर हो रहा है, अर्थव्यवस्था और आर्थिक गतिविधियों का स्वरूप भी बदलेगा और जटिलताएं भी बढ़ेंगी, जिसके परिणामस्वरूप आर्थिक अपराधों की प्रकृति में भी बदलाव आ सकता है। राज्य मंत्री ने कहा विकसित भारत के विजन में स्वाभाविक रूप से सुरक्षित भारत का विजन शामिल है। आर्थिक रूप से सुरक्षित भारत में प्रवर्तन निदेशालय का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होगा।

## एफपीआई ने फ्यूचर कॉन्ट्रैक्ट्स में बढ़ाया निवेश, बाजार में तेजी की संभावना बढ़ी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में फिलहाल उतार-चढ़ाव बना नजर आ रहा है। अप्रैल में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने जोरदार छलांग लगाई। वहीं कुछ मौकों पर दोनों सूचकांकों को बड़ी गिरावट का भी सामना करना पड़ा। इस उतार-चढ़ाव के बाद पिछले एक सप्ताह से शेयर बाजार सीमित दायरे में कारोबार करता नजर आ रहा है, जिसकी वजह से छोटे निवेशकों के सामने असमंजस की स्थिति बन गई है। दूसरी ओर, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने पिछले कुछ दिनों के दौरान बड़े पैमाने पर फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स में निवेश किया है। माना जा रहा है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जिस तरह बुलिश पोजीशन बनाना शुरू किया है, उससे शेयर बाजार आने वाले दिनों में बड़े अपसाइड ब्रेक आउट का बेस बनाता हुआ नजर आ सकता है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने पिछले दो सप्ताह के दौरान 97,938 फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स खरीदे हैं। इन आंकड़ों के आधार पर उम्मीद की जा रही है कि विदेशी निवेशकों को भारतीय बाजार में आने वाले दिनों में बुलिश मूवमेंट बनने की उम्मीद है।




डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा डेरिवेटिव्स के अलावा कैश मार्केट में भी जमकर ट्रेडिंग की जा रही है। पिछले लगातार 10 कारोबारी दिनों में एफपीआई ने शुद्ध खरीदार (बायर) की भूमिका निभाते हुए 37,326 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट किया है। ये स्थिति तब बनी है, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार अस्थिरता नजर आ रही है। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अप्रैल के महीने में आई तेजी को देखते हुए फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स में इन्वेस्टमेंट बढ़ा जरूर दिया है लेकिन छोटे निवेशकों को फिलहाल बड़ा निवेश करने की जगह बाजार की चाल पर अपनी नजर बनाए रखनी चाहिए। धामी का कहना है कि चौथी तिमाही के नतीजे में उतार-चढ़ाव जारी रहने की वजह से बाजार की चाल में भी उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। इसके साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था की अनिश्चितता और टैरिफ वॉर के डर की वजह से बाजार के सेंटिमेंट कभी भी नकारात्मक हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में छोटे निवेशकों को काफी सतर्क होकर अपनी निवेश योजना बनानी चाहिए, अन्यथा उन्हें बड़े नुकसान का सामना भी करना पड़ सकता है।

## हिन्दुस्तान कोका कोला होल्डिंग्स में हिस्सेदारी की जुबिलेंट बेवरेजेज की योजना को सीसीआई की मंजूरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जुबिलेंट बेवरेजेज लिमिटेड (जेबीएल) द्वारा हिन्दुस्तान कोका कोला होल्डिंग्स प्रा. लि. (एचसीसीएच) की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की योजना को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने मंजूरी दे दी है। सीसीआई की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार प्रस्तावित निवेश योजना में अन्य बातों के साथ-साथ जुबिलेंट बेवरेजेस ने हिंदुस्तान कोका-कोला ओवरसीज होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और भारत कोका-कोला ओवरसीज होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड से एचसीसीएच की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का प्रस्ताव किया है। जुबिलेंट बेवरेजेज लिमिटेड (जेबीएल) और जुबिलेंट बेवको लिमिटेड (बेवको) नई गठित इकाइयां हैं, जिन्होंने हाल ही में ग्राहकों के आर्डर के आधार पर रेडी टू कुक-ईट खाद्य वस्तुओं के व्यापार का व्यवसाय शुरू किया है। जेबीएल और बेवको जुबिलेंट भारतीय कंपनी समूह जुबिलेंट से जुड़ी है। यह समूह भारत में फार्मास्यूटिकल्स, अनुबंध अनुसंधान और विकास सेवाओं, मालिकाना नवीन दवाओं, जीवन विज्ञान सामग्री, कृषि उत्पादों आदि के कारोबार करता है।

एचसीसीएच अटलांटा के कोका कोला कंपनी समूह की भारत में पंजीकृत होल्डिंग कंपनी है और यहां कारोबार के लिए सहायक कंपनी एचसीसीबी चलाती है।

# चार साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा क्रूड, अप्रैल में कच्चे तेल की कीमत में 16 प्रतिशत की गिरावट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर बनी अनिश्चितता और अमेरिका में मंदी आने की आशंका के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमत पर लगातार दबाव बना हुआ है। इस दबाव के कारण अप्रैल में क्रूड ऑयल की कीमत में करीब 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। पिछले साढ़े तीन साल के दौरान क्रूड ऑयल की कीमत में आई ये सबसे बड़ी मासिक गिरावट है। कीमत में आई गिरावट की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल एक बार फिर 60 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से नीचे गिर गया है। भारतीय समय के मुताबिक आज शाम 4 बजे तक ब्रेंट क्रूड 59.52 डॉलर तक गिर गया था। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड लुढ़क कर 56.58 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया था। क्रूड ऑयल की कीमत पिछले 4 साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में क्रूड की कीमत में और भी गिरावट आ सकती है। इसकी एक बड़ी वजह तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक प्लस द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में बढ़ोतरी करने की घोषणा करना है। ओपेक प्लस देशों की 5 मई को महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है, जिसमें क्रूड ऑयल के उत्पादन को बढ़ाने पर औपचारिक फैसला लिया जा सकता है। ओपेक प्लस देश की अगुवाई कर रहे सऊदी अरब ने इस बात के संकेत दिए हैं कि वो इंटरनेशनल ऑयल मार्केट को सपोर्ट करने के लिए उत्पादन में कटौती करने के पक्ष में नहीं है। इसके विपरीत, वो क्रूड ऑयल का उत्पादन बढ़ाने के पक्ष में है, ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपने हिस्सेदारी को मजबूत कर सके। सऊदी अरब और उसके जैसे ओपेक प्लस देशों का ये रवैया पहले की मार्केट स्ट्रेटजी के पूरी तरह से विपरीत है, जिसमें उत्पादन में कटौती करके क्रूड ऑयल की कीमत को बैलेंस करने की कोशिश की जाती थी। दावा किया जा रहा है कि सऊदी अरब समेत ओपेक प्लस के आठ सदस्य देशों ने क्रूड ऑयल का उत्पादन बढ़ाने के मुद्दे पर अपनी सहमति दे दी है। अब 5 मई को होने वाली बैठक में इस मुद्दे को औपचारिक फैसले के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। क्रूड ऑयल के उत्पादन में होने वाली बढ़ोतरी और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में टैरिफ वॉर को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण आने वाले दिनों में क्रूड ऑयल की कीमत में बड़ी गिरावट की आशंका जताई जा रही है। गोल्डमैन सैक्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर ओपेक प्लस देशों ने क्रूड ऑयल के उत्पादन में बढ़ोतरी की और ग्लोबल ट्रेड में टैरिफ को लेकर आगे भी तनाव बना रहा, तो क्रूड ऑयल की कीमत 40 डॉलर प्रति बैरल से भी नीचे जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट भारत जैसे देशों के लिए राहत वाली खबर है।

## जीएसटी संग्रह में वृद्धि भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का प्रतीक : सीतारमण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस वर्ष अप्रैल में जीएसटी राजस्व संग्रह के रिकार्ड 2.36 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचने पर कहा कि ये आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और सहकारी संघवाद की प्रभावशीलता को दर्शाते हैं।श्रीमती सीतारमण ने एक्स पर जीएसटी व्यवस्था में विश्वास और योगदान देने वाले सभी करदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उनका योगदान 'विकसित भारत' के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राज्य के वित्त मंत्रियों और राज्य जीएसटी अधिकारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं, जो भारत की जीएसटी व्यवस्था में समान भागीदार हैं। साथ ही उन्होंने केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सभी



अधिकारियों के प्रयासों की भी सराहना की है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2025 के लिए कुल जीएसटी संग्रह 2.36 लाख करोड़ रुपये रहा, जो अप्रैल 2024 के कुल संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 12.6 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2025 के लिए शुद्ध जीएसटी संग्रह 2.09 लाख करोड़ रहा, जो अप्रैल 2024 के शुद्ध संग्रह 1.92 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

## अप्रैल में कोयला उत्पादन में 3.63 प्रतिशत की वृद्धि

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत के कोयला उत्पादन अप्रैल 2025 में पिछले वर्ष की इसी माह की तुलना में 3.63 प्रतिशत ऊंचा रहा। कोयला मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल में कोयल उत्पादन करीब 8.16 करोड़ टन (अनंतिम) रहा



जबकि पिछले वर्ष इस माह उत्पादन 7.87 करोड़ टन था। इस बार अप्रैल में कैप्टिव/अन्य संस्थाओं की खदानों से उत्पादन उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 1.45 करोड़ टन (अनंतिम) रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में करीब 1.15 करोड़ टन था। अप्रैल में कोयले का डिस्पैच 8.66 करोड़ टन रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष इसी माह 8.51 करोड़ टन था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 30 अप्रैल को कोयला कंपनियों के पास कोयले का संरक्षित कोयला भंडार उल्लेखनीय बढ़ोतरी के साथ 12.58 के करीब था जो कि पिछले साल इसी तिथि पर 10.24 करोड़ टन था। इस दौरान सिर्फ कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के पास कुल कोयला स्टॉक 10.5 करोड़ टन था, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 8.66 करोड़ टन से 22.10 प्रतशत ज्यादा है।

# छोटे शहरों की महिला उद्यमी अपने कौशल को निखारकर व्यवसाय बढ़ाने के लिए उत्सुक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत के टियर 2, 3 और छोटे शहरों की महिला उद्यमियों में एक नई ऊर्जा और महत्वाकांक्षा दिखाई दे रही है। वे न केवल डिजिटल रूप से जागरूक हैं, बल्कि अपने व्यवसाय को विस्तार देने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। लेकिन वित्तीय संसाधनों, कारोबारी नेटवर्क और सार्वजनिक पहचान की कमी उनके रास्ते में अब भी बड़ी रुकावट बनी हुई है। टाइड द्वारा जारी भारत वुमन एस्पिरेशन इंडेक्स 2025 के अनुसार, 70 प्रतिशत महिला उद्यमी वित्तीय, विपणन और डिजिटल कौशल को बेहतर बनाकर अपने व्यवसाय को आगे ले जाना चाहती हैं। महिलाएं अब आत्मनिर्भरता की दिशा में गंभीरता से कदम उठा रही हैं। हालांकि, इन आकांक्षाओं के बावजूद, चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 86 प्रतिशत महिलाएं किसी व्यावसायिक नेटवर्क से जुड़ी नहीं हैं, जिससे उन्हें मार्गदर्शन और सहयोग की



बहुत सीमित पहुँच मिलती है। वहीं, 52 प्रतिशत महिलाओं को अब भी ऋण प्राप्त करने के लिए परिवार के पुरुष सदस्य की मदद लेनी पड़ती है। 49 प्रतिशत महिलाओं को यह भी लगता है कि उन्हें सार्वजनिक मंचों और मीडिया में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलता।

टाइड ने गैर-मेट्रो शहरों में 1,300 से अधिक नई और मौजूदा महिला व्यवसाय मालिकों का सर्वे किया। इनकी उम्र 18 से 55 साल के बीच थी। इस अध्ययन में भारत के टियर 2, 3 और उससे छोटे शहरों की महिला उद्यमियों की आकांक्षाओं और चुनौतियों को समझने की कोशिश की गई है, ताकि उनके सामने आने वाले अवसरों और चुनौतियों के बारे में पता लगा सकें।

रिपोर्ट के अनुसार 52 प्रतिशत महिलाएं रिटेल, ई-कॉमर्स, एडटेक जैसे डिजिटल रूप से घरेलू क्षेत्रों में काम करती हैं। केवल 12 प्रतिशत यानी हर 10 में से 1 से थोड़ा अधिक ने डिजिटल कौशल को प्रमुख प्राथमिकता माना जो उद्योग की जरूरतों और आत्मधारणा के बीच असंगति को दर्शाता है। 54 प्रतिशत महिलाओं को लगता है कि वित्तीय संस्थान उन्हें कम विश्वसनीय मानते हैं। 90 प्रतिशत व्यवसायों को जेन ज़ी और मिलेनियल उद्यमी चला रही हैं, जिनमें 83 प्रतिशत टियर 2 और उससे छोटे शहरों से हैं। इससे यह पता चलता है कि छोटे भारतीय शहरों से अधिक महिला उद्यमी सामने आ रही हैं।

## सफलता का आईना हो आपका रिज्यूमे

**नौकरी प्राप्त करने का पहला कदम रिज्यूमे प्रेषित करना होता है। आपका रिज्यूमे आपकी सफलता का आईना हो, जिसमें सब कुछ स्पष्ट दिखे। वह केवल आपकी सफलता ही नहीं, बल्कि आपके कार्य-इतिहास के बारे में भी सब कुछ कहे, ताकि नियोक्ता को कहीं कोई शंका न रह जाए।**

आज के प्रतिस्पर्धा भरे माहौल में आपको दूसरों से अलग बनाती हैं आपकी सफलताएं। यहां हम आपको कुछ टिप्स बता रहे हैं, ताकि आपके रिज्यूमे में आपकी सफलताएं भली-भांति प्रदर्शित हों। जहां प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है, वहां केवल योग्यता और कार्यानुभव के दम पर अच्छी नौकरी पाना आसान नहीं है। ऐसे में आपकी छोटी-बड़ी सफलताएं ही हैं, जो आपको अन्य लोगों से आगे रखती हैं। आप किसी कंपनी के लिए कितने तरीके से लाभदायी सिद्ध हो सकते हैं, इस बात को अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और इसे बताने के लिए जरूरी है कि आपका रिज्यूमे बेहतरीन तरीके से तैयार किया जाए, जो आपको साधारण आवेदक की श्रेणी से विशेष की श्रेणी में पहुंचाएगा।

उत्तरदायित्वों को पेश करें

अपना रिज्यूमे तैयार करने का एक बढ़िया तरीका है कि आप शब्दों का चयन चतुराई से करें। यहां तक कि जब आप अपने कार्य उत्तरदायित्वों की बात करें तो उन्हें ऐसे पेश करें कि वे आपकी सफलताएं नजर आएं। मिसाल के तौर पर..

पहले- उत्तरी क्षेत्र में सेल्स की जिम्मेदारी।

अब- समूचे उत्तरी क्षेत्र के सेल्स प्रमुख।

देखिए कैसे 'जिम्मेदारी' की जगह 'प्रमुख' क्रिया का इस्तेमाल करते ही रिज्यूमे आपकी जो छवि बनाता है, उसमें कितना अंतर दिखाई देने लगा है। अगर एक रिज्यूमे में सिर्फ आपके उत्तरदायित्वों का ही जिक्र होता है तो किसी भी कंपनी को यह बिल्कुल समझ में नहीं आता कि आप असल में करते क्या थे! साथ में उन्हें बमुश्किल ही पता चल पाता है कि आप उनके लिए क्या कर सकते हैं। इस बात का खास ख्याल रखें कि अपनी रोजमर्रा की जिम्मेदारियों को बताने के लिए दमदार क्रिया-शब्दों जैसे लेड, इनीशिएटेड, स्पीयरहेडेड, कंट्रोल्ड, एक्सेलरेटेड, अटेंड, कॉन्सेप्चुलाइज्ड, कंडक्टेड, डिवाइस्ड, डायरेक्टेड, ड्राफ्टेड, एक्जीक्युटेड, एन्हैंस्ड, एस्टेब्लिश्ड आदि का इस्तेमाल करें। इन शब्दों के माध्यम से आपकी छवि एक सक्रिय कर्मचारी की बनेगी और कंपनी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। जब आप यह कहेंगे कि आपको क्या हासिल हुआ, बजाए इसके कि आप क्या संभालते थे तो आपकी छवि एक उत्तरदायी और पहल करने वाले कर्मचारी के रूप में बनेगी, न कि सिर्फ ऐसे व्यक्ति के रूप में, जो केवल दिया हुआ काम ही पूरा करता है।

जिम्मेदारियों के बारे में बताएं

किसी कंपनी को यह बताना भी बेहद महत्वपूर्ण है कि आप अपने काम को कितने अच्छे तरीके से संभालते हैं। इसके लिए भी आपको 'रिस्पॉन्सिबल फॉर' से कुछ अधिक कहना होगा, जैसे..


पहले- कंपनी में एमआईएस इंटरफेस की जिम्मेदारी।

अब- नए मार्केट्स की तलाश और क्लाइंट्स को बेहतर सेवा देने के लिए एमआईएस के साथ तकनीकी तरक्की के लिए कार्य (इंटरफेस)।

पहले जो रिज्यूमे में लिखा गया है, उससे कंपनी के दिमाग में यह बात स्पष्ट नहीं होती कि आप कितने प्रभावी तरीके से अपनी जिम्मेदारी संभाल रहे थे, वहीं दूसरे मामले में 'इंटरफेस' शब्द ने आपको एक सक्रिय आवेदक के रूप में प्रस्तुत किया है। इस तरह किसी भी कार्य के साथ जुड़ने ने यह दिखा दिया है कि आपका इसमें क्या योगदान रहा और यही आपकी सफलता भी है। साथ ही इससे कंपनी को यह भी समझ में आ गया कि भविष्य में आप किस प्रकार से उन्हें योगदान दे सकते हैं। दरअसल हम एक बेसिक रिज्यूमे में अपने संपर्क की जानकारी, अपना उद्देश्य, अपने बारे में जानकारी, कार्यानुभव, अतिरिक्त गतिविधियां और दूसरी जानकारी देने में काफी जल्दबाजी करते हैं। हम अक्सर ऐसी जगह आकर रुक जाते हैं, जहां हमें वास्तव में अपनी वर्तमान कंपनी में अपने योगदान का जिक्र करना चाहिए।

एक दमदार रिज्यूमे का मुख्य तत्व 'प्रमाण' होता है। प्रमाण इस बात का कि आपने रिज्यूमे में जो कुछ भी कहा है, आप उसकी इज्जत रखेंगे - और यह प्रमाण आपके वाइटल स्टेटस में होता है, जिसमें तथ्य व आंकड़े या परिणाम दर्शाने वाले कथन होते हैं। ये सब आपके वर्तमान कार्य को दर्शाते हैं व आपको एक सफल व कार्य करने के इच्छुक कर्मी के रूप में साबित करते हैं।

# मेडिकल रिप्रजेन्टेटिव सदाबहार कॅरिअर



**जैसे-जैसे मल्टी नेशनल कंपनियां भारतीय दवा बाजार में पैर फैला रही हैं वैसे-वैसे हर कंपनी आक्रामक विपणन नीति का सहारा ले रही है। इसके लिए दवा कंपनियां मेडिकल रिप्रिजेंटिव की नियुक्ति करती हैं जो चिकित्सक, दवा कंपनियों और उनके ग्राहकों के बीच की बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है। इनके बिना कोई भी कंपनी अपना व्यवसाय फैला नहीं सकती।**

गला काट प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बाजार में टिके रहने के लिए कंपनियां विपणन नीति का सहारा ले रही हैं। इससे दवा कंपनियां भी अछूती नहीं हैं। भूमंडलीकरण ने इस प्रतिस्पर्धा को और बढ़ा दिया है। जैसे-जैसे मल्टी नेशनल कंपनियां भारतीय दवा बाजार में पैर फैला रही हैं वैसे-वैसे हर कंपनी आक्रामक विपणन नीति का सहारा ले रही है। इसके लिए दवा कंपनियां मेडिकल रिप्रिजेंटिव की नियुक्ति करती हैं जो चिकित्सक, दवा कंपनियों और उनके ग्राहकों के बीच की बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है। इनके बिना कोई भी कंपनी अपना व्यवसाय फैला नहीं सकती। लिहाजा इस क्षेत्र में भी रोजगार के बेहतर अवसर खुल रहे हैं।

मेडिकल रिप्रिजेंटिव के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के इच्छुक अभ्यार्थी को विज्ञान स्नातक होना आवश्यक है। लेकिन फार्मेसी में डिग्री और डिप्लोमाधारी अभ्यर्थी को सभी दवा कंपनी प्राथमिकता देती हैं। हालांकि इस क्षेत्र में सफलता हासिल करने के लिए डिग्री से ज्यादा धैर्य, लगन तथा वाकपटुता की जरूरत होती है। इसके साथ ही आकर्षक व्यक्तित्व, बातचीत से दूसरे को प्रभावित करने की क्षमता और सकारात्मक सोच का होना भी जरूरी है।

एक मेडिकल रिप्रिजेंटिव यानी एमआर का काम मेडिकल व्यवसाय से जुड़े, व्यवसायियों, चिकित्सकों से संपर्क कर अपनी कंपनी द्वारा उत्पादित दवाओं की गुणवत्ता बताना होता है। उन्हें इस तरह समझाना होता है कि चिकित्सक रोगियों को उन्हीं की कंपनी की दवा लिखे। एक एमआर को अपनी कंपनी की उत्पादित तमाम दवाओं की जानकारी रखना होता है और चिकित्सकों और व्यवसायियों को बताना होता है। यानी वह कंपनी और व्यवसायियों के बीच एक पुल का काम करता है। एक तरह से उसके कंधे पर कंपनी की सफलता की पूरा दारोमदार टिका हुआ है।

एक एमआर को वेतन उसकी योग्यता और कंपनी के स्तर के आधार पर मिलता है। शुरुआत में एक एमआर को 5 से लेकर 15 हजार रुपए तक मिलते हैं। इसके अलावा वाहन, यात्रा भत्ता, हाउसिंग और सुविधाएं अलग से मिलती हैं। देश के कई संस्थानों में मेडिकल प्रशिक्षण और फार्मा मार्केटिंग मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ फार्मेसी और डिप्लोमा इन फॉर्मेसी के कोर्स कराए जाते हैं। इनमें से कुछ प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं-


- हमदर्द कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मदनगीर, दिल्ली।
- कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी, पुष्प विहार, महरौली, दिल्ली।
- महिला पॉलीटेक्निक, महारानीबाग, नई दिल्ली।
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी।
- बॉम्बे कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मुंबई, महाराष्ट्र।
- बिहार कॉलेज ऑफ फार्मेसी, अनिसाबाद, पटना, बिहार।

# जब भटक जाए करियर प्लान

कॉलेज डिग्री के बाद आप कॉर्पोरेट जगत में अपना प्रोफेशनल जीवन शुरू करते हैं। इसके लिए आप इंटरव्यू की तैयारियां भी पूरे मनोयोग से करते हैं, जहां 'आप पांच वर्ष में खुद को कहा देखते हैं?' जैसे प्रश्नों की आप खास तैयारी करते हैं। लेकिन पांच या दस वर्ष बाद आपकी महत्वाकांक्षाएं कितनी पूरी हो पाती हैं? क्या आप अपनी प्रगति से संतुष्ट होते हैं या आपको लगता कि यदि एक और मौका मिले तो आप अपने प्रयास कुछ अलग तरीके से करना चाहेंगे ? जब करियर लक्ष्य पूरे न हों तो निराशा होनी स्वाभाविक होती है; फिर जरूरी हो जाता है कि आप अपनी मौजूदा स्थिति का आकलन करें और करियर ग्राफ को ऊपर ले जाने के लिए भावी योजना की रूपरेखा एक बार फिर तैयार करें।

**निराशा से जूझना** - क्या शुरुआत में वह नौकरी आपके हाथ से निकल गई थी जिसे आप सचमुच प्राप्त करना चाहते थे, और क्या आपका मौजूदा कार्य आपको तरक्की करने के पूरे मौके नहीं दे रहा और क्या कोई नया ऑफर भी आपकी ओर नहीं आ रहा, या फिर कई नौकरियां बदलने के बावजूद आप वहां नहीं पहुंच पा रहे जहां पहुंचने की आपने उम्मीद की थी, और इन सबके अलावा अर्थव्यवस्था का कठिन दौर भी आपके खिलाफ जा रहा है?

कई बार आपके सच्चे प्रयासों के बाद भी परिस्थितियां शुरू से ही आपके विपरीत रहती हैं। फिर भी, यहां यह ध्यान रखना होगा कि आप जो रास्ता पार कर चुके हैं, उस पर आप वापस तो नहीं जा सकते, लेकिन भविष्य की तैयारी अपने अनुसार जरूर कर सकते हैं।



**पुनर्प्रयास** - तो यदि आपको लगता है कि आपके करियर चार्ट में कुछ कमी है तो उसका सही **आकलन करें** - क्या यह वह बुनियादी हुनर है जिसकी कमी से आप बड़ी परियोजनाओं का हिस्सा नहीं बन पा रहे हैं या कोई सॉफ्ट स्किल है जो महत्वपूर्ण कार्य संबंधों को आपसे दूर रख रहा है? इसके बाद, उपरोक्त कमियों को दूर करने के लिए जरूरी प्रशिक्षण के बाद की परिस्थितियों का भी आकलन करें। यह भी जरूरी है कि आप अपने करियर के मौजूदा दौर में प्रशिक्षण की महत्ता को समझों।

**फोकस बदलें** - आपने अपनी सारी ऊर्जा एक ही दिशा में लगा दी थीं, परंतु वह आपके काम नहीं आई। तो अब समय आ गया है कि आप आगे बढ़ें और अन्य दिशाओं में अपने प्रयास शुरू कर दें। इसका मतलब करियर की दिशा में परिवर्तन नहीं होता, बल्कि मौजूदा कार्य के साथ नई जिम्मेदारियां उठाना, जिनमें आपको कुछ नए हुनर सीखने की जरूरत हो। याद रखें कई बार विपरीत परिस्थितियों में नए अवसर छुपे होते हैं; एक अदद निराशा को अपने समूचे करियर को नुकसान न पहुंचाने दें।

**खुद पर भरोसा** - दुविधा के समय अपने निर्णयों पर सवाल करना अक्सर एक प्राकृतिक क्रिया होती है; परंतु जरूरी है कि अपनी सोच और क्षमताओं पर विश्वास डगमगाना नहीं चाहिए। गलत नौकरी या विपरीत परिस्थितियों का शिकार होना ही आपके बारे में नहीं बताता। इसलिए, अपनी जमीन पर जमें रहें।

